सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:55

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.5 न्यू | 18 .0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,566 |
| निफ्टी | 25,416 |

सोना 1,75,340 चांदी 3,79,988

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 | 17 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 33, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### विजय चौक पर हुई बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रायसीना हिल्स पर गणतंत्र दिवस के समापन के प्रतीक 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह में वीरवार शाम तीनों सेनाओं और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड ने मधुर भारतीय धुनें बजाईं। विजय चौक पर दर्शक दीर्घा के समक्ष मनमोहक और जोशीली धुनें प्रस्तुत कर थल सेना, नौसेना, वायु सेना तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड ने लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। राजधानी दिल्ली के दिल विजय चौक पर हर साल होने वाला 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे समारोहों के समापन का प्रतीक माना जाता है। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कई केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी तथा आम नागरिक इस प्रतिष्ठित समारोह के साक्षी रहे। (अनंत ज्ञान)

### आवारा कुत्ते केस: सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को आवारा कुत्तों की नसबंदी और दूसरी जगह शिफ्ट करने के 7 नवंबर के आदेश में बदलाव की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा। कोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार हर दिन सिर्फ 100 आवारा कुत्तों की नसबंदी कर रही है, जो नाकाफी है। कोर्ट ने कहा कि पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु ने कोर्ट के निर्देशों का सही ढंग से पालन नहीं किया है। वहीं, राजस्थान की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि राज्य में नसबंदी केंद्र और शिक्षा संस्थानों के आसपास बाड़ लगाई गई है, लेकिन कोर्ट ने कहा कि राज्य के पास केवल 45 वाहन हैं, जो आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप को हर माह बजट का हिसाब देगा वेनेजुएला

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** वेनेजुएला की अंतरिम सरकार हर महीने अमेरिका को बजट का हिसाब देगी। इसके बदले में अमेरिका उस पैसे को रिलीज करेगा, जो वेनेजुएला के तेल बेचने से मिला है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने यह जानकारी संसद में दी। रुबियो ने बताया कि अभी शुरुआत में यह पैसा जिस खाते में रखा जाएगा, उसे कतर संभालेगा, इसपर डेमोक्रेट सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई। डेमोक्रेट सांसदों ने कहा कि कतर वेनेजुएला से हजारों मील दूर है और यह साफ नहीं है कि यह व्यवस्था कानूनी और पारदर्शी कैसे है। उन्होंने यह भी कहा कि कतर के शासक को राष्ट्रपति ट्रंप का करीबी माना जाता है, इसलिए शक और बढ़ता है। रुबियो ने कहा कि कतर को पैसा भेजना इसलिए जरूरी है, क्योंकि वेनेजुएला पर अमेरिकी प्रतिबंध हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कांगड़ा और कुल्लू को मंत्रीपद देकर संतुलन साधने की तैयारी -पेज 2
- हिमाचल में स्कूलों की पढ़ाई से मिलेगा सीधा रोजगार -पेज 3
- अब जोनल अस्पताल में भी लगेंगे पर्ची के दस रुपए -पेज 5
- जोखिम के साथ जी का जंजाल बना फोरलेन -पेज 9
- फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल हुआ मनाली-केलांग मार्ग -पेज 11


# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

## केंद्र सरकार को नया ड्राफ्ट तैयार करने के दिए निर्देश, देशभर में हो रहा था नियमों का विरोध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने कहा कि इसके प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनका गलत इस्तेमाल हो सकता है।

कोर्ट ने यह टिप्पणी मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान की याचिकाओं पर की, जिनमें आरोप लगाया गया है कि नए नियम जनरल कैटेगरी के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था, इनका देशभर में विरोध हो रहा था।





अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही नियमों का ड्राफ्ट फिर से तैयार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिलहाल 2012 के यूजीसी नियम देशभर में लागू रहेंगे। सुनवाई में कोर्ट ने पूछा कि जब 'भेदभाव' की परिभाषा पहले से सभी तरह के भेदभाव को कवर करती है, तो 'जाति-आधारित भेदभाव' को अलग से परिभाषित करने की

- **मामले में अब 19 मार्च को होगी अगली सुनवाई**
- **तब तक 2012 के यूजीसी नियम ही लागू रहेंगे**

जरूरत क्यों पड़ी? कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि रेगुलेशंस में रैगिंग को क्यों शामिल नहीं किया गया, जबकि यह कैंपस में एक बड़ी समस्या है।

सीजेआई ने कहा कि अनुसूचित जातियों में भी कई लोग अब आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं। हमने अब तक जो जातिविहीन समाज की दिशा में प्रगति की है, क्या हम अब फिर से पीछे जा रहे हैं? अलग-अलग जातियों के लिए अलग हॉस्टल बनाने के प्रस्ताव पर कड़ी आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा कि भगवान के लिए ऐसा मत कीजिए। हम सब साथ रहते थे, आज इंटर-कास्ट मैरिज भी होती हैं। भारत की एकता शैक्षणिक संस्थानों में भी दिखनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगाने के बाद यूपी में 3 दिनों से चल रहा विरोध-प्रदर्शन जश्न में बदल गया। वाराणसी में छात्रों ने रंग-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### क्या है यूजीसी के नए कानून का नाम ?

**यूजीसी** के नए कानून का नाम 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026' है। इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के खिलाफ जातीय भेदभाव रोकने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। नए नियमों के तहत, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने का निर्देश दिया गया। ये टीमें एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि, सामार्न्य जाति के स्टूडेंट्स का आरोप है कि यूजीसी ने जाति आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई है और इससे कॉलेजों में अराजकता पैदा होगी। सामान्य जाति के स्टूडेंट्स का आरोप है कि नए नियमों में सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं। इनसे उनके खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा मिलेगा।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया देश का 'आर्थिक रिपोर्ट कार्ड'

# जीडीपी 7.2% रहने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 29 जनवरी को देश का 'आर्थिक रिपोर्ट कार्ड' यानी इकोनॉमिक सर्वे लोकसभा में पेश किया। इस सर्वे में बताया गया है वित्त वर्ष 2026-2027 में जीडीपी ग्रोथ 6.8% से 7.2% की रेंज में रहने का अनुमान है। इसके अलावा महंगाई, खेती-किसानी की क्या हालत है और क्या आने वाले समय में नई नौकरियां बढ़ेंगी इसकी भी जानकारी सर्वे में दी गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद भवन में पेश किए आर्थिक सर्वेक्षण में बताया कि देश में शहरीकरण बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। देश में शहरी आबादी और उसकी जीडीपी बड़ी तेजी से बढ़ रही है। साल 2015 में देश की 63 फीसदी शहरी क्षेत्र से जुड़ी थी जो 2011 की जनगणना के हिसाब से 31 फीसदी ज्यादा थी। विश्व बैंक के अनुमान के मुताबिक साल 2036 तक शहरों में



- **जीडीपी में शहरों का 70 फीसदी का योगदान**
- **देश में वर्ष 2036 तक शहरों में रहेंगे 60 करोड़ लोग**

60 करोड़ लोग रहेंगे, जो कुल आबादी का 40 फीसदी होगा और जीडीपी में 70 फीसदी योगदान देंगे। अभी भी जीडीपी में शहरों का 70 फीसदी योगदान है। वहीं, शहरों में लोगों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मेट्रो और रैपिड रेल का विकास तेजी से किया जा रहा है। अभी देश के 24 शहरों में 1,036 किलोमीटर मेट्रो और आरआरटीएस नेटवर्क चालू है। सर्वेक्षण में बताया गया कि पिछले दशक में भारत ने तेजी से मेट्रो और आरआरटीएस का विस्तार किया है। पीएम ई-बस सेवा के तहत 10,000 ई-बसें लाई जा रही हैं।

वित्त वर्ष 2025 में 7,293 ई-बसों को मंजूरी दी गई है और इनके लिए डिपो व बिजली ढांचे पर निवेश हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 122.06 लाख मकानों को मंजूरी दी जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### कृषि क्षेत्र में निरंतर वृद्धि

**आर्थिक** सर्वेक्षण 2025-26 ने भारतीय कृषि क्षेत्र की एक सशक्त और लचीली तस्वीर पेश की है। सर्वेक्षण के अनुसार, कृषि क्षेत्र में हो रही निरंतर वृद्धि का मुख्य श्रेय अब केवल पारंपरिक फसलों को नहीं, बल्कि पशुधन, मत्स्य पालन और बागवानी जैसे 'संबद्ध क्षेत्रों' को जाता है। पिछले 5 वर्षों में कृषि और संबद्ध क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही है। महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मत्स्य पालन और जलीय कृषि की दशकीय वृद्धि 8.8 प्रतिशत, पशुधन में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। यह पिछले 9 वर्षों में पशुधन क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) लगभग 195 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, मछली उत्पादन 2014-2025 के बीच उत्पादन में 140 प्रतिशत से अधिक की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई।

# हमीरपुर में बनेगा 11 विशेष विभागों का आधुनिक कैंसर केयर सेंटर : सीएम

## एक ही छत के नीचे मिलेंगी विश्वस्तरीय विशेषज्ञ सुविधाएं

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार की घोषणा करते हुए डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में एक अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार ने इस घातक बीमारी के विरुद्ध एक मजबूत उपचार ढांचा तैयार करने की पहल की है।



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर उच्च स्तरीय देखभाल तक एक ऐसी कड़ी बनाना है, जिससे मरीजों को समय पर जांच और सटीक उपचार मिल सके। इस कैंसर केयर सेंटर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित होने वाले 11 नए विशेषज्ञ विभाग हैं, जो मरीजों को व्यापक चिकित्सा सहायता प्रदान करेंगे। प्रस्तावित केंद्र में मेडिकल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के साथ-साथ न्यूक्लियर मेडिसिन, पेन पैलिएशन, ऑन्को पैथोलॉजी और पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विभाग शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त यहां स्टेम सेल और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन जैसी उन्नत तकनीकें भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। राज्य सरकार का मानना है कि इन विशेष विभागों के माध्यम से कैंसर रोगियों को अब राज्य से बाहर बड़े शहरों की ओर नहीं भटकना पड़ेगा।

- **मरीजों को समय पर मिलेगा उपचार**

### 264 बिस्तरों की क्षमता

**यह** केंद्र कुल 264 बिस्तरों की क्षमता के साथ पूर्णतः कैंसर रोगियों के लिए समर्पित होगा। संस्थान के प्रभावी संचालन हेतु सरकार ने यहां आधुनिक क्लिनिकल लैब, ओपीडी फार्मेसी, इमरजेंसी वार्ड और न्यूक्लियर मेडिसिन जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस संस्थान को चलाने के लिए पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और सहायक कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी, ताकि मरीजों को विश्वस्तरीय सेवा मिल सके और अस्पताल की कार्यक्षमता में कोई कमी न आए।

# विवाह के बाद साथ नहीं रहे तो शादी पंजीकरण औपचारिकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा कि शादी के बाद अगर पति-पत्नी साथ नहीं रह रहे हैं तो शादी की रजिस्ट्रेशन एक औपचारिकता से ज्यादा कुछ भी नहीं है। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस रेनू भटनागर की डिवीजन बेंच ने कहा कि इसका इस्तेमाल एक साल में तलाक लेने से इनकार करने के लिए नहीं किया जा सकता।



हाईकोर्ट एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। महिला ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें शादी की तारीख से एक साल पूरा होने से पहले आपसी सहमति से तलाक के लिए ज्वाइंट याचिका पेश करने की अनुमति खारिज कर दी गई थी। याचिका में कहा गया कि दोनों पक्ष कभी एक दिन भी साथ नहीं रहे, शादी कभी पूरी नहीं हुई और दोनों शादी के तुरंत बाद अपने-अपने माता-पिता के घरों में अलग-अलग रहने लगे। महिला की याचिका पर हाईकोर्ट ने माना कि यह तथ्य कि दोनों कभी साथ नहीं रहे और शादी कभी पूर्ण नहीं हुई, मौजूदा वैवाहिक रिश्ते की नींव पर ही सवाल उठाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# एसआईआर में नियमों का पालन करे चुनाव आयोग: सुप्रीम कोर्ट

## एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में सभी राज्यों में नियमों का सही ढंग से पालन करना चाहिए।

तमिलनाडु में जिन लोगों का नाम स्पेलिंग एरर के चलते काटा गया है, उनकी लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, सब-डिवीजन के तालुका ऑफिस और शहरी इलाकों के वार्ड ऑफिस में लगाई जाए।

उधर, याचिकाकर्ता की तरफ से पेश एडवोकेट प्रशांत भूषण ने दलील दी कि नई वोटर लिस्ट बनाने की कोशिश में महिलाओं के नाम कट रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। गरीब और कमजोर लोगों पर बोझ डाला गया। वोटर को खुद फॉर्म भरने की जिम्मेदारी दी गई है। जो अनपढ़ हैं या प्रवासी हैं वो फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता है।

- **तमिलनाडु में जिन वोटर्स के नाम काटे गए उनकी लिस्ट लगाई जाए**

चुनाव अधिकारी यह कैसे तय कर सकता है कि कोई नागरिक है या नहीं? वे कोई अदालत नहीं है। अगर विवाद हो तो जिरह का मौका मिलना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# सोना एक दिन में 10,705 रुपए बढ़कर 1.75 लाख पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चांदी-सोने के दाम लगातार चौथे दिन अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 29 जनवरी वीरवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,76,121 रुपए पर ओपन हुआ। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में थोड़ी कमी आई और यह 10,705 रुपए बढ़कर 1,75,340 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले सोना बुधवार को 1,64,635 रुपए पर था, वहीं चार कारोबारी दिनों में सोना 21,030 महंगा हो चुका है। 23 जनवरी को ये 1,54,310 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। उधर, एक किलो चांदी की कीमत 21,721 रुपए बढ़कर 3,79,988 रुपए किलो पर पहुंच गई है। चार दिन में चांदी 62,283 रुपए महंगी हुई थी। (अनंत ज्ञान)



- **चांदी के दाम 3,79,988 रुपए प्रति किलो पहुंचे**

# हिमाचल के सेब उद्योग पर संकट

## केंद्र सरकार ने यूरोपियन यूनियन के सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी 20% की

**अनंत ज्ञान**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाने वाला सेब आज एक बड़े संकट की जद में है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए नए व्यापारिक समझौते के तहत सेब पर आयात शुल्क 50 फीसदी से घटाकर महज 20 फीसदी कर दिया गया है। केंद्र सरकार के इस फैसले ने प्रदेश के करीब 2.5 लाख बागवान परिवारों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। बागवानों का मानना है कि विदेशी सेब की आमद से स्थानीय मंडियों में उनकी फसल की मूल्य गिर जाएगा, जिससे 5500 करोड़ रुपए की सेब इंडस्ट्री तबाह हो सकती है।



- **2.5 लाख बागवान परिवारों की चिंताएं बढ़ीं**

जानकारी के अनुसार, राज्य में सेब का उत्पादन भौगोलिक चुनौतियों के कारण पहले ही महंगा है। यहां प्रति हेक्टेयर उत्पादन महज 7-8 टन है, जबकि यूरोपीय देशों और न्यूजीलैंड में आधुनिक तकनीक के कारण यह 60-70 टन तक पहुंचता है। ऐसे में असमान प्रतिस्पर्धा की वजह से हिमाचली बागवानों के लिए अपनी लागत निकालना भी एक मुश्किल हो जाएगा। बागवानों का कहना है कि जहां प्रधानमंत्री ने आयात शुल्क बढ़ाने का वादा किया था, वहीं इसे घटाकर उनके साथ ना-इंसाफी की गई है।

राज्य के लाखों लोगों की अजीविका सेब है। यूरोपीय संघ के 27 देशों से आने वाला सस्ता सेब भारतीय बाजारों पर कब्जा कर सकता है। जब बाजार विदेशी फलों से भर जाएगा, तो स्थानीय सेब की मांग में कमी आएगी। इससे न केवल हिमाचल, बल्कि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के बागवानों की रोजी-रोटी पर भी सीधा प्रहार होगा। यूरोपीय देशों में खेती के आधुनिक तरीकों से पैदावार बहुत ज्यादा है, जिससे उनकी लागत कम आती है। परिवहन, भंडारण और मजदूरी से जुड़े हजारों लोग इस फैसले से प्रभावित होंगे।

### केंद्र सरकार की नीतियों पर सवालिया निशान

**बागवानों** में इस बात को लेकर भारी मलाल है कि 2014 की चुनावी रैलियों में आयात शुल्क को 100 फीसदी तक ले जाने का भरोसा दिलाया गया था। मगर अब हकीकत इसके बिलकुल उलट है। पहले न्यूजीलैंड और अब यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

## तकनीक | रेनफोर्स मैट तकनीक से बांधे जा रहे हिमाचल के पहाड़, रुकेगा पानी का रिसाव

# एनएच-5 पर ड्रेनेज सिस्टम से रुकेगी लैंड स्लाइडिंग

**अनंत ज्ञान**

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नेशनल हाईवे-5 यानी चंडीगढ़-शिमला फोरलेन पर यात्रियों को अब पहाड़ों से होने वाली लैंड स्लाइड की चिंता नहीं रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत परवाणू से कैथलीघाट तक फोरलेन में लैंड स्लाइडिंग रोकने के लिए रेनफोर्स मैट तकनीक से पहाड़ों को बांधने का कार्य अंतिम चरण में है। इस क्रम में कमजोर पहाड़ों पर रेनफोर्स मैट लगाने के साथ पानी रिसाव रोकने को ड्रेनेज सिस्टम भी बनाए जा रहे हैं।

कंडाघाट से कैथलीघाट तक के स्ट्रैच में बरसात के दौरान कई जगह पहाड़ों से पानी का रिसाव होता है, जिससे लैंड स्लाइड और पत्थर गिरने का खतरा रहता है। इसके लिए पहाड़ों के ऊपर पक्की ड्रेन बनाकर इसे पाइपों के सहारे सड़क की ड्रेन में छोड़ा गया है। एनएचएआई की मानें तो बरसात और बारिश के स्थिति में यह तकनीक काफी कारगर साबित होगी। खास बात यह है कि इससे यदि पहाड़ से पत्थर दरकता है, तो वह सड़क तक नहीं आएगा। रेनफोर्स मैट के अंदर ही पत्थर और मलबा रह जाएगा।

### कारगर रही तकनीक

**प्रदेशभर** के नेशनल हाईवे में बरसात के दौरान लगातार पहाड़ों से लैंड स्लाइड कर यातायात बाधित हुआ साथ ही कई जगहों पर जान माल की हानि भी हुई। वहीं, नेशनल हाईवे-5 के परवाणू-शिमला स्ट्रैच में इस बार की बरसात में छुटफुट घटनाओं को छोड़कर पूरे सीजन में कोई बड़ा लैंड स्लाइड नहीं हुआ। इसे रेनफोर्स मैट तकनीक का ही परिणाम माना जा रहा है। पहाड़ों में बरसात के दौरान बढ़ते लैंड स्लाइड को सुरक्षित करने के एनएचएआई अब इस तकनीक को पूरे प्रदेश के सभी नेशनल हाईवे पर अपनाएगा।

- **हाइड्रो स्टिक घास मैश विधि रोकेगी पत्थरों को**



लैंड स्लाइड रोकने को अपनाई रेनफोर्स मैट तकनीक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

### अंतिम चरण में कार्य

**सोलन** से कैथलीघाट तक एनएचएआई की तरफ से लैंड स्लाइड रोकने में रेनफोर्स मैट तकनीक अपनाई गई है। परवाणू से सोलन तक का कार्य पूरा हो चुका है। खासबात है लैंड स्लाइड की दृष्टि से खतरा बनी करीब 50 पहाड़ियों में रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य पूरा हो गया है। लैंड स्लाइड की दृष्टि से अति संवेदनशील चक्की मोड़ पर रेनफोर्स मैट तकनीक को अपनाया गया है। इसी तरह अन्य पहाड़ियों में भी रेनफोर्स मैट लगाने का कार्य किया गया है, जोकि मानसून में कारगर साबित हुआ। कंपनी का दावा है कि आगामी कुछ दिनों में अन्य जगहों पर भी कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

> **परवाणू** से कैथलीघाट फोरलेन में पहाड़ को सुरक्षित करने के लिए रेनफोर्स मैट तकनीक विधि का भी प्रयोग किया जा रहा है। अधिकतर साइटों पर रेनफोर्स मेट भी बिछा दिए गए हैं। मैट से बाहर पत्थर नहीं गिरेंगे। इसके साथ ही बरसाती पानी के बहाव को रोकने को ड्रेनेज सिस्टम सुदृढ़ किया जा रहा है।
>
> **-आनंद कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई शिमला।**

**सियासत** दिल्ली में हुए सियासी मंथन से शिमला तक हलचल तेज, सुक्खू सरकार के कैबिनेट विस्तार पर हाईकमान लगाएगी मुहर

# कांगड़ा और कुल्लू को मंत्रीपद देकर संतुलन साधने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति एकाएक निर्णायक मोड़ पर खड़ी नजर आ रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की दिल्ली यात्रा ने सियासी गलियारों में नई हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस हाईकमान से हुई अहम मुलाकातों के बाद संकेत साफ हैं कि प्रदेश में कैबिनेट विस्तार और संगठनात्मक बदलाव अब ज्यादा दूर नहीं हैं। मंत्रिमंडल में एक पद पहले से खाली है, जबकि एक सीनियर मंत्री को ड्रॉप किए जाने की अटकलें भी तेज हो गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक, यदि एक वरिष्ठ मंत्री को मंत्रिमंडल से हटाया जाता है तो


सुंदर सिंह ठाकुर


आशीष बुटेल


संजय रत्न

**ये हैं दावेदार**

दो नए चेहरों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसे लेकर हाईकमान स्तर पर लंबी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने हाल के दिनों में शिमला में भी फेरबदल के स्पष्ट संकेत दिए थे, जिससे यह माना जा रहा है कि फैसला अब अंतिम चरण में है। मंडी के बाद कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भी मंत्री बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। ज्वालाजी से विधायक संजय रत्न और पालमपुर से विधायक आशीष बुटेल के नाम इस रेस में चर्चा में हैं।

वहीं, कुल्लू जिले से सुंदर सिंह ठाकुर का नाम सबसे आगे माना जा रहा है, क्योंकि सुक्खू कैबिनेट में फिलहाल कुल्लू जिले का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। यदि सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्रिमंडल में जगह मिलती है तो मंडी संसदीय क्षेत्र को एक और मंत्री मिलने की संभावना बनती है।

### संगठन पर भी हाईकमान की नजर

**कैबिनेट** विस्तार के साथ-साथ कांग्रेस संगठन को लेकर भी हाईकमान गंभीर नजर आ रहा है। प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की जरूरत महसूस की जा रही है। लगभग डेढ़ महीने पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी जरूर हुई, लेकिन संगठनात्मक ढांचे को लेकर अब भी कई फैसले लंबित हैं। सीएम और डिप्टी सीएम की दिल्ली बैठक में इस मुद्दे पर भी विस्तार से मंथन हुआ।

### फैसले की घड़ी नजदीक

**राजनीतिक** संकेत यही बता रहे हैं कि हिमाचल की सुक्खू सरकार जल्द बड़ा फैसला ले सकती है। कैबिनेट विस्तार और संगठनात्मक बदलाव, दोनों ही मोर्चों पर तस्वीर अब धीरे-धीरे साफ होती दिख रही है। आने वाले दिनों में शिमला की सियासत में नए चेहरे, नई जिम्मेदारियां और नई रणनीति देखने को मिल सकती है।

# केंद्र सरकार पहाड़ी राज्यों की न करे अनदेखी : रोहित ठाकुर

## कहा, हिमाचल को मिले विशेष बजट, पर्वतीय हालात, सीमित संसाधन व बढ़ती चुनौतियों पर करें गौर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पहाड़ी राज्यों की जमीनी हकीकत को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आगामी केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए अतिरिक्त और विशेष बजट प्रावधान की मांग की है। सचिवालय में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सीमावर्ती और पर्वतीय राज्य होने के कारण हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां देश के मैदानी राज्यों से बिल्कुल अलग हैं। ऐसे में सामान्य बजटीय दृष्टिकोण से हिमाचल के विकास की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकतीं, इसके लिए केंद्र को विशेष संवेदनशीलता दिखानी होगी।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं ने प्रदेश की बुनियादी संरचना को गहरी चोट पहुंचाई है। सड़कों, पुलों, जल योजनाओं और सार्वजनिक परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र से पर्याप्त आर्थिक सहायता मिलना अनिवार्य है। साथ ही सड़क, रेल और हवाई संपर्क को सुदृढ़ किए बिना राज्य के संतुलित विकास की कल्पना अधूरी है, इसलिए कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बजट में शामिल किया जाना चाहिए।

- आपदा पुनर्निर्माण व कनेक्टिविटी के लिए ठोस वित्तीय सहयोग जरूरी
- शिक्षा-स्वास्थ्य, पर्यटन और बागवानी को दें नई ताकत
- आरोप, सेब बागवानों पर पड़ी दोहरी मार, केंद्र की नीतियों पर उठाए सवाल

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल ने सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों को और गति देने के लिए इन विभागों को अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है। उन्होंने पर्यटन और बागवानी को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि यदि इन क्षेत्रों के लिए नई योजनाओं के साथ विशेष वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाए, तो प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है।

### एमआईएस में केंद्र का 50% बजटीय हिस्सा हो बहाल

**सेब** बागवानों के मुद्दे पर रोहित ठाकुर ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर विदेशी सेब के लिए आयात शुल्क लगातार घटाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर देश के सेब उत्पादक राज्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमआईएस में केंद्र के 50 प्रतिशत बजटीय हिस्से को समाप्त करना बागवानों के साथ सीधा अन्याय है।

### सेब को स्पेशल कैटिगरी में शामिल करने की मांग

**शिक्षा** मंत्री ने आगामी बजट में सेब पर आयात शुल्क बढ़ाने, सेब को स्पेशल कैटेगरी में शामिल करने और एमआईएस में केंद्र के 50 प्रतिशत अंश को बहाल करने की पुरजोर मांग करते हुए कहा कि यही कदम हिमाचल के बागवानों और प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वास्तविक संबल दे सकते हैं।

# साई नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अंतरराष्ट्रीय स्तर की मिलेंगी सुविधाएं : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने वीरवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, हमीरपुर में 30 लाख की लागत से बने एक अत्याधुनिक स्पोर्ट्स जिम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में स्थानीय खिलाड़ियों, कोचों तथा खेल प्रेमियों ने हिस्सा लिया और नई सुविधाओं का लाभ लेने की प्रेरणा जताई। अनुराग ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि खेल और व्यायाम युवा पीढ़ी को स्वस्थ, अनुशासित और प्रेरित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित व्यायाम युवाओं को नशा, अपराध और आत्म-विनाशक आदतों से दूर रखता है, साथ ही आत्म-विश्वास, टीम भावना और अनुशासन में वृद्धि करता है।

उन्होंने कहा कि खेल आज केवल शौक नहीं बल्कि एक पेशेवर करियर का विश्वसनीय मार्ग भी है। विश्व मंच पर भारत की पहचान बन चुकी महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने यह उदाहरण प्रस्तुत किया है कि सही प्रशिक्षण, समर्पण और अवसर से कैसे उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है। महिला खिलाड़ियों ने हाल के वर्षों में विश्व-स्तरीय सफलता दर्ज की है, जिनमें बैडमिंटन, शूटिंग, मुक्केबाजी और कुश्ती की प्रतिभाएं शामिल हैं, ये सभी प्रेरणास्त्रोत हैं कि खेल में करियर बनाना संभव और सम्मानजनक है।


स्पोर्ट्स जिम का उद्घाटन करते अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

गौरतलब है कि साई नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, हमीरपुर को मार्च 2022 में स्थापित किया गया, जिसका उद्देश्य टैलेंटेड युवा खिलाड़ियों को उच्च-स्तरीय कोचिंग, आधुनिक सुविधाएं और खेल-विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इस केंद्र में वर्तमान में 6 खेल विधाओं-एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, जूडो, हॉकी और कुश्ती में अनेकों खिलाड़ियों का प्रशिक्षण चल रहा है और भविष्य में इसे और विस्तारित करके अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स सुविधाएं, ओलंपिक-आकार का स्विमिंग पूल तथा 300-बेड वाला हॉस्टल बनाया जाएगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने पहले भी इस केंद्र की स्थापना और सुविधाओं के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई है, ताकि हमीरपुर को राष्ट्रीय खेल केंद्रों की सूची में एक प्रमुख स्थान मिल सके।

उन्होंने कहा कि एनसीओई सेंटर तक जाने वाली एक्सेस रोड पक्की की जाएगी। क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए टर्फ का निर्माण भूमि अधिग्रहण के बाद किया जाएगा और एनसीओई सेंटर में देर रात तक बेहतर दृश्यता के लिए अतिरिक्त मास्ट लाइट लगाई जाएगी, पहले से ही एक लाइट लगाई जा चुकी है। पूर्व केंद्रीय खेल और युवा मामले मंत्री के रूप में अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यकाल में खेल मंत्रालय के बजट को मजबूत बनाने और खेल आधारभूत संरचना के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया था। उन्होंने भारत में बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत अपने कार्यकाल में लगभग 3,200 करोड़ से अधिक के निवेश का प्रावधान किया, जिसमें स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विस्तार और उन्नयन की दिशा में भी संसाधन प्रावधान शामिल किए गए थे।

इसी रणनीति के तहत साई नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, हमीरपुर में आधुनिक सुविधाओं का निर्माण और विस्तार करना संभव हुआ, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के युवा खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलने के रस्ते प्रशस्त हुए। उद्घाटन के दौरान सांसद ने युवा खिलाड़ियों से यह अपेक्षा जताई कि वे नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिमाचल और भारत का नाम उज्जवल करेंगे। इस अवसर पर दीपक शर्मा जोनल हेड, आईसीआईसीआई फाउंडेशन, राजनेश ठाकुर प्रोजेक्ट मैनेजर, आईसीआईसीआई फाउंडेशन, अजय कुमार डेवलपमेंट ऑफिसर, आईसीआईसीआई फाउंडेशन आदि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की रखी सुदृढ़ आधारशिला : जयराम

अनंत ज्ञान


दिल्ली में नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच हिमाचल प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, आगामी संगठनात्मक गतिविधियों तथा राज्य के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

भेंट के उपरांत जयराम ठाकुर ने संसद में प्रस्तुत केंद्रीय आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में 'विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने वाला एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दस्तावेज बताया। जयराम ठाकुर ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण में दर्शाई गई आर्थिक वृद्धि और वित्तीय संतुलन यह स्पष्ट करता है कि बीते वर्षों में तैयार किया गया नीतिगत ढांचा अब सकारात्मक परिणाम दे रहा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह आर्थिक सर्वेक्षण आगामी केंद्रीय बजट के लिए मजबूत आधार बनेगा और वर्ष 2047 तक भारत को एक समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में जनविश्वास को और दृढ़ करेगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश जलविद्युत, प्राकृतिक खेती और पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने को पूर्णतः सक्षम है।

# केंद्रीय बजट से हिमाचल को बड़ी राहत की उम्मीद : विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने उम्मीद जताई है कि इस बार केंद्रीय बजट में पहाड़ी राज्यों, विशेष तौर पर हिमाचल प्रदेश के हितों की अनदेखी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विकास के कई मानकों पर पहाड़ी राज्यों के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है, ऐसे में राज्य को विशेष श्रेणी का दर्जा पुनः बहाल किया जाना चाहिए। साथ ही औद्योगिक विकास को गति देने और प्रदेश की अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए केंद्रीय बजट में विशेष सहायता का प्रावधान किया जाना जरूरी है।

- पहाड़ी राज्यों के साथ हो न्याय विशेष दर्जे की बहाली की जाए
- आपदा से जूझते प्रदेश को जरूर दिया जाए केंद्रीय सहयोग
- कृषि-बागवानी व अधोसंरचना पर भी दें विशेष पैकेज



विनय कुमार ने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश ने भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान गई और करोड़ों रुपए के निजी व सरकारी जान-माल का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद, केंद्रीय सहायता पर्याप्त रूप से न मिलने के बावजूद, प्रभावित लोगों को हर संभव राहत पहुंचाने का प्रयास किया है। ऐसे हालात में केंद्र की ओर से ठोस आर्थिक सहयोग समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी के चलते हो रहे राजस्व घाटे की भरपाई और 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के कारण प्रदेश पर पड़े आर्थिक बोझ को कम करने के लिए केंद्रीय बजट में हिमाचल को विशेष मदद दी जानी चाहिए।

### बजट में विशेष आर्थिक पैकेज घोषणा की मांग

**विनय** कुमार ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आग्रह किया कि प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए बजट में विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की जाए। साथ ही उन्होंने कृषि और बागवानी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी योजनाओं का ऐलान करने की भी मांग की।

# एसआईआर से लोकतंत्र होगा और मजबूत : बिंदल

## बोले-घुसपैठियों को वोट का अधिकार देश के साथ धोखा

अनंत ज्ञान


सोलन में युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित मानव शृंखला में हिस्सा लेते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल। अनंत ज्ञान

**सोलन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सोलन ने माल रोड पर चुनाव आयोग द्वारा लोकतंत्र की मजबूती के लिए किए जा रहे एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु एक विशाल मानव शृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने यह संदेश दिया कि वोट हमारा मौलिक अधिकार है और लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदान में छिपी हुई है। यह सुनिश्चित करना प्रत्येक नागरिक का लक्ष्य होना चाहिए कि कोई भी जायज व्यक्ति वोट बनने से न छूटे और कोई गलत व्यक्ति वोट न बनवा सके।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि केवल भारतीय नागरिक का ही वोट बनना चाहिए। जो घुसपैठिए भारत के संसाधनों पर डाका डाल रहे हैं, उन्हें वोट का अधिकार देना देश और प्रदेश के साथ अन्याय और धोखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा एसआईआर का विरोध करना उनकी तुष्टीकरण की राजनीति और मानसिकता को उजागर करता है।

बिंदल ने कहा कि 2026 की गणतंत्र दिवस परेड ने दुनिया को हतप्रभ कर दिया। भारत की सामरिक शक्ति और स्वदेशी हथियारों का प्रदर्शन विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहा। उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट देश के आर्थिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हिमाचल प्रदेश को विकास के लिए निरंतर अरबों रुपए की सहायता प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल में सड़क निर्माण हेतु लगभग 2500 करोड़ रुपए उपलब्ध कराकर दूर-दराज क्षेत्रों के लोगों के जीवन को सुगम बनाया गया है। बिंदल ने कहा कि शिमला जिले के ऊपरी क्षेत्रों को चंडीगढ़ और दिल्ली से जोड़ने के लिए छैला से ओच्छघाट सड़क को बेहतरीन बनाने हेतु 200 करोड़ रुपए की मंजूरी मोदी सरकार एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा दी गई है।

कांग्रेस सरकार ने पंचायतीराज चुनावों को लटकाने और भटकाने का काम किया है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद संभवतः अप्रैल माह में चुनाव होंगे। भाजपा का स्पष्ट मत है कि जब तक चुनाव नहीं होते, तब तक वर्तमान में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को ही अधिकृत किया जाना चाहिए। वार्ड पंच, उप-प्रधान, प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य चुनावों तक कंटीन्यू रहें, यही लोकतंत्र के हित में है।

**ऊहापोह** सीएम का गृह जिला, वर्कर्स और अधिकारियों के साथ भी बैठकों का 'सूखा'

# 'प्लेसमेंट' की पशोपेश में फंसा वर्कर, जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक कब होंगे गठित?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सूबे की राजनीति में हमीरपुर जिला भाजपा के राज में भी और कांग्रेस की सरकार के समय भी हमेशा ही अहम बना रहा है, लेकिन विडंबना यह है कि कांग्रेस की सत्ता के समय भी इंतजार हर मोर्चे का जिस अंदाज में पांव पसारे हुए है, वह स्थिति न तो वर्कर्स के गले उतर रही है और न ही पार्टी के ढांचे पर।

पिछले एक साल से जो चल रहा है, इसका एहसास बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द क्यों नहीं गूंज रहा? इसकी चर्चा खूब हो रही है। जिस 'शैली' में राजनीति का यह अंदाज कांग्रेस की भीतरी स्थिति में दिख रहा है, उसमें 'स्टेट ऑफ माइंड' की कमी तो कहीं न कहीं बखूबी नजर आ रही है। 'प्लेसमेंट' के पशोपेश में फंसा वर्कर लंबी इंतजार के टूटने की स्थिति में दिख रहा है। जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक कब गठित होंगे? इस पर अभी भी सन्नाटा छाया हुआ है।

सीएम का गृह जिला है, इसीलिए इसकी चर्चा होना स्वाभाविक है। वर्कर्स और अधिकारियों के साथ भी बैठकों का 'सूखा' कब टूटेगा? इस पर भी भ्रम की स्थिति लगातार बरकरार है।

लंबे इंतजार के बाद जिला अध्यक्ष के रूप में सुमन भारती की तैनाती तो हो गई, लेकिन उसके आगे की कड़ियां और इकाइयां कौन जोड़ेगा? क्या 'बिखराव' वाली वह स्थिति ज्यों की त्यों बरकरार रहेगी? इन सवालों का जवाब कांग्रेस के कुनबे को कब मिलेगा?

### 3 साल बीतने के बाद भी अहम मोड़ पर खड़ा कांग्रेस का कुनबा

**दरअसल,** सत्ता के 3 साल कांग्रेस के बीत गए हैं और उसका कुनबा अब अहम मोड़ पर इस समय खड़ा है। अब जिन वर्कर्स की इंस्टॉलेशन मिलनी है, प्लेसमेंट होनी चाहिए, वे अभी भी ऊहापोह की स्थिति झेल रहे हैं। समर्पण की भावना से काम करने की ललक इसीलिए इसके कुनबे में कमजोर कड़ी बनती जा रही है, लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि नेताओं को इसकी कतई भर भी फिक्र नहीं दिख रही। वे अपनी जोर-आजमाइश के 'भंवर' में ऐसे फंसे हैं, जिसका आभास उन्हें खुद तो है, लेकिन वर्कर्स के लिए वे ऐसी लाइन खींचकर आगे बढ़ रहे हैं, जिसका नुकसान धरातल पर कम होने का नाम नहीं ले रहा। सत्ता के 3 साल हो गए, लेकिन जिला स्तर पर वर्कर्स के साथ बड़े नेताओं की कोई बड़ी बैठक हुई हो, ऐसा याद नहीं आ रहा। जिला के तमाम अधिकारियों की कोई बैठक इस कड़ी में आयोजित हुई हो, इसका भी कोई आभास कभी नहीं हुआ।

# हिमाचल के सेब बागवानों के साथ खड़ी है मोदी सरकार : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की सेब आधारित अर्थव्यवस्था राज्य की जीवनरेखा है और सेब बागवानों के हितों की रक्षा भाजपा और केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

वीरवार को एक बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और किसी भी हाल में उनके हितों से समझौता नहीं होने दिया जाएगा। संदीपनी भारद्वाज ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को लेकर बागवानों में उठ रही चिंताओं पर कहा कि सरकार इन सवालों को गंभीरता से समझ रही है। उन्होंने कहा कि सेब केवल एक फसल नहीं है बल्कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था, रोजगार और लाखों परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार है। ऐसे में यह सरकार की जिम्मेदारी है कि हिमाचली सेब को बाजार में उचित मूल्य और पूरा संरक्षण मिले।

भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि एफटीए का क्रियान्वयन वर्ष 2027 से प्रस्तावित है और सरकार के पास अभी पर्याप्त समय है। इस दौरान बागवानों के हितों की सुरक्षा के लिए जरूरी और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी), गुणवत्ता मानकों, बाजार नियंत्रण और अन्य सुरक्षा प्रावधानों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विदेशी सेब के आयात से हिमाचल के सेब उत्पादकों को किसी तरह का नुकसान न हो।

# डॉ. सिकंदर ने राज्यसभा में गिनाईं सतत पर्यटन और आपदा-रोधी अवसंरचना की योजनाएं

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों मनाली, शिमला और धर्मशाला पर बड़े पैमाने पर पर्यटन से उत्पन्न पर्यावरणीय दबाव के प्रबंधन के संबंध में केंद्र सरकार से जानकारी मांगी। उन्होंने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक स्तर पर प्रचार, आपदा-रोधी पर्यटन अवसंरचना, तथा उभरते पर्यटन स्थलों में डिजिटल अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रस्तावित योजनाओं पर भी स्पष्टीकरण मांगा।

- पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिम्मेदारी : मंत्री शेखावत

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सदन को बताया कि पर्यटन का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों की जिम्मेदारी है, लेकिन केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से वित्तीय और तकनीकी सहयोग प्रदान करती है। उन्होंने विशेष रूप से 'स्वदेश दर्शन 2.0' योजना का उल्लेख किया, जिसे स्थायी और उत्तरदायी पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से पुनर्गठित किया गया है। इस योजना में स्थानीय समुदायों की भागीदारी और सतत पर्यटन के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी गई है। राज्यों को पर्यटन परियोजनाओं में स्थानीय हितधारकों के साथ परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और पर्यटन लाभों को स्थानीय स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थलों पर पर्यावरणीय दबाव कम करने के लिए केंद्र सरकार कम विकसित और वैकल्पिक पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने की पहल कर रही है। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक प्रचार के लिए मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय यात्रा मेलों, रोड शो, मीडिया अभियान, टूर ऑपरेटरों के साथ सहयोग और 'इंडिया इवनिंग' जैसी गतिविधियों का संचालन करता है। आपदा-रोधी पर्यटन अवसंरचना के संदर्भ में, स्वदेश दर्शन 2.0 परियोजनाओं में बेहतर सड़क मार्ग, जल निकासी प्रणालियां, आपातकालीन वाहन सुविधाएं, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, सीसीटीवी, हेलिपैड और सुरक्षा अवसंरचना जैसी सुविधाओं को शामिल किया गया है। डिजिटल अवसंरचना में 'इनक्रेडिबल इंडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म' के नए संस्करण का शुभारंभ किया गया है, जो एआई-संचालित सेवाओं के माध्यम से वास्तविक समय मौसम जानकारी, यात्रा सेवाओं और ऑनलाइन बुकिंग को आसान बनाता है।




## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर में पैर फिसलने से व्यक्ति की मौत

**अंनत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर उपमंडल की ग्राम पंचायत रुणहकोठी के सामरा गांव में एक व्यक्ति की पैर फिसलने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सुफल राम पुत्र ठिणू राम के रूप में हुई है। सुफल राम वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुफल राम रोज की तरह ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सामरा नाले के ऊपर गिल्ड नाले के कोई के पास उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सुफल राम की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद शव को सिविल अस्पताल भरमौर लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### विंटर कार्निवाल के बाद बर्फबारी ने बढ़ाई चमक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में सीजन की ताजा बर्फबारी के साथ ही पर्यटन कारोबार ने नई रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार रात को हुई सीजन की दूसरी बर्फबारी के बाद रिज मैदान और मालरोड सैलानियों की चहल-पहल से पूरी तरह महक उठे हैं। बर्फ से लकदक पहाड़ियों का दीदार करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों, विशेषकर गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और बिहार से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला पहुंच रहे हैं। जाखू की ऊंची पहाड़ियों पर जमी बर्फ के बीच सैलानी जमकर अठखेलियां और मस्ती कर रहे हैं। बर्फबारी के इस दौर ने स्थानीय होटल व्यवसाय, टैक्सी सेवा और हस्तशिल्प बाजार के लिए 'सजीवनी' का काम किया है। होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन के अनुसार, शहर के होटलों में ऑक्युपेंसी अभी से 60 से 70 फीसदी तक पहुंच गई है और आगामी वीकेंड तक इसके 100 फीसदी पूरी तरह पैक होने की प्रबल उम्मीद है। स्थानीय बाजारों में भी ऊनी कपड़ों और हिमाचली हस्तशिल्प की मांग में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे लंबे समय बाद कारोबारियों की अच्छी आमदनी हो रही है। पर्यटन कारोबारियों के लिए यह बर्फबारी 'सफेद सोना' बनकर बरसी है, क्योंकि इससे पर्यटन सीजन लंबा खिंचने की उम्मीद है। रिज मैदान पर बच्चों और बड़ों को बर्फ के ढेरों के बीच मस्ती करते देख स्थानीय व्यवसायी काफी उत्साहित हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में खिली धूप के साथ मौसम साफ रहने की संभावना है, जिससे न केवल सैलानियों को घूमने में आसानी होगी बल्कि पर्यटन गतिविधियों में और अधिक इजाफा होने की भी संभावना है।

# हिमाचल में स्कूलों की पढ़ाई से मिलेगा सीधा रोजगार

## विद्यार्थियों को दिया जा रहा उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों के लिए शिक्षा अब केवल कक्षा और किताबों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि रोजगार और कौशल से सीधे जुड़ने लगी है। इसी दिशा में एक अहम पहल करते हुए प्रदेश के सरकारी स्कूलों में संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और कार्यस्थल आधारित प्रशिक्षण की शुरुआत कर दी गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य वातावरण से जोड़ना और उन्हें भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।

जानकारी के अनुसार पहले चरण में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 457 विद्यार्थियों को तीन दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण के

**◆ 457 विद्यार्थियों ने राज्य से बाहर शुरू की इंटर्नशिप और ऑन द जॉब ट्रेनिंग**

लिए प्रदेश से बाहर भेजा गया है, जिससे उनके कौशल, आत्मविश्वास और कार्य अनुभव में ठोस वृद्धि हो सके।

इस चरण में पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े 221 विद्यार्थियों को चंडीगढ़ स्थित प्रतिष्ठित होटल समूह में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। यहां विद्यार्थियों को होटल उद्योग के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फ्रंट कार्यालय, गृह व्यवस्था, खाद्य एवं पेय प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों को कामकाज की बारीकियों से परिचित कराया जा रहा है। वरिष्ठ प्रबंधकों द्वारा उन्हें यह समझाया जा रहा है कि ग्राहक सेवा, अनुशासन, टीम भावना और समय प्रबंधन जैसे गुण होटल उद्योग में किस प्रकार निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को सेवा क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों और अवसरों को समझने का अवसर मिल रहा है।

वहीं, सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं से जुड़े 236 विद्यार्थियों को मोहाली स्थित प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यस्थल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इन विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी विषयों पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप अपने कौशल को विकसित कर सकें। इस दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी सोच, समस्या समाधान और नवाचार की समझ विकसित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण न केवल उनकी तकनीकी क्षमता को मजबूत कर रहा है, बल्कि उन्हें आगे की पढ़ाई और रोजगार के लिए स्पष्ट दिशा भी दे रहा है।

**कौशल विकास और रोज़गार के लिए मील का पत्थर : डॉ. राजेश शर्मा**



**समग्र** शिक्षा अभियान के निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह पहल व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इससे उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा और वे अपने चुने हुए क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहले चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ही औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। आने वाले समय में अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी देश के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में इसी प्रकार के प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारोन्मुख और आत्मनिर्भर बनाना है।

## नम्होल में बस खाई में गिरी चालक-परिचालक समेत 4 घायल

अनंत ज्ञान



हादसाग्रस्त हुई बस। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नम्होल के समीप देर रात करीब दो बजे एक निजी बस न्यू प्रेम बस सर्विस दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से लगभग 10 फुट नीचे खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त बस में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें चालक, परिचालक और तीन यात्री शामिल थे। हादसे के बाद एक यात्री खाई से स्वयं बाहर निकलकर चला गया, जिसे केवल मामूली सतही चोटें आई थीं।

दुर्घटना में घायल हुए लोगों में नितिन ठाकुर पुत्र रतन चंद, वार्ड नंबर 5 गांव बल्हारा पीरथ मंडी (18 वर्ष), ऋषि पुत्र उधो राम, गांव कुसवार डाकघर मस्याना तहसील सदर जिला हमीरपुर (30 वर्ष), बस चालक महेंद्र सिंह पुत्र स्व. सालो राम, गांव/डाकघर राजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा (58 वर्ष) तथा बस परिचालक संजीवन सिंह पुत्र राय सिंह, गांव/डाकघर भद्रेर तहसील नगरोटा जिला कांगड़ा (52 वर्ष) शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर में भर्ती करवाया गया है। एक यात्री को पीठ और ऊपरी अंगों में चोटें आई हैं, जबकि एक यात्री अर्धचेतन अवस्था में है, हालांकि दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और चिकित्सकीय निगरानी में उपचार जारी है। चालक और परिचालक को भी मामूली चोटें आई हैं।

नागरिक प्रशासन द्वारा घायलों को राशन के माध्यम से फौरी सहायता प्रदान कर दी गई है। वहीं पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और मामले में आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## शिवालिक बाई मेटल कंपनी में लगी आग

अनंत ज्ञान



आग लगने के बाद कंपनी के अंदर से निकलता धुंआ। अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन के बाईपास क्षेत्र में स्थित शिवालिक बाई मेटल कंपनी में बुधवार को देर रात को अचानक आग भड़क गई।

घटना के समय कंपनी में नाइट शिफ्ट चल रही थी और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे। आग लगते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। आग लगने का कारण प्रारंभिक तौर पर बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## हिमपात के बीच निर्बाध जारी रहेगी राशन की आपूर्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जारी भारी बर्फबारी के बीच प्रदेश सरकार ने आम जनता को राहत देते हुए खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। राज्य खाद्यान्न आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल ने वीरवार को शिमला में स्पष्ट किया कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और मौसम की चुनौतियों के बावजूद सभी लाभार्थियों को समय पर राशन उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है ताकि बर्फबारी की वजह से किसी भी घर में खाद्य सामग्री की कमी न हो। डॉ. कत्याल ने बर्फबारी से पैदा हुई तकनीकी समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि कई क्षेत्रों में बिजली और इंटरनेट सेवाएं

**◆ इंटरनेट बाधित होने पर सरकार ने निकाला बैकलॉग का रास्ता, लाभार्थियों को समय पर राशन देने की तैयारी**

अस्थायी रूप से प्रभावित हुई हैं। इसका सीधा असर उचित मूल्य की दुकानों में लगी प्वॉइंट ऑफ सेल मशीनों के संचालन पर पड़ा है, जिससे राशन वितरण में कुछ तकनीकी दिक्कतें पेश आई हैं। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार और खाद्यान्न आयोग ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर समय रहते जरूरी कदम उठाए हैं, ताकि डिजिटल बाधा के कारण किसी भी लाभार्थी को उसके हक के राशन से वंचित न रहना पड़े।

विशेष रणनीतिक कदम उठाते हुए अध्यक्ष ने बताया कि जिन क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित हुई है, वहां 'बैकलॉग वितरण विकल्प' लागू करने की सिफारिश की गई है। इस व्यवस्था के लागू होने से जैसे ही प्रभावित क्षेत्रों में बिजली और इंटरनेट सेवा बहाल होगी, उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन का वितरण फिर से सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। इस विकल्प के आने से लाभार्थियों को पुराने कोटे का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा।

प्रदेश के दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों की स्थिति स्पष्ट करते हुए डॉ. कत्याल ने कहा कि इन इलाकों के लिए सरकार ने पहले ही पुख्ता इंतजाम कर लिए थे। जनजातीय और अधिक बर्फबारी वाले क्षेत्रों में रहने वाले लाभार्थियों को मार्च महीने तक का राशन पहले ही एडवांस में प्रदान कर दिया गया है। फिलहाल सभी उचित मूल्य की दुकानों में राशन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति को लेकर कोई संकट पैदा नहीं होगा।

## 29 ग्राम चिट्टे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला पुलिस की ओर से जिला को नशामुक्त करने के अभियान के तहत आरोपियों को नशे के साथ सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में भुंतर पुलिस की



एक विशेष टीम ने नाकेबंदी और गश्त के दौरान पंजाब के दो युवकों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ 'चिट्टा' (हेरोइन) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम भुंतर-कुल्लू फोरलेन के पास 'बड़ा भूईन' लिंक रोड पर मुस्तैद थी। इसी दौरान टीम ने वहां मौजूद दो संदिग्ध युवकों की तलाशी ली। चेकिंग के दौरान उनके पास से 29 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नशे की इस खेप को जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पकड़े गए गुरवेंद्र (22) पुत्र शमशेर सिंह, निवासी गांव उगराहण (सुनाम) व हरमन सिंह (22) पुत्र तरसेम सिंह, निवासी गांव संगतपुरा (लहरगंगा) पंजाब के संगरूर जिले से हैं। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और घाटी में किसे सप्लाई की जानी थी। युवाओं में नशे के बढ़ते चलन को देखते हुए पुलिस ने गश्त और कड़ी कर दी है ।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मुख्य सचिव ने वित्त सचिव को भेजा वित्तीय अदायगी मामला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय टीजीटी कला ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की लंबित वित्तीय अदायगी करने हेतु प्रदेश मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा था । इस ज्ञापन को मुख्य सचिव ने वित्त सचिव हिमाचल सरकार को आगामी कार्यवाही हेतु भेजा है। यह जानकारी देते हुए संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने बताया कि इस समय कर्मचारियों के छठे वेतन आयोग एरियर के 8555 करोड़ और मंहगाई एरियर के करोड़ों रुपए देना लंबित है।

10 साल में वेतन आयोग का कार्यकाल खत्म हो गया मगर एक भी भत्ता पंजाब तर्ज पर रिवाइज नहीं हुआ है। ऐसे में इस बजट सत्र में महंगाई भत्ता (डीए) देने और लंबित एरियर्स के भुगतान हेतु स्पष्ट फार्मूला तय किया जाए। मासिक किश्तों में ये भुगतान संभव है। पंजाब सरकार ने इसकी स्कीम तय कर दी है,मगर प्रदेश में यह लंबित है। संघ का कहना है कि यदि हर माह एक प्रतिशत डीए देने का नियमित फार्मूला अपनाया जाता, तो भी अब तक कोई डीए लंबित नहीं होता। जनवरी 2016 से छठे वेतन आयोग के एरियर का एकमुश्त भुगतान यदि सरकार नहीं कर सकती, तो सेवारत कर्मचारियों को शेष रहे सेवाकाल में अतिरिक्त वार्षिक इंक्रीमेंट देकर भी यह देनदारी निपटाई जा सकती है।

एक से लेकर तीन इंक्रीमेंट बचे हुए सेवाकाल अनुसार देकर वेतन आयोग एरियर का ब्याज सहित भुगतान संभव है जिसका आर्थिक बोझ एक साथ 8555 करोड़ नहीं पड़ेगा। दस वर्षों में वेतन आयोग एरियर की मूल राशि दोगुने से अधिक हो गई है, ऐसे में बिना ब्याज एरियर देना अनुचित है। सरकार अपने बकाया की वसूली पर ब्याज लेती है, लेकिन कर्मचारियों का पैसा वर्षों बाद भी बिना ब्याज देती है, जो अन्यायपूर्ण है। ऐसे में प्रदेश सरकार वित्त विभाग में एक विशेष कमेटी का गठन करे जो इस लंबित भुगतान को निपटाने के सरल उपाय खोजते हुए भुगतान अगले वित्त सत्र में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## परीक्षा केंद्रों की होगी लाइव मॉनिटरिंग

### नकल करने वालों पर शिक्षा बोर्ड की रहेगी पैनी नजर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड इस वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और नकल मुक्त बनाने के लिए तकनीक का सहारा लेने जा रहा है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि बोर्ड की प्राथमिकता छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था में जनता के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है। मार्च-2026 की परीक्षाओं को निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए बोर्ड ने इस बार बहु-स्तरीय और तकनीक आधारित पुख्ता इंतजाम किए हैं।

बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के अनुसार, इस वर्ष पहली बार बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों की लाइव वीडियो मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जा रही है।

इसके लिए बोर्ड मुख्यालय में एक अत्याधुनिक सर्विलांस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां से अधिकारी सीधे परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखेंगे। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पर तुरंत संज्ञान लेना और परीक्षार्थियों को एक भय-मुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण उपलब्ध कराना है।

**उडऩदस्तों को जीरो टॉलरेंस के निर्देश**

**नकल** जैसी कुप्रथाओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए बोर्ड ने फ्लाइंग स्क्वाड (उड़नदस्तों) की ड्यूटी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया है। प्रशासनिक स्तर पर जिला-स्तरीय अधिकारियों के नेतृत्व में शिक्षा विभाग और बोर्ड स्तर के विशेष दस्तों को तैनात किया गया है। डॉ. शर्मा ने सभी उड़नदस्तों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अनुशासनहीनता के किसी भी मामले में बोर्ड जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगा।

**समय पर उपलब्ध होंगी नई पाठ्य-पुस्तकें**

**आगामी** शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों पर चर्चा करते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप नई और संशोधित पाठ्य-पुस्तकों की छपाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ये पुस्तकें अधिक व्यावहारिक और छात्र-केंद्रित बनाई गई हैं। बोर्ड ने सुनिश्चित किया है कि नए सत्र के शुरू होने से पहले ही सभी विद्यालयों तक पुस्तकों की आपूर्ति समय पर कर दी जाए ताकि छात्रों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

## प्रदेश सरकार ने बजट के लिए आम जनता व हितधारकों से मांगे सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का बजट तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। वित्त विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार एक ऐसा बजट बनाना चाहती है जो जन-केंद्रित हो और जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी दिखे। इसी उद्देश्य से आम जनता, उद्योगपतियों, व्यापारियों और किसान संघों से बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। बजट प्रक्रिया को पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए वित्त विभाग की वेबसाइट पर एक विशेष वेब पोर्टल भी शुरू किया गया है।

यदि आपके पास राज्य के विकास के लिए कोई बेहतरीन विचार है, तो आप 10 फरवरी, 2026 तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव भेजने के लिए आप ई-मेल आईडी का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, लिखित पत्र प्रधान सचिव (वित्त), कमरा नंबर ए-216, आर्म्सडेल भवन, हिमाचल प्रदेश सचिवालय, शिमला के पते पर भी भेजे जा सकते हैं। समय पर मिलने वाले सुझावों को बजट का हिस्सा बनाने पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

सरकार मुख्य रूप से उन सुझावों पर ध्यान दे रही है जिनसे राज्य के संसाधन बढ़ें, खर्चों पर नियंत्रण लगे और आम जनता को मिलने वाली सेवाओं में सुधार हो। इसके साथ ही, गरीबों के कल्याण, जीवन की गुणवत्ता में सुधार, और स्वरोजगार व रोजगार के नए अवसर पैदा करने वाली योजनाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यदि आपके पास कोई ऐसी नई योजना या हस्तक्षेप है जो राज्य की प्रगति में सहायक हो, तो उसे सरकार के साथ साझा करना न भूलें।

## चिट्टा तस्कर नहीं लड़ पाएंगे पंचायत चुनाव

### अनिरुद्ध सिंह बोले-पंचायतीराज अधिनियम में होगा संशोधन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नशामुक्त अभियान को तेज करते हुए सुक्खू सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में 'चिट्टे' (सिंथेटिक ड्रग्स) के कारोबार में संलिप्त लोग अब आगामी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। सरकार इस संबंध में जल्द ही नियमों में संशोधन करने जा रही है ताकि नशे के सौदागरों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर रखा जा सके।



मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार पंचायतीराज अधिनियम में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की तैयारी में है। इसके तहत, जिन लोगों के खिलाफ चिट्टा तस्करी या बिक्री के आपराधिक मामले दर्ज हैं, उन्हें चुनाव के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है, और ऐसे तत्वों को पंचायतों का प्रतिनिधि बनने का कोई नैतिक या कानूनी अधिकार नहीं है।' इस प्रस्ताव को आगामी कैबिनेट बैठक में चर्चा के लिए लाया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार केवल चुनाव लड़ने से रोकने तक ही सीमित नहीं रहेगी। चिट्टे के व्यापार से अर्जित की गई अवैध संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया भी तेज की जाएगी। इसके साथ ही, मंत्री ने खुलासा किया कि सरकार के पास उन कर्मचारियों का भी डेटा है जो नशे के कारोबार में शामिल हैं या स्वयं इसका सेवन करते हैं। ऐसे कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे यह साफ संदेश जाता है कि नशे के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति है।

**पुनर्वास और जन-सहयोग पर जोर**

**मंत्री** ने राज्य विधानसभा द्वारा केंद्र को भेजे गए उस प्रस्ताव का भी जिक्र किया, जिसमें चिट्टे की कम मात्रा (5 ग्राम से कम) को भी गैर-जमानती अपराध बनाने की मांग की गई है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि नशे के खिलाफ इस जंग में सरकार का साथ दें। जहाँ एक तरफ तस्करों पर सख्ती की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकार नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में वापस लाने के लिए भी विशेष कदम उठा रही है।

**मौसम** 135 सड़कें और 214 ट्रांसफार्मर अभी भी ठप, राजधानी में खिली धूप से राहत

## भारी बर्फबारी से जिला शिमला में जनजीवन पटरी से उतरा

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला व आसपास के इलाकों में बीते दिनों हुई भारी बर्फबारी के बाद वीरवार को धूप खिलने से तापमान में मामूली सुधार दर्ज किया गया है। हालांकि, जिला के ऊपरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण जनजीवन अभी भी अस्त-व्यस्त है। प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, जिला शिमला के विभिन्न उपमंडलों में आवाजाही और बुनियादी सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। लोक निर्माण विभाग और बिजली बोर्ड की टीमें बंद पड़ी सड़कों और ट्रांसफार्मरों को बहाल करने के काम में जुटी हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड और पाले के कारण बहाली कार्यों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, जिला में कुल 135 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं। सबसे अधिक प्रभावित रोहड़ू उपमंडल है जहां 75 सड़कें बाधित हैं, जबकि चौपाल में 15, रामपुर में 13 और कुमारसैन में 19 सड़कें बंद पड़ी हैं। बिजली आपूर्ति की बात करें तो पूरे जिले में 214 बिजली ट्रांसफार्मर खराब हैं, जिनमें से अकेले चौपाल में 85, रोहड़ू में 42 और रामपुर में 42 ट्रांसफार्मर बंद होने से कई गांव अंधेरे में डूबे हैं। इसके अलावा जिला की 63 पेयजल योजनाएं भी ठप हैं, जिससे कुपवी और चौपाल जैसे इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है।

राजधानी शिमला के रिज और माल रोड सहित कुफरी और नारकंडा जैसे पर्यटन स्थलों पर बर्फ का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। कुफरी में स्कीइंग का आनंद लेने वालों की भीड़ देखी जा रही है। शिमला शहर में स्थिति सामान्य बनी हुई है और सड़कों पर यातायात सुचारू है, लेकिन जिला प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को फिसलन वाली सड़कों पर सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी है।

विशेष रूप से रात और सुबह के समय पाला जमने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से मशीनों की मदद से सड़कों से बर्फ हटाई जा रही है और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**आगामी चार दिनों के लिए मौसम विभाग का अलर्ट**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक राहत मिलने के आसार कम हैं। ताजा पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण 30 जनवरी से प्रदेश के साथ-साथ शिमला जिला के ऊंचे क्षेत्रों में फिर से बर्फबारी का दौर शुरू हो सकता है। विभाग ने 31 जनवरी से 3 फरवरी तक शिमला सहित मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। 1 फरवरी के लिए बिजली चमकने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा, 30 जनवरी की सुबह और शाम के समय जिले के कई हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की भी चेतावनी दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी का आरोपी गुदासपुर से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस चौकी कंडवाल के अधीन गांव बाडी खड्ड में एक दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। बुधवार रात हेल्पलाइन 112 के माध्यम से चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस चौकी कंडवाल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को पंजाब के जिला गुरदासपुर के एक गांव से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नकदी राशि और दुकान से चुराई गई खाद्य सामग्री बरामद कर ली गई है। आरोपी की पहचान अभिषेक गिल पुत्र विक्रम गिल, निवासी नंगल कोरली, जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने पुष्टि की कि आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 6 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सब इंस्पेक्टर मदन लाल शर्मा सेवानिवृत

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** सब इंस्पेक्टर मदन लाल शर्मा हिमाचल पुलिस में 36 वर्षों की सराहनीय सेवा देने के बाद थाना इंदौरा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर थाना इंदौरा में उनके सहयोगियों की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान प्रेस ट्रस्ट इंदौरा के प्रधान अशोक ठाकुर तथा पूर्व प्रधान रोशन लाल ने उन्हें शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी आशीष पठानिया सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी आशीष पठानिया ने बताया कि मदन लाल शर्मा ने थाना इंदौरा में 18 माह के कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, निष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

### कृषि सहकारी सभा लग का चुनाव 21 को

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** दी कृषि सहकारी सभा समिति लग का चुनाव आगामी 21 फरवरी को संपन्न होगा। इस संबंध में समिति के सचिव केवल कृष्ण ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति प्रबंधन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कराने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतदान प्रक्रिया सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। मतदान के बाद उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। सचिव ने सभी सदस्यों से समय पर मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

### ढलियारा में ग्रामीणों को बताई बैंक योजनाएं

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कागंडा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा नेहरन पुखर द्वारा वीरवार को ग्राम पंचायत ढलियारा में नाबार्ड प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को बचत खाते और उससे जुड़े लाभों की जानकारी दी गई। वरिष्ठ प्रबंधक अमित भारद्वाज व सहायक प्रबंधक सजीव सोहल ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा योजना और जन धन योजना सहित बैंक की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग और धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान राधा देवी, सचिव अश्वनी कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सांबा पंचायत में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सांबा पंचायत के पंचायत कार्यालय कौना में बैंक सखी अनीता देवी और सुषमा गुलेरिया की अध्यक्षता में कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक शाखा गढ़ जमूला की ओर से नाबार्ड वित्त पोषित वित्तीय साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। बैंक प्रबंधक सुनील राणा और सहायक प्रबंधक अनिल कुमार ने स्थानीय लोगों को बैंक की जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वयं सहायता समूह, कृषि व शिक्षा ऋण, ई-केवाईसी और डिजिटल लेनदेन के उपयोग के बारे में जागरूक किया। उपस्थित जनसमूह को नशे से बचाव पर भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर शाखा में एटीएम शुरू करने की घोषणा की गई।

### गुरु रविदास की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर जिला कांगड़ा की फतेहपुर और जवाली विधानसभा क्षेत्र में आस्था और सामाजिक समरसता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। गुरु रविदास महासभा फतेहपुर के तत्वावधान में रविदास मंदिर फतेहपुर से रविदास मंदिर गुगलाडा तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। फूलों से सजे रथ पर गुरु रविदास महाराज के चित्र को विराजमान कर भजन, शबद-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा हुई। संगत ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया और यह यात्रा समाज में समानता, एकता व भाईचारे का संदेश भी लेकर गई।

### पालमपुर कॉलेज के रोवर्स-रेंजर्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के तीन होनहार रोवर्स-रेंजर्स ने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि यह अनुभव उनके जीवन का सबसे यादगार पल रहा। उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क के साथ-साथ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के स्काउट्स एवं गाइड्स के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अनुभव प्राप्त किया। इन रोवर्स-रेंजर्स का चयन दिसंबर 2025 में रिवालसर में आयोजित प्री-आरडीसी चयन शिविर के माध्यम से हुआ था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने टीम को बधाई दी।

### आईटीआई धर्मशाला में कैंपस साक्षात्कार 2 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्राचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, धर्मशाला ने बताया कि उनके संस्थान में 2 फरवरी 2026 (सोमवार) को प्रातः 10 बजे कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। इस साक्षात्कार में बॉन न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड, सोनीपत और कॉन्टिनेंटल कंपनी, गुरुग्राम द्वारा चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। आईटीआई (एनसीवीटी) से प्रशिक्षण प्राप्त 18 से 28 वर्ष के युवक और युवतियां इसमें भाग ले सकते हैं। फूड प्रोडक्शन (जनरल) के 100 पदों के लिए साक्षात्कार होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 18 से 21 हजार रुपये वेतन, ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बोनस और हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 2 फरवरी को आवश्यक दस्तावेज़ और फोटो के साथ उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए 01892-223182 पर संपर्क किया जा सकता

# सरकारी विभागों के 170 करोड़ रुपए के बिजली बिल पड़े पेंडिंग

## अकेले जलशक्ति विभाग के 126 करोड़ रुपए के बिल पेंडिंग

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** विद्युत बोर्ड कांगड़ा जोन के तहत आते कांगड़ा और चंबा जिले में सरकारी विभागों की बिजली बिल पेंडिंसी 170 करोड़ के लगभग है। सरकारी विभागों की ओर से एक से दो माह के अंतराल में बिलों की अदायगी कर दी जाती है।

विद्युत बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2025 तक सरकारी विभागों की बिजली पेंडेंसी 164 करोड़ रुपए थी, जिसमें से 126 करोड़ रुपए की पेंडेंसी जेएसपी विभाग, जबकि अन्य विभागों की 37.9 करोड़ की पेंडेंसी है, जो कि वर्तमान में बढ़कर लगभग 170 करोड़ पहुंच चुकी है। सरकारी विभागों की ओर से समय-समय पर लंबित बिल का भुगतान कर दिया जाता है। जेएसपी विभाग की ओर से भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाती है। जेएसपी विभाग की ओर से 31 मार्च को लंबित पेमेंट क्लीयर करने की बात कही गई है। वहीं, घरेलू उपभोक्ता समय पर बिल न भरें तो उनके टीडीसीओ जारी किए जाते हैं, जिसके बाद घरेलू उपभोक्ता बिल की अदायगी कर देते हैं।

**750 बंद ट्रांसफर किए बहाल:** चंबा जिले के तीसा व भरमौर उपमंडल में विद्युत बोर्ड कांगड़ा जोन को बर्फबारी बारी से भारी नुकसान है। पिछले दिनों हुई बर्फबारी के चलते करीब साढ़े सात सौ के करीब ट्रांसफार्मर बंद हो गए थे, जिन्हें रिस्टोर करने में विद्युत कर्मी जुटे हुए थे। वर्तमान में इन्हें रिस्टोर कर दिया गया है।

### पुरानी की जगह बिछाई जा रही नई लाइनें

विद्युत बोर्ड कांगड़ा जोन के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर के दो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिसमें आरडीएसएस के तहत पुरानी लाइनों को अपग्रेड कर पुरानी की जगह नई लाइनें बिछाई जा रही हैं। इस प्रोजेक्ट पर कांगड़ा, चंबा व ऊना में करीब 400 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है। इसके तहत 33केवी में 13 नए सब-स्टेशन नए बनाए जा रहे हैं, जिनमें 7 जिला कांगड़ा, 2 चंबा और 4 ऊना जिले में बनाए जा रहे हैं। हालांकि, अभी काम धीमी गति से चल रहा है, लेकिन इसे पूरा करने की समय सीमा वर्ष 2027 तक की है, ऐसे में विद्युत बोर्ड का दावा है कि समय रहते प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा।

जिला कांगड़ा और चंबा में दिसंबर 2025 तक सरकारी विभागों की बिल पेंडेंसी 164 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर 170 करोड़ तक पहुंच गई है। बर्फबारी के कारण तीसा और भरमौर उपमंडल में 750 ट्रांसफार्मर बंद हो गए थे, जिन्हें बहाल कर दिया गया है। आरडीएसएस प्रोजेक्ट के तहत जिला कांगड़ा, चंबा और ऊना में 400 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।
**-अजय गौतम, चीफ इंजीनियर विद्युत बोर्ड कांगड़ा जोन**

# चुराह क्षेत्र में बर्फ में फंसे बिहार के इंजीनियरों के लिए देवदूत बने ग्रामीण



बर्फबारी होने से फंस गए थे दो इंजीनियर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** चुराह क्षेत्र की दुर्गम पंचायत टेपा में भारी बर्फबारी ने जनजीवन पूरी तरह ठप कर दिया है। इलाके में करीब 4 फुट रिकॉर्ड बर्फबारी दर्ज की गई है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं और पंचायत का संपर्क बाहरी दुनिया से कट गया है।

इसी बीच बीएसएनएल टावर के कार्य के लिए बिहार से आए दो इंजीनियर बर्फबारी की चपेट में आ गए। हालात इतने तेजी से बिगड़े कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। उनकी गाड़ी देखते ही देखते चार फुट बर्फ के नीचे दब गई और वे टेपा में फंस गए। इस संकट की घड़ी में टेपा पंचायत के ग्रामीण देवदूत बनकर सामने आए। अपनी परेशानियों को दरकिनार करते हुए ग्रामीणों ने दोनों इंजीनियरों को अपने घरों में सुरक्षित ठहराया और उनके खाने-पीने व रहने की पूरी व्यवस्था की। पंचायत टेपा के प्रधान ध्यान सिंह ने बताया कि भारी बर्फबारी के चलते टेपा और देवकोटी पंचायतों का संपर्क पूरी तरह कट चुका है। बीते छह दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है और सड़कें बंद होने के कारण लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं।

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने क्रांतिकारी वीर बनकर दिखाया कौशल



अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सुरजपुर मोहटली में स्कूल के चेयरमैन रणवीर सिंह, सचिव कंवलजीत सिंह व प्रधानाचार्या अनुमीत कौर की अध्यक्षता में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के छात्रों के बीच करवाई गई। इस प्रतियोगिता में 120 छात्रों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने विषय को बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने क्रांतिकारी वीर बनकर बनकर अपना-अपना कौशल दिखाया और सभी को प्रसन्नचित दिया। छात्रों ने अपने शब्दों और प्रतिभा से सबका दिल जीत लिया। छात्रों ने क्रांतिकारी वीरों और भारत ऊपर बहुत ही सुंदर कविताएं और नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या ने सभी बच्चों की सराहना की और उनको ओर अच्छे से मेहनत से से आगे बढ़ने के लिए आर्शीवाद दिया।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी का ड्रॉ अब 7 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सचिव, जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओपी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को प्रस्तावित रेडक्रॉस ड्रॉ आयोजित किया जाना था, लेकिन कुछ अपरिहार्य कारणों के चलते इस वर्ष यह ड्रॉ नहीं निकाला जा सका। उन्होंने बताया कि अब यह ड्रॉ विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# महिला मंडल सशक्त तो परिवार व गांव भी होंगे सशक्त: संजय पराशर

## हलेड़ पंचायत में महिला मंडल को बांटी कुर्सियां, दरियां और बेडशीट्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र की हलेड़ पंचायत में सामाजिक सरोकारों को मजबूती देते हुए कैप्टन संजय पराशर द्वारा महिला मंडल को कुर्सियां, दरियां और बेडशीट्स वितरित की गईं। इससे पूर्व में भी पराशर द्वारा इस पंचायत में महिला मंडल को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाला सामान प्रदान किया गया था। ग्रामीण महिलाओं की आवश्यकताओं को समझते हुए किया गया यह सहयोग भौतिक संसाधनों की उपलब्धता और महिलाओं के आत्मसम्मान, सहभागिता और सामूहिक शक्ति को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्य व पंचायतवासी उपस्थित रहे।



हलेड़ पंचायत में सामान भेंट करते पराशर। अनंत ज्ञान

स्थानीय महिलाओं शोभा देवी, ऊष देवी, यशोद्धा देवी, सुमन लता, शोभा कुमारी व सरला देवी ने कहा कि गांवों में महिला मंडल सामाजिक एकजुटता का मजबूत आधार होते हैं, लेकिन संसाधनों के अभाव में कई बार बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों व सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कुर्सियां, दरियां और बेडशीट्स जैसी बुनियादी सुविधाएं महिला मंडल के दैनिक कार्यों को सुगम बनाएंगी। आत्मनिर्भर तिविधियों को आगे बढ़ाने में मदद करेंगी। पराशर ने कहा कि ग्रामीण समाज की वास्तविक शक्ति महिलाओं में निहित है। जब महिलाएं संगठित होती हैं, तो परिवार और पूरा गांव प्रगति की राह पर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे सहयोग कई बार बड़े बदलाव का कारण बनते हैं। कुर्सियां और दरियां जहां बैठकों के लिए सुविधा प्रदान करेंगी, वहीं बेडशीट्स का उपयोग जरूरतमंद परिवारों, सामुदायिक आयोजनों और आपात स्थितियों में किया जा सकेगा।

## कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** कांगड़ा जिले में पुलिस अधिकारी पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस नूरपुर के तहत पुलिस थाना फतेहपुर क्षेत्र में 112 पुलिस हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान पुलिस अधिकारी पर जानलेवा हमला किया था। 25 जनवरी की रात को 112 पुलिस हेल्पलाइन पर महिला इंद्र बाला, निवासी तुहाड़ पंचायत (हटली) ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका पति उसके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस के जांच अधिकारी एएसआई इंद्र सिंह पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान अचानक शिकायतकर्ता महिला का पति बुद्धि सिंह मौके पर पहुंचा और उसने जांच अधिकारी एएसआई इंद्र सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने कुछ समय बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

# पीएचसी मेल और चुहण के भवन का जल्द शुरू होगा निर्माण कार्यः कुलदीप

अनंत ज्ञान

**चंबा, (चुवाड़ी)।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुन्ता में अमेरीकेयर इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में संस्थान को लगभग 8 लाख ुवण मूल्य के स्वास्थ्य उपकरण भेंट किए। उन्होंने फाउंडेशन के इस सराहनीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य केंद्र भवन की आधारभूत संरचना में सुधार का कार्य भी किया जा रहा है। पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न श्रेणियों में नई नियुक्तियां दी जाएंगी। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समोट में 21 करोड़ रुपए की लागत से 50 बिस्तरों वाले अतिरिक्त भवन निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेल और चुहण के भवन निर्माण और क्षेत्र में 24×7 स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का भरोसा भी दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने स्वागत किया और क्षेत्र में चल रहे स्वास्थ्य कार्यों की जानकारी साझा की। सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम, तहसीलदार, खंड चिकित्सा अधिकारी, फाउंडेशन के प्रभारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने हिमालयन पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में सिविल कोर्ट, वन मंडल कार्यालय तथा विद्युत बोर्ड का मंडल कार्यालय खोला जाना प्रस्तावित है। इन कार्यालयों के खुलने से क्षेत्रवासियों को आवश्यक सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। कुलदीप पठानिया ने हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी (सीसे) स्कूल चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए यह बात कही। उन्हेंने कहा कि भटियात क्षेत्र में गत 40 वर्षों में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सुविधा और अन्य आधारभूत ढांचे के विकास में कांग्रेस सरकारों का विशेष योगदान रहा है। पठानिया ने कहा कि नागरिक चिकित्सालय चुवाड़ी में पिछले तीन वर्षों से चिकित्सा अधिकारियों के सभी पद भरे जा चुके हैं। इसी तरह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुवाड़ी तथा सिहुंता महाविद्यालय में सभी पदों पर प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रदेश सरकार की जनहितैषी एवं दूरदर्शी नीति को प्रदर्शित करती है।

## चंबा चर्च गेट के पास भीमकाय पेड़ गिरा, कई दुकानों को नुकसान

**अनंत ज्ञान, चंबा। चंबा।** चर्च गेट के समीप वीरवार सुबह साढ़े पांच बजे एक भीमकाय पेड़ गिरने से एक दुकान की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि पास की तीन-चार अन्य दुकानों को भी नुकसान पहुंचा। सौभाग्य रहा कि यह हादसा उस समय हुआ जब मार्ग पर आम लोग या मेडिकल कॉलेज जाने वाले मरीजों के परिजन मौजूद नहीं थे। चर्च गेट क्षेत्र चंबा का अत्यंत व्यस्त इलाका है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं।

दुकानदारों ने बताया कि जर्जर पेड़ों की छंटाई के लिए कई बार नगरपालिका से गुहार लगाई गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पेड़ गिरने से छत के साथ पानी की टंकी भी टूट गई, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। पीड़ित दुकानदारों ने जिला प्रशासन और नगरपालिका से खतरनाक पेड़ों की शीघ्र कटाई या छंटाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके।

### यशपाल को साहसिक योगदान के लिए नवाजा

**राहुल सहगल, चंबा।** 24 अगस्त की मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के दौरान कल्सुई गांव के समाजसेवी यशपाल (लक्की ठाकुर) ने असाधारण साहस और निस्वार्थ भावना का परिचय दिया। जब सड़कें बह चुकी थीं, मोबाइल नेटवर्क बंद था और हजारों श्रद्धालु फंसे हुए थे, तब उन्होंने जान जोखिम में डालकर पैदल सफर किया, मेडिकल स्टोर से जीवनरक्षक दवाइयां लाकर घायल लोगों तक पहुंचाईं। फंसे हुए लोगों के लिए भोजन, सुरक्षित ठहराव और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की। लगातार 15-16 दिन तक उन्होंने दिन-रात सेवा जारी रखी। उनके इस साहसिक और मानवतापूर्ण प्रयास को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया।

### चंबा में युवाओं के लिए हॉकी प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्थानीय राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस प्रशिक्षित कोच साहिल ने पुलिस ग्राउंड, बरगाह में युवाओं के लिए निःशुल्क दैनिक हॉकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इसमें जिला मुख्यालय और आसपास के गाँव काकडोल, उटीप, ककियां, राजपुरा एवं सरौल से 30 युवा भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य युवाओं को पारंपरिक हॉकी से जोड़ना और उन्हें नशों से दूर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कोच साहिल ने इंटर-यूनिवर्सिटी एवं राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेला है और एनआईएस डिप्लोमा प्राप्त किया है। इस पहल को स्थानीय खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने सराहा।

### चंबा पुलिस ने किया चरस तस्करी का आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस थाना सदर चंबा में अभियोग संख्या 22/26 के अंतर्गत मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 व 25 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान मोहम्मद दीन निवासी छलोग को काबू कर उसके कब्जे से 109 ग्राम चरस बरामद की। दूसरे मामले में पुलिस थाना सदर चंबा में मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता उमर दीन निवासी बडोह ने शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह चंबा की ओर जा रहा था, तो रुस्तम तथा एक अन्य व्यक्ति ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बर्फबारी से कई वाहन फंसे, मार्ग की बहाली के प्रयास

**अनंत ज्ञान, सलूणी।सलूणी।** उपमंडल सलूणी के कंधवारा-भड़ेला सड़क पिछले छह दिनों से भारी बर्फबारी के कारण बंद था, जिससे ग्रामीणों को सलूणी और चंबा तक पैदल चलकर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। लोक निर्माण विभाग ने राहत की खबर देते हुए बताया कि मार्ग को यातायात के लिए बहाल करने का प्रयास तेजी से जारी है। विभाग ने मशीनरी और मजदूरों को तैनात किया है। लगभग तीन किलोमीटर सड़क का बहाली शेष है। दूसरी ओर अंदवास-भड़ेला मार्ग की बहाली के लिए भी मशीनें लगाई गई हैं। मौसम अनुकूल रहने पर यातायात शीघ्र बहाल होगा। लोक निर्माण विभाग सलूणी अनुभाग डियूर के जेई अजय कुमार ने बताया कि मार्ग बहाली के लिए मशीनरी और मजदूरों को तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लगभग तीन किलोमीटर सड़क का हिस्सा अभी बहाल होना शेष है, जिसे आज शाम तक खोलने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

### 28 नए पात्र बच्चों को लाभान्वित करने की स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के तहत प्रायोजन एवं पालन-पोषण देखभाल जिला अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सुख आश्रय और सुख शिक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। डीसी ने 28 नए पात्र बच्चों को योजना के तहत लाभ प्रदान करने की स्वीकृति दी और अधिकारियों को सभी पात्र बच्चों की पहचान व दस्तावेज़ सत्यापन समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड स्तर पर सत्यापन, बाल आश्रमों में संसाधन उपलब्ध कराना और संवेदनशील मामलों में समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया। बैठक में पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाल कल्याण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### चंबा में नशीले पदार्थों के साथ दो हिरासत में

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के हेलिपैड के पास ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिए एक बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में ड्रग इंस्पेक्टर लवली ठाकुर और एसआईयू टीम के इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह की अगुवाई रही। टीम ने 100 प्रेगाबेलिन 50 और पेंटाडोल टैबलेट्स के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 17 वर्षीय मोहित कुमार, जबकि 30 वर्षीय भार्गव के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह की तस्करी पर कड़ी नजर रखने का दावा किया है।

# आशीष बुटेल ने पंचायत नैण और चंदपुर में किए उद्घाटन



सामुदायिक भवन लहंगा का उद्घाटन करते आशीष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पालमपुर। पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष बुटेल ने पंचायत नैण और चंदपुर का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 15 लाख रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिसमें 10 लाख रुपए लागत से निर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र नैण और 5 लाख रुपए लागत से तैयार सामुदायिक भवन लहंगा शामिल हैं।

विधायक ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में नैण पंचायत में अब तक लगभग ढाई करोड़ रुपए विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए कहा कि कण्डवाड़ी में राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है, जो क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा सुविधाएं प्रदान करेगा। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए उन्होंने नैण और चंदपुर की 8-8 महिला मंडलों को 20-20 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने कमलोटा में फुट ब्रिज के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति की भी घोषणा की। इस दौरान वूल फेडरेशन निदेशक मंडल के सदस्य त्रिलोक चंद, विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**आफत** बर्फबारी बनी मुसीबत, विभाग ने मार्ग को बहाल करने के लिए नहीं भेजी जेसीबी

# सामरा में पीठ पर उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया मरीज

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर उपमंडल की ग्राम पंचायत रुणहकोठी के अंतर्गत सारणी-आंद्रेड़ मार्ग पर भारी बर्फबारी के कारण वीरवार को सामरा गांव से एक मरीज को सड़क बंद होने के चलते ग्रामीणों ने 6 से 8 किलोमीटर तक पीठ पर उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। इसके बाद मरीज को छोटी गाड़ी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज चंबा इलाज के लिए भेजा गया। इस पूरी घटना का वीडियो ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर भी अपलोड किया है, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बर्फबारी के काफी समय बीत जाने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा मार्ग बहाल करने के लिए जेसीबी मशीन नहीं भेजी गई, जिससे यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई। सड़क पर जमी मोटी बर्फ के कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई थी और किसी भी प्रकार की एंबुलेंस या वाहन गांव तक नहीं पहुंच सका। मजबूरी में ग्रामीणों को जोखिम उठाते हुए मरीज को पैदल ही बर्फीले और फिसलन भरे रास्ते से ले जाना पड़ा। गौरतलब है कि भरमौर उपमंडल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हाल ही में हुई भारी बर्फबारी के चलते अधिकांश संपर्क मार्ग बंद पड़े हैं। इससे न केवल रोजमर्रा की जरूरतों का सामान लाने-ले जाने में कठिनाई हो रही है, बल्कि बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाना भी बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों को हर आपात स्थिति में जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों में विभागीय लापरवाही को लेकर भारी रोष है। उनका कहना है कि यदि समय रहते बर्फ हटाने का कार्य किया जाता तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सारणी-आंद्रेड़ मार्ग को बहाल किया जाए और भविष्य में ऐसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए पुख्ता व्यवस्था की जाए, ताकि किसी की जान जोखिम में न पड़े।



मरीज को उठाकर मुख्य मार्ग तक ले जाते लोग। अनंत ज्ञान

# अब जोनल अस्पताल में भी लगेंगे पर्ची के दस रुपए

## डेढ़ सौ के बजाय अब ढाई सौ में होगा अल्ट्रासाउंड, कुछेक ब्लड टेस्ट के रेट में बीस फीसदी की वृद्धि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अब जोनल अस्पताल धर्मशाला में भी पर्ची बनाने के 10 रुपए लगेंगे। मरीज ऑनलाइन व ऑफलाइन पेमेंट कर सकेंगे। अब तक धर्मशाला में आरकेएस बैठक न होने से पर्ची की राज्य गवर्निंग बॉडी की नोटिफिकेशन के तहत नई व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई थी।

इसके अलावा अल्ट्रासाउंड के 150 से एक सौ रुपए बढ़ाकर 250 कर दिए गए हैं, जबकि ईसीजी के 40 से बढ़ाकर अब 50 रुपए लिए जाएंगे। अस्पताल की लैब में होने वाले खून के कुछेक टेस्टों में 20 फीसदी बढ़ोतरी भी की गई है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में अस्पताल में कुल आय का लक्ष्य तीन करोड़ 70 हजार 90 लाख रखा गया है, जबकि कुल संभावित खर्च चार करोड़ आठ लाख 80 हजार रुपए रहने की उम्मीद है। वहीं, मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक करोड़ 59 लाख 52 हजार की आय के बदले में दो करोड़ 59 लाख 50 हजार रुपए का खर्च किया गया है। बैठक में आरकेएस कर्मियों के वेतन में 20 फीसदी बढ़ोतरी की गई है। क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने को दर्जनों कार्य किए जाने के प्रस्ताव पास किए गए हैं। जिसमें नेत्र रोग विभाग के ऑपरेशन थियेटर को नया आईओटी टेबल को तीन लाख 50 हजार व फिजियोथैरेपी यूनिट के लिए दो लाख का बजट को स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों से उचित व्यवहार करने के सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जोनल अस्पताल धर्मशाला में रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक वीरवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता कृषि मंत्री प्रो. चौधरी चंद्र कुमार ने की, जबकि अतिरिक्त उपायुक्त एडीसी विनय कुमार उपाध्यक्ष रहे। बैठक का संचालन एमएस डॉ. अनुराधा शर्मा ने किया। बैठक में चिकित्सीय सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न मशीनरी और उपकरणों की खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई। फिजियोथेरेपी ओपीडी में नए कॉम्बिनेशन थेरेपी यूनिट की स्थापना हेतु दो लाख रुपये, आई विभाग में ऑपरेशन टेबल हेतु तीन लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। मनोरोग विभाग, डेंटल और नेत्र अनुभाग के लिए आवश्यक उपकरणों की भी खरीद को मंजूरी दी गई। पीडब्ल्यूडी और बीडीओ को निर्देश दिए गए कि स्वीकृत कार्य शीघ्र पूरा किए जाएँ। साथ ही पर्ची शुल्क लागू करने के निर्देश भी तुरंत लागू करने की स्वीकृति दी गई। सभी प्रस्तावों को गवर्निंग बॉडी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।



रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते चंद्र कुमार। अनंत ज्ञान

### मरीजों से गलत व्यवहार नहीं होगा बर्दाश्त

**प्रो.** चौधरी चंद्र कुमार ने डॉक्टरों, नर्सों और सभी अस्पताल स्टाफ को मरीजों के साथ उचित व्यवहार के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में गलत व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए और कार्य लटकाने पर कड़ी कार्रवाई का एलान किया। उन्होंने अल्ट्रासाउंड जैसी सेवाओं में अब केवल एक सप्ताह का समय सुनिश्चित करने और इमरजेंसी मामलों को तुरंत पूरा करने पर जोर दिया।

### मेडिकल ऑफिसर्स को जल्द डीए जारी करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन, जिला कांगड़ा के अध्यक्ष कैप्टन (डॉ.) उदय सिंह और कोषाध्यक्ष डॉ. सुनील भट्ट ने कृषि मंत्री प्रो. चौधरी चंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चिकित्सा अधिकारियों के कैडर संबंधी मुद्दों को उठाते हुए प्रमुख मांगों में महंगाई भत्ता (डीए) की शीघ्र निर्गमन, जॉब ट्रेनी पॉलिसी में संशोधन और नॉन प्रैक्टिस अलाउंस (एनपीए) को ज्वाइनिंग डेट से बहाल करने की बात शामिल थी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी और अत्यधिक कार्यभार का मुद्दा भी उठाया गया। एसोसिएशन ने कहा कि जब तक नए डॉक्टर नियुक्त नहीं होंगे, नाइट ड्यूटी को रोका जाना चाहिए। कृषि मंत्री ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र कदम नहीं उठाती, तो आगे रणनीति तैयार की जाएगी।

- **जॉब ट्रेनी पॉलिसी नेशनल मेडिकल कमीशन के नियमों के विपरीत**
- **एचएमओए जिला कांगड़ा इकाई ने कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

### पैराग्लाइडिंग पायलटों के साथ पर्यटकों की भी होगी इंश्योरेंस

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बिलिंग में पैराग्लाइडिंग को सुचारु रूप से चलाने के लिए पायलट के साथ-साथ पर्यटक की भी इंश्योरेंस अनिवार्य करने के बारे में निर्णय लिया गया । इस संबंध में बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रधान देशराज की अध्यक्षता में होटल आपास में संपन्न हुई । बैठक की जानकारी देते हुए बिलिंग पैराग्लाइडिंग कम्युनिटी एसोसिएशन के प्रवक्ता ज्योति प्रकाश ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि बिलिंग पैराग्लाइडिंग कम्युनिटी एसोसिएशन 5 फरवरी से एक काउंटर स्थापित करेगी और यहीं पर पर्यटक की 25 लाख की विभिन्न प्रकार के इंश्योरेंस साथ-साथ साडा का निर्धारित शुल्क भी वसूला जाएगा और सरकार द्वारा निर्धारित 3000 शुल्क के साथ-साथ साडा का शुल्क 75 रुपए और डेढ़ सौ रुपए इंश्योरेंस के साथ 3225 रुपए प्रत्येक उड़ान के वसूले जाएंगे। बैठक में बिलिंग पैराग्लाइडिंग कम्युनिटी संगठन के समस्त ऑपरेटरों ने भाग लिया इस बैठक में अंकित सूद विजय कुमार,अनिल अमित कुमार मनोज,सतीश कुमार प्रवीण अमित कुमार मंजीत सिंह हरदेव कुलदीप कुमार अंकुश राणा अरविंद पाल चमेल दास सहित कई पायलट भी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम ने किया नशा निवारण केंद्र का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, गगल ।** नशा निवारण केंद्र अचीवर हब फाउंडेशन का एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, डीएसपी कांगड़ा और वीएमओ तियारा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र की कार्यप्रणाली, सेवाओं और उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन करना था। केंद्र में नशे की लत से मुक्ति पाने वाले युवाओं के लिए योग, खेल और कौशल विकास जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। अधिकारियों ने केंद्र की व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लिया। यह निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि नशे के खिलाफ सरकार और प्रशासन की लड़ाई प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रही है और युवाओं को आवश्यक सहायता मिल रही है।

### 36,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत चरान खड्ड क्षेत्र में अमनदीप बैंस निवासी गांव बौहड़-क्वालू तहसील के पास से 36,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है । एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### गोली लगने से सांभर की मौत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना भवारना के तहत अज्ञात के एक सांभर को मारने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार डूहक में किसी अज्ञात व्यक्ति ने वन्य जीव सांभर को गोली मारकर मार दिया। इस सन्दर्भ में अभियोग जेर धारा 51 वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### चनौर में पहली को बनाई जाएगी गुरु रविदास जयंती

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** श्री गुरु रविदास ग्राम सुधार सभा चनौर की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती 1 फरवरी को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाने का ऐलान किया गया है। सभा के अध्यक्ष रमेश चंद् ने बताया कि इस पावन अवसर पर गांव में भजन-कीर्तन, सत्संग, प्रवचन और सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभा के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित सभी ग्रामवासियों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन समता, मानवता, सामाजिक न्याय और भाईचारे का संदेश देता है। यह जयंती केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सौहार्द को मजबूत करने का अवसर है।

### दुकान से 4,500 मिलीलीटर शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत दुकान से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बैजनाथ की टीम जब गश्त पर थी तो फटाहर में जीत राम निवासी गांव व डाकघर फटाहर की दुकान से 4,500 मिलिलीटर देशी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस थाना बैजनाथ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया है । एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

### कंदराल में मनरेगा बचाओ संग्राम बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कंदराल में मनरेगा कार्डधारक महिलाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व पूर्व एसी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने किया। इसमें भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर करने और इसे बंद करने की कथित साजिश पर चर्चा हुई। महिलाओं के सुझाव और समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। रविंद्र बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजदूरों के न्याय, सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

### पपाहन में गुरु रविदास का प्रकाशोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पपाहन गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास का प्रकाशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शोभायात्रा और विशेष शब्द कीर्तन में संगत ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डेरा स्वामी जगत गिरी आश्रम के स्वामी जगत गिरी जी महाराज ने मानवता, समानता और प्रेम का संदेश देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन लंगर प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



### भनाला में चला विशेष सफाई अभियान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** स्वच्छता दिवस 2026 के अवसर पर एटीसी शाहपुर और बीडीओ कार्यालय शाहपुर द्वारा भनाला गांव में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान में गांव के तालाब और आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। राजकीय उच्च विद्यालय भनाला के छात्र, अध्यापकगण, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एटीसी की डॉ. सुनंदा पठानिया ने बच्चों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और कहा कि जल स्रोतों की स्वच्छता स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। अभियान का सफल संचालन स्थानीय प्रशासन और विद्यालय की टीम ने सुनिश्चित किया।

### सकड़ी स्कूल की वैष्णवी का शानदार प्रदर्शन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी की एनएसएस स्वयंसेवी वैष्णवी ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड़ में भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। परेड़ शिविर 18 जनवरी से 27 जनवरी तक रिज मैदान शिमला में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 100 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। मुख्य परेड़ में पूरे प्रदेश से लगभग 70 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। 29 जनवरी को वैष्णवी के विद्यालय आगमन पर प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार आचार्य, एनएसएस अधिकारी भूपेंद्र सिंह और अन्य शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने वैष्णवी की उपलब्धि की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### संस्कृत विवि में नाटक महोत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी की एनएसएस स्वयंसेवी वैष्णवी ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड़ 2026 में भाग लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन किया। परेड़ शिविर 18 जनवरी से 27 जनवरी तक रिज मैदान शिमला में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 100 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। मुख्य परेड़ में पूरे प्रदेश से लगभग 70 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। 29 जनवरी को वैष्णवी के विद्यालय आगमन पर प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार आचार्य, एनएसएस अधिकारी भूपेंद्र सिंह और अन्य शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने वैष्णवी की उपलब्धि की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

## यादविंद्र गोमा ने गदियाड़ा में किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने वीरवार को विकासखंड पंचरुखी की ग्राम पंचायत गदियाड़ा में 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी कार्ययोजना में सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि इस भवन के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी और विशेष रूप से राज्य स्तरीय सालियाण मेले के दौरान भी यह भवन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यहां पर एक सराय का निर्माण भी किया गया है जिसके लिए उन्होंने दानी सज्जनों का आभार भी व्यक्त किया। क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियों का जिक्र करते हुए आयुष मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पंचरुखी उप-तहसील को तहसील का दर्जा प्रदान किया है, जिससे अब स्थानीय लोगों के प्रशासनिक कार्य घर-द्वार के समीप पूर्ण हो सकेंगे। उन्होंने विद्युत समस्या के स्थाई समाधान का जिक्र करते हुए कहा कि पलम क्षेत्र के लिए 33 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में उन्होंने कहा कि स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शेष निर्माण कार्य के लिए 1.5 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है और इस कार्य को शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। यादविंद्र गोमा ने कहा कि पलम क्षेत्र की 13 पंचायतों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति करने के लिए 32 करोड़ रुपए की पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा है, जिसका लाभ अगले वर्ष तक जनता को मिलना शुरू हो जाएगा।

## जिले में पुलिस ने चलाया स्कूल बस चेकिंग अभियान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सड़क सुरक्षा कानून को प्रभावी बनाने के साथ स्कूल बसों की जांच को लेकर जिला भर में अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल बसों के चालान काटे गए, बस स्टाफ को निर्देश दिए गए तथा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया गया।

पुलिस स्टेशन शाहपुर के तहत विभिन्न स्थानों पर स्कूल बसों की जांच की गई और कुल 16 मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत चालान काटे गए। स्कूल बसों की जांच का विशेष अभियान चलाया गया। इस संबंध में शाहपुर पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्कूल बसों की जाँच की गई। 12 चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत काटे गए।

उधर गगल पुलिस की टीम ने सनौरां चौक के पास स्कूल बसों की अचानक चेकिंग की, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों पर विशेष ध्यान दिया गया। चेकिंग के दौरान, ड्राइवरों को स्कूल के बच्चों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा दिशानिर्देशों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा, राजोल में ओवर स्पीड नाका भी लगाया गया और कुल 6 चालान जारी किए गए, जिनमें से 5 चालान ओवर स्पीडिंग के लिए थे। बीड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्कूल बसों की जांच संबंधी विशेष अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 3 चालान जारी किए गए हैं। स्कूल बस चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान पुलिस थाना लंबागांव के अधीन 24 स्कूल बसों को चैक किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले 4 वाहन चालकों के चालान किये गए। वहीं पुलिस थाना शाहपुर के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में विद्यार्थियों व अध्यापकों को यायायात व सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई ।

पुलिस थाना लंबागांव में बुलाये गये 7 ट्रैफिक स्वयंसेवियों को यातायात नियमों व ट्रैफिग व्यवस्था के बारे में सिखाया गया तथा इन ट्रैफिक वॉलंटियर्स की मौजूदगी में 3चालान एमवी एक्ट के अधीन किये गये। ट्रैफिक स्वयंसेवियों को ट्रैफिक जैकेट व टोपियां आवंटित किए गए।


बस चालकों को किया जागरूक। अनंत ज्ञान

> पुलिस जिला कांगड़ा के सभी थानों में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता के अलावा स्कूल बसों की जांच की जा रही है। इस दौरान बस स्टाफ तथा बच्चों को जागरूक करने के अलावा स्कूल बसों के चालान काटे गए।
> **बीर बहादुर, एएसपी, जिला कांगड़ा**

### दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा व लाइसेंस बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, कोटला।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, धर्मशाला की एसिस्टेंट कमीशनर सविता ठाकुर ने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा और इसके लिए आवश्यक लाइसेंस के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ बेचने के लिए खाद्य सुरक्षा लाइसेंस अनिवार्य है, जैसे ड्राईविंग के लिए ड्राइविंग लाइसेंस जरूरी होता है। दुकानदार फूड सेफ्टी कनेक्ट एप डाउनलोड कर या लोक मित्र केंद्र से यह लाइसेंस बनवा सकते हैं। सालाना 12 लाख तक आमदनी वाले दुकानदार 100 रुपए प्रति वर्ष या पांच साल के लिए 500 रुपए में लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। 12 लाख से 20 करोड़ रुपए सालाना आमदनी वाले परचून और थोक विक्रेता के लिए यह शुल्क एक वर्ष के लिए 2,000 रुपए और पांच वर्ष के लिए 10,000 रुपए है। इसके लिए आधार कार्ड, फोटो, दुकान प्रमाण, पैन कार्ड और मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट जरूरी हैं। फिश और मीट शॉप के लिए पंचायत की एनओसी आवश्यक है। सविता ठाकुर ने साफ-सफाई, बिल रखरखाव, ओवरडेटेड सामान न बेचना, मिठाई ढक कर रखना और तलाई का तेल तीन बार से अधिक इस्तेमाल न करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल कोटला के प्रधान अरविंद गुप्ता, पूर्व प्रधान योगराज मेहरा, तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को किया सम्मानित


सीयू के गणित, कंप्यूटर/सूचना विज्ञान स्कूल ने किया कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल की ओर से विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास एवं सम्मान समारोह का आयोजन कुपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता प्रो. राकेश कुमार के दिशानिर्देश में किया गया। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सचिन कुमार श्रीवास्तव, कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप चौकसे और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शिवराम राव एवं विभाग के समस्त संकाय सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. राकेश ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वहीं, विज्ञान स्नातकोत्तर (गणित) विभाग के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2023-25 में विकास कौंडल ने प्रथम स्थान, शिल्पा ठाकुर ने द्वितीय स्थान तथा रोजी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शैक्षणिक सत्र 2024-26 के प्रथम सेमेस्टर में भावना ठाकुर ने प्रथम स्थान, आरती शर्मा ने द्वितीय स्थान व अभिलाषा ने तृतीय व द्वितीय सेमेस्टर में आरती शर्मा ने प्रथम स्थान, अनिकेत सैम ने द्वितीय स्थान तथा अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विभाग का नाम गौरवान्वित किया। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को उनके सराहनीय शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-26 में मोहित पाटियाल ने प्रथम स्थान, अदिति चौधरी ने द्वितीय स्थान तथा नवनीत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विभाग को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक पाठ्यक्रम के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### गरली का सूरज शर्मा करेगा टीआईईटी पटियाला में पीएचडी

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** धरोहर गांव गरली के सूरज शर्मा का थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी), पटियाला (पंजाब) में पीएचडी (गणित) कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। सूरज शर्मा ने संस्थान की प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार उत्तीर्ण कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। सूरज शर्मा ने वर्ष 2017 में डीएवी देहरा गोपीपुर से 12वीं कक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की और उस वर्ष विद्यालय के टॉप 5 छात्रों में शामिल रहे। इसके बाद उन्होंने बीएससी (ऑनर्स) गणित (2017-2020) में 71 फीसदी अंकों के साथ डिग्री प्राप्त की। उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से एमएससी (गणित एवं सांख्यिकी) (2023-2025) में 70.2 फीसदी अंकों के साथ स्नातकोत्तर किया। विद्यालय स्तर पर उन्हें एलआईसी स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2015 का पुरस्कार भी मिल चुका है। उन्होंने बताया कि शोध रुचि मैथमैटिकल बायोलॉजी में है, जिसमें गणितीय मॉडलिंग और अनुप्रयुक्त गणित के माध्यम से जैविक प्रणालियों का अध्ययन किया जाता है। उनका लक्ष्य भविष्य में गणित के प्रोफेसर बनकर शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में योगदान देना है। चयन के साथ ही सूरज शर्मा को संस्थान द्वारा शोध कार्य के लिए स्टाइपेंड (वृत्तिका) भी प्रदान की जाएगी। सूरज शर्मा की माता ममता शर्मा गृहिणी हैं, जबकि उनके पिता संजय शर्मा गरली प्रागपुर क्षेत्र में मिठाई के डिब्बों/स्वीट बॉक्स का स्थानीय व्यवसाय करते हैं। इस उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।सूरज शर्मा ने कहा कि धैर्य, दृढ़ संकल्प और परिवार व मित्रों का निरंतर सहयोग ये जीवन में उपलब्धि हासिल करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।



## मनरेगा योजना केवल मजदूरी तक सीमित नहीं गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम बनी

### कृषि मंत्री ने गिनाईं सरकार की प्राथमिकताएं, पशुपालकों के लिए 250 करोड़ की 'पहल' योजना

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति और विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर जवाली के विधायक एवं कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चौधरी चंद्र कुमार ने खास बातचीत में सरकार की नीतियों और योजनाओं पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने मनरेगा, महिलाओं की आत्मनिर्भरता, भाजपा की नीतियों, स्मार्ट मीटर विवाद, प्राकृतिक खेती, रोजगार और पशुपालकों के लिए लाई जा रही नई योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कृषि मंत्री ने कहा कि मनरेगा की नींव गरीबों को रोजगार और सम्मान देने के उद्देश्य से रखी गई थी। यह योजना केवल मजदूरी तक सीमित नहीं रही, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मनरेगा की भूमिका ऐतिहासिक रही है। प्रो. चंद्र कुमार ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करने की बजाय उनके नाम और स्वरूप बदलने की राजनीति की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा जैसी योजना को कमजोर करने का प्रयास किया गया, जबकि यदि वास्तव में गरीबों की चिंता होती तो इसे और सशक्त बनाया जाता।

प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए मंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार युवाओं को केवल अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार दे रही है। पशु मित्रों की जल्द नियुक्ति की जाएगी और सभी को पक्का किया जाएगा। इससे हजारों परिवारों को रोजगार की सुरक्षा मिलेगी और पशुपालन क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। पशु स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंत्री ने बताया कि जिला कांगड़ा की निचली विधानसभा जवाली, फतेहपुर, इंदौरा और नूरपुर में आधुनिक पशु पॉलीक्लिनिक खोले जाएंगे। हर चार विधानसभा क्षेत्रों में एक पॉलीक्लिनिक स्थापित होगा, जहां पशुओं के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे किसानों और पशुपालकों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। स्मार्ट मीटर को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि विपक्ष तथ्यहीन बयानबाजी कर जनता को भ्रमित कर रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और हर फैसला जनता के हित को ध्यान में रखकर लिया जा रहा है।

#### प्राकृतिक खेती को मिलेगा नया बल

**प्राकृतिक** खेती पर चंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि विभाग का बजट रोके जाने के बावजूद प्रदेश सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने बताया कि इस बार पहली बार कृषि विभाग के लिए अलग बजट रखा जाएगा, जिससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार पशुपालकों के लिए 250 करोड़ रुपए की लागत से 'पहल' योजना शुरू करने जा रही है। यह योजना घुमंतू भेड़पालकों, गुज्जर और अन्य पशुपालक समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इस योजना से पशुपालकों की आय बढ़ेगी, बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा और समाज में उनका आत्मसम्मान मजबूत होगा।

## बैजनाथ पुलिस थाना प्रभारी ने किया ट्रैफिक वॉलंटियर मुहिम का शुभारंभ


लोगों को किया जाएगा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस थाना प्रभारी यादेश ठाकुर के निर्देशन में ट्रैफिक वॉलंटियर नामक एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इस मुहिम का उद्देश्य शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाना और लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना है।

युवा अध्यक्ष बैजनाथ अतुल चौधरी के निर्देशन में छात्रों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए ट्रैफिक वॉलंटियर के रूप में काम करने का फैसला किया है। यादेश ठाकुर ने बताया कि इस मुहिम के तहत, हमारे वॉलंटियर शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करेंगे, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे, और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में मदद करेंगे। ट्रैफिक वॉलंटियर की टीम में अभिषेक भारद्वाज, शुभम चौधरी, केशव वर्मा, अंशुल नाथ, अमन, गौरव मेहरा, शिवम चौधरी व अक्षित चौधरी आदि शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### निदेशक राजेश बन्याल ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) के निदेशक राजेश बन्याल ने अधिकारियों की टीम के साथ बिझड़ी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में हिमुडा के तहत चल रहे एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निदेशक बन्याल ने बिझड़ी स्कूल में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भवन तथा 3 लाख रुपए की राशि से स्कूल के मैदान में लगने वाली रिटेनिंग वॉल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त बोता स्कूल में 60 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली साइंस लैब तथा ब्याड़ स्कूल में प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर भी अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। निदेशक ने स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्य तय मानकों के अनुसार और निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि छात्रों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। निदेशक राजेश बन्याल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर हिमुडा के अधिशाषी अभियंता राजेश ठाकुर, सहायक अभियंता सजय , सुशील शर्मा, मनोज शर्मा, कपिल देव ,अजीत चौधरी, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा भी उपस्थित रहे।

### यूजीसी के नए नियमों पर रोक का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 13 जनवरी 2026 को जारी की गई अधिसूचना पर देशभर में सामान्य वर्ग के विरोध के बाद दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी है। इस फैसले का राजपूत महासभा हमीरपुर जिला इकाई ने स्वागत किया है और सर्वोच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया है। महासभा का कहना है कि यूजीसी की अधिसूचना सामान्य वर्ग के समानता व सामाजिक न्याय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला थी। इसमें उच्च शिक्षण संस्थानों में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के साथ भेदभावपूर्ण व पक्षपातपूर्ण व्यवस्था निर्धारित की गई थी, जिससे शैक्षणिक माहौल प्रभावित होने और जातीय वैमनस्य बढ़ने की आशंका थी। साथ ही नियमों के दुरुपयोग की संभावनाएं भी बताई गईं। राजपूत महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर राणा, वित्त सचिव रविंद्र सकलानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर निर्णय पर संतोष जताया और देशभर के सामान्य वर्ग को बधाई दी।

### स्टूडेंट्स से नशे से दूर रहने की अपील की

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय उच्च विद्यालय खुथड़ी में वीरवार को गलवान अमर शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार व सेक्रेटरी शिव प्रकाश शर्मा व भागीरथ शर्मा मौजूद रहे। शिव प्रकाश शर्मा ने स्कूली बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया और नशे से दूर रहने की अपील की। वहीं, इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिका संगीता अग्निहोत्री व अध्यापक मौजूद रहे। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि 30 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरवाड़ में बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया जाएगा, साथ ही आने वाले समय में अन्य स्कूलों में जाकर भी ट्रस्ट द्वारा बच्चों को नशे के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### अग्घार में वन विभाग की लकड़ी की नीलामी 3 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वन रेंज कार्यालय परिसर अग्घार व इसके निकटवर्ती विभागीय परिसरों भरेड़ी, नगरोटा, बडैहर, झिरालड़ी, सालन में रखी गई लकड़ी की नीलामी 3 फरवरी को सुबह 11.30 बजे वन रेंज कार्यालय अग्घार में निर्धारित की गई है। वन विभाग के उप अरण्यपाल कार्यालय हमीरपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोगों को एक हजार रुपए की राशि जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए वन रेंज कार्यालय अग्घार या उप अरण्यपाल कार्यालय हमीरपुर में संपर्क किया जा सकता है।

### बसों के लिए बंद रहेगी चमियाणा-भरमाड़ सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर उपमंडल के अंतर्गत चमियाणा-भरमाड़ सड़क की मरम्मत के कार्य के चलते इस सड़क पर बसों की आवाजाही 10 फरवरी तक बंद की गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि चमियाणा-भरमाड़ सड़क के मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूरा करने के लिए इस सड़क पर बसों की आवाजाही 10 फरवरी तक बंद की गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की है।

### सड़क निर्माण के लिए दान की निजी भूमि

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** भरनोट से डुंगहली सड़क निर्माण के लिए एक सराहनीय पहल करते हुए दोनों गांवों के दानी सज्जनों ने अपनी निजी भूमि लोक निर्माण विभाग उपमंडल लंबलू, डिवीजन हमीरपुर के नाम स्वेच्छा से हस्तांतरित की। यह भूमि वीरवार को विधिवत रूप से लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई। इस अवसर पर दानी सज्जनों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क निर्माण कार्य को जल्द प्रारंभ करने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। गांव भरनोट से भूमि दान करने वालों में शक्ति चंद, जसबीर सिंह, कमलेश कुमार, ललित कुमार, सुशील कुमार, अशोक कुमार, माया देवी, सुषमा देवी, अंजना कुमारी, संतोष कुमारी, पंकज कुमार तथा रूपलाल शामिल हैं। वहीं गांव डुंगहली से विजय शर्मा, जगदीश शर्मा, सुमन शर्मा, संजीव शर्मा व अनूप शर्मा ने भूमि दान कर सड़क निर्माण में सहयोग दिया।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक 3 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक 3 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे शिव मंदिर परिसर, ठठल (ब्याड़), तहसील बडसर में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इसमें संघ प्रदेश व जिला इकाई पदाधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए अनुरोध किया जा रहा है। बैठक के एजेंडा में पेंशनर्स की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श होगा व सदस्यों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान पर मंथन किया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों से विभिन्न जानकारियां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### कैशलैस इलाज की सुविधा की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सड़क सुरक्षा माह-2026 के अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर ने वीरवार को बस स्टैंड हमीरपुर के पास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जनसंपर्क विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में राहवीर योजना और सड़क दुर्घटना घायलों के लिए कैशलैस इलाज की सुविधा की जानकारी भी दी गई। राहवीर योजना के तहत दुर्घटना में तुरंत मदद करने वाले व्यक्तियों को 'गुड सेमेरिटन' पुरस्कार दिया जाता है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपए तक का मुफ्त और कैशलैस इलाज उपलब्ध है। घायल व्यक्ति को दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर अस्पताल में दाखिल होना होगा और अधिकतम सात दिन तक इलाज कैशलैस होगा। इस योजना और अन्य जानकारी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की हेल्पलाइन 14555 पर संपर्क किया जा सकता है।

### 56 स्टूडेंट्स को इनाम स्वरूप साइकिलें दीं

**अनंत ज्ञान, भोटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुलेड़ा में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 56 विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप साइकिलें प्रदान की गईं। यह साइकिल वितरण कैनरा रोबको कंपनी के चीफ हेड, व्यवसायी और समाजसेवी अरुण सरीन ने किया। अरुण सरीन एवीएन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकारी स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों को निरंतर साइकिलें प्रदान कर शिक्षा को प्रोत्साहित कर रहे हैं। समारोह के मुख्यातिथि एसपी हमीरपुर बलबीर सिंह रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, अनुशासित जीवन जीने और पुलिस विभाग की जनहित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। अरुण सरीन ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन और अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, आत्मविश्वास और ईमानदारी की महत्ता समझाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया और अरुण सरीन के सराहनीय योगदान की प्रशंसा की।

### सड़क सुरक्षा नियमों व सावधानियों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई क्लब प्रभारी एवं अर्थशास्त्र के शिक्षक विशाल डोगरा ने की। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक नरेश मलोटिया ने बताया कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है और छात्राओं में प्रारंभ से जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पेंटिंग, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी विशाल डोगरा ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों और सावधानियों की जानकारी दी और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य राजकुमारी कौशल ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

# सुजानपुर का चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव पहली मार्च से

## विधायक ने कहा, उत्सव को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा, नई गतिविधियां की जाएंगी शामिल

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** ऐतिहासिक नगरी सुजानपुर का चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव इस बार पहली मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। उत्सव की आयोजन समिति ने इसके लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं।

डीसी एवं राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव समिति की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने वीरवार को मिनी सचिवालय में जिला एवं उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करके उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि यह ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक उत्सव सुजानपुर की पहचान है। इस उत्सव को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा और इसमें कई नई गतिविधियां शामिल की जाएंगी। डीसी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मेले के सफल आयोजन के लिए एसडीएम सुजानपुर को मेला अधिकारी व डीएसपी को मेला पुलिस अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।


डीसी हमीरपुर अधिकारियों के साथ की बैठक करती हुईं। अनंत ज्ञान

इसके अलावा मेले के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने और विभिन्न गतिविधियों जैसे-सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनियों, झांकियां, स्मारिका का प्रकाशन तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं आदि के संचालन के लिए अलग-अलग उपसमितियां का गठन कर दिया गया है। डीसी ने सभी उपसमितियों के प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दें और फरवरी के दूसरे हफ्ते तक सभी प्रबंधों एवं गतिविधियों की रूपरेखा तय कर दें।

सुजानपुर शहर, चौगान और इसके आसपास के सभी क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, शौचालय व सफाई, अग्निशमन और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित मरम्मत कार्य जल्द पूरे होने चाहिए। डीसी ने बताया कि एक मार्च को परंपरा के अनुसार भव्य शोभायात्रा व ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ किया जाएगा।

मेले के दौरान चौगान में विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों व संस्थाओं की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। डीसी ने इन प्रदर्शनियों के स्टॉल की डिमांड 10 फरवरी तक भेजने के निर्देश दिए। प्रदर्शनी स्टॉल का शुल्क 11 हजार रुपए निर्धारित किया गया है।

प्लॉट आवंटन, पार्किंग, कानून व्यवस्था, प्रतिभागियों एवं डयूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के भोजन व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम विकास शुक्ला, एसी टू डीसी चिराग शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी उत्सव की तैयारियों की जानकारी दी।

## 10 मार्च को वायुसेना के लड़ाकू जहाजों से गूंजायमान होगा सुजानपुर का आसमां

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** भारतीय वायु सेना पहली बार हिमाचल प्रदेश में एक अद्भुत एयर शो करने जा रही है और इस सिविल एयर डिसप्ले के लिए सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के मैदान को चुना गया है। 10 मार्च को होने वाले इस सिविल एयर डिसप्ले के लिए रक्षा मंत्री ने अनुमति प्रदान कर दी है।

सुजानपुर व इसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। क्योंकि, आम तौर पर वायु सेना के इस तरह के सिविल एयर डिसप्ले कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही किए जाते हैं। सिविल एयर डिसप्ले के लिए वायु सेना व सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के अलावा प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की ओर से किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों को लेकर डीसी गंधर्वा राठौड़ ने वीरवार को यहां मिनी सचिवालय में जिला के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक ने इस आयोजन के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। डीसी ने बताया कि वायु सेना के अधिकारियों ने सुजानपुर के चौगान तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों का प्रारंभिक मुआयना कर लिया है और इस पूरे क्षेत्र को सिविल एयर डिसप्ले के लिए काफी उपयुक्त बताया है। यह शो होली के कुछ दिनों बाद ही 10 मार्च को करवाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग वायु सेना के जांबाजों के हैरतअंगेज करतबों का रोमांच अनुभव कर सकें। गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि इसका उद्देश्य आम लोगों को भारतीय वायु सेना की उपलब्धियों से अवगत करवाना तथा बच्चों को वायु सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। इसलिए, इस शो में स्कूली बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति होनी चाहिए।

शो के सफल आयोजन के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य से इन सभी प्रबंधों का विवरण जिला प्रशासन को प्रेषित करने की अपील की। इस अवसर पर सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने बताया कि सिविल एयर डिसप्ले में वायु सेना के 11 लड़ाकू विमान भाग लेंगे और यह एक बहुत ही अदभुत शो होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से इस शो के लिए सुजानपुर के साथ लगते हमीरपुर, जिला कांगड़ा और मंडी के क्षेत्रों के लोगों, विशेषकर बच्चों को भी आमंत्रित करने का आग्रह किया।

## केंद्र सरकार मनरेगा खत्म करने की रच रही साजिश : सुमन भारती

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की दाड़ला पंचायत में एक जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा को खत्म करने का षड्यंत्र रचने का बड़ा आरोप लगाया।

सुमन भारती ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एक सोची-समझी साजिश के तहत मनरेगा को समाप्त करने पर तुली हुई है। यह आम जनता, खासकर ग्रामीण महिलाओं के हितों पर सीधा कुठाराघात है। मनरेगा गरीबों के हाथों में रोजगार की गारंटी देने वाला एक सशक्त हथियार था, जो तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देशवासियों को दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल कुछ चुनिंदा औद्योगिक घरानों को लाभ पहुंचाना है। उनकी नीतियों का आम जनता की भलाई से कोई सरोकार नहीं है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली इस योजना को खत्म करके वे गांवों को मजदूरों का निर्यातकेंद्र बनाना चाहते हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने लोगों से इस 'काले कानून' के खिलाफ एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन तेज करने का आह्वान किया। यह संग्राम तब तक जारी रहेगा जब तक केंद्र सरकार अपने इस निर्णय को वापस नहीं लेती। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्यारेलाल, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, कुलदीप चंद के अलावा बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभा में मनरेगा के महत्व और उसे बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

## आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 25 तक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बाल विकास परियोजना भोरंज के तहत आंगनबाड़ी केंद्र भोरंज-1 में आंगनबाड़ी सहायिका के खाली पद के लिए पात्र महिलाओं से 25 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय भोरंज में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सादे कागज पर जमा किए जा सकते हैं। साक्षात्कार 26 फरवरी को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय भोरंज में आयोजित होगा। पद के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष है और उम्मीदवार बारहवीं पास तथा क्षेत्र की स्थायी निवासी होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन में शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु, दिव्यांगता, जाति और सामाजिक पात्रता के दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। भर्ती कुल 25 अंकों के आधार पर होगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, दिव्यांगता, सामाजिक व पारिवारिक पात्रता और साक्षात्कार को अंक दिए जाएंगे।

## अनुराग के प्रयासों से जम्मू में 9 दिन बाद सुरक्षित मिले पांडवीं गांव के लापता देव राज

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रभावी हस्तक्षेप से जम्मू के नरवाल क्षेत्र से लापता हुए पांडवीं पंचायत के निवासी देव राज को जम्मू शहर से सुरक्षित ढूंढ लिया गया है।



देव राज 20 जनवरी को जम्मू के नरवाल क्षेत्र से लापता हो गए थे। इस संबंध में देव राज की पत्नी नीतू देवी ने स्थानीय भाजपा प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत शर्मा से संपर्क कर अपनी पीड़ा साझा की। मामले की गंभीरता को समझते हुए आदर्श कांत शर्मा ने तत्काल अनुराग से संपर्क कर सहायता का आग्रह किया। सांसद ने बिना विलंब किए इस विषय को जम्मू-कश्मीर पुलिस के संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया, जिसके उपरांत प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई की गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा देव राज को पूरे नौ दिन बाद जम्मू शहर से सुरक्षित खोज लिए जाने की सूचना आदर्श कांत शर्मा को दी गई, जिसके बाद उनके परिजनों ने अनुराग का धन्यवाद किया और राहत की सांस ली। वर्तमान में देव राज जम्मू के नरवाल पुलिस थाना में पुलिस सुरक्षा में हैं और उनके परिजन व पत्नी नीतू देवी जम्मू के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर देव राज को घर लाया जाएगा।

विक्रमजीत सिंह बन्याल ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब अनुराग की प्रशासनिक पकड़ और देशभर में फैले अधिकारी वर्ग के साथ उनके समन्वय से इस प्रकार के मामलों में सकारात्मक परिणाम सामने आए हों। उन्होंने पूर्व में भी अपनी सक्रिय पहल से कई युवाओं और नागरिकों को संकट की परिस्थितियों से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## 35 मेधावी बेटियों को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बाल विकास परियोजना नादौन के अंतर्गत ग्राम पंचायत भरमोटी, गौना, बसारल, भदरोल, मझियार, कमलाह, किटपल, बदारन, झलाण, अमलैहड़, करौर और कलूर की मेधावी छात्राओं के सम्मान में वीरवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत एक प्रेरणादायक संवाद शिविर आयोजित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वृत पर्यवेक्षक संजय कुमार, क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, 35 लोकल चैंपियन बेटियों तथा उनके अविभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मेधावी बेटियों व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए संजय गर्ग ने कहा कि इनकी उपलब्धियां सभी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने मेधावी बेटियों को निरंतर परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संजय गर्ग ने कहा कि आज लड़कियों को भी शिक्षा, खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में लड़कों के समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

## तेजल ने स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति की परीक्षा उत्तीर्ण की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करोट की कक्षा छठी की छात्रा तेजल पुत्री गगन कुमार ने एससीईआरटी सोलन के तत्वावधान में आयोजित दो स्तरों पर ली गई परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति प्राप्त कर विद्यालय तथा इलाके का नाम प्रदेश व देश में रोशन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ने तेजल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तथा इसे तैयारी करवाने वाले शिक्षकों और माता पिता को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि इस छात्रा ने यह कीर्तिमान बनाया तथा अन्य बच्चों से भी जीवन में मेहनत करने की सीख दी ताकि पढ़ाई के साथ साथ सभी बच्चे अलग अलग प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में भाग लेकर पढ़ाई से अलग कुछ और पाने का प्रयास करते रहें।

## रणजी ट्रॉफी शुरू, हिमाचल ने 60 .1 ओवर में 168 रन बनाए

अनंत ज्ञान



**नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी का हिमाचल व जम्मू कश्मीर की टीम के बीच वीरवार को चार दिवसीय मैच शुरू हो गया है।

जम्मू कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। हिमाचल की टीम बल्लेबाजी करते हुए 60.1 ओवर में 168 रन बनाकर आउट हो गई। बल्लेबाज पुखराज मान ने 77 रन बनाए, जबकि आकाश वशिष्ट ने 45 रन बनाए। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम नादौन के प्रभारी संजय ठाकुर टिंका ने बताया कि जम्मू कश्मीर की टीम की ओर से गेंदबाज सुनील कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 18.1 ओवर में 54 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि गेंदबाज आकिब नवी व साहिल लोतरा ने 2-2 विकेट ली तथा गेंदबाज युद्धवीर ने 1 विकेट ली। जम्मू कश्मीर की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 14 रन बना लिए हैं। जम्मू कश्मीर की टीम शुक्रवार को 14 रन से आगे खेलेगी।

### किड बड्स पब्लिक स्कूल बिझड़ी में वार्षिक पारितोषिक समारोह आयोजित

## विजय नड्डा ने शिक्षा, अनुशासन पर दिया मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के किड बड्स पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।


किड बड्स पब्लिक स्कूल बिझड़ी में समारोह में मौजूद गणमान्य। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रख्यात शिक्षाविद्, संघ विचारक एवं उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं समाजसेवी महेंद्र धर्मानी ने की। शिक्षाविद् विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विजय नड्डा ने कहा कि शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण और निरंतर परिश्रम का संदेश दिया। आज प्रदेश चिट्टे की गिरफ्त में चला गया है सरकार के प्रयास भी सराहनीय है, लेकिन नशा जो है वह तभी खत्म हो सकता है, जब मां-बाप अपने बच्चों पर नजर रखें उनके साथ समय बताएं और उनके अंदर की भावना जाने ताकि यह समाज को बिखरने से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है यह तभी संभव होगा अगर हम सब इसमें सहयोग करेंगे। वार्षिक पारितोषिक समारोह में बच्चों ने भी कई मनमोहक परस्तुतियां पेश करके सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें आगे बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

### उपलब्ध बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व पोषण अभियान से बेटियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा

## बाल लिंगानुपात 988, गंभीर कुपोषण 1.57 प्रतिशत तक सीमित

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों के अंतर्गत हो रहे गंभीर प्रयासों के परिणामस्वरूप सुजानपुर विकासखंड में बाल लिंगानुपात 988 तक पहुंच गया है, जबकि गंभीर कुपोषण का स्तर 1.57 प्रतिशत तक सीमित हो गया है।


विकासखंड में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गर्भवती, अनाथ और युवाओं को वित्तीय लाभ। अनंत ज्ञान

लैंगिक आधार पर बालिकाओं में कुपोषण का स्तर बालकों की अपेक्षा कम पाया गया है। उक्त जानकारी देते हुए एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विकासखंड सुजानपुर में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली बेटियों को चैंपियन बेटी के रूप में चिन्हित कर उन्हें सार्वजनिक मंचों पर सम्मानित करने से क्षेत्र में बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयुक्त परिवेश का निर्माण हुआ है तथा वे न केवल अन्य बेटियों तथा उनके परिवारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर उभर रही हैं, बल्कि महिला व बाल विकास विभाग की गतिविधियों के प्रचार एवं प्रसार में भी सहायक सिद्ध हो रही हैं। पोषण अभियान के अंतर्गत सभी प्रकार के कुपोषण को सीमित करने के लिए सभी पात्र लाभार्थियों को फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से पूरक पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से 100 प्रतिशत लाभार्थियों को पूरक पोषाहार उपलब्ध कराने में सुजानपुर विकासखंड पूरे प्रदेश में प्रथम रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं में भी सुजानपुर विकासखंड अब्बल रहा है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत वर्तमान वर्ष में दिसंबर माह तक कुल 524 गर्भवती व धात्री माताओं को 1865000 रुपए की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई है। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत विकासखंड सुजानपुर में 14 अनाथ बच्चों को सामाजिक सुरक्षा के रूप में 4000 रुपए प्रति माह प्रति बच्चा राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत विकासखंड क्षेत्र में 4 बच्चों को विवाह अनुदान के रूप में 8 लाख रुपए , 4 बच्चों को गृह निर्माण अनुदान के रूप में 7 लाख रुपए, 1 बच्चे को लघु उद्योग अनुदान के रूप में 2 लाख रुपए तथा उच्च शिक्षा के लिए 90486 रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 9, मुख्यमंत्री शगुन योजना में 17 तथा विधवा पुनर्विवाह योजना में 1 लाभार्थी को लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने विकासखंड क्षेत्र में बाल विवाह निषेध अधिनियम 1956 तथा बाल संरक्षण इकाइयों की प्रगति की भी समीक्षा की। इससे पूर्व सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने सदन के सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा इस संबंध में बाल विकास परियोजना सुजानपुर की प्रगति रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में विकास समिति अध्यक्षा, बीडीओ सुजानपुर , बीएमओ सुजानपुर, बीईईओ सुजानपुर, विभिन्न पंचायतों के प्रधान तथा अन्य विभागों की कार्यालय अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नन्हे सांसदों की संसद : हिम अकादमी में यूथ पार्लियामेंट ने रचा लोकतंत्र का जीवंत मंच

अनंत ज्ञान




**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता के साथ यूथ पार्लियामेंट का प्रभावशाली आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षिका प्रभारी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नकाल व सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच सार्थक वाद-विवाद आयोजित हुआ।

इसमें विद्यार्थियों ने समानता, महिला सुरक्षा, नई शिक्षा नीति 2020, सड़क व यातायात सुरक्षा, रेलवे, जीएसटी, दिल्ली वायु प्रदूषण, आतंकवाद, ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमला तथा ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन जैसे समसामयिक और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपने विचार रखे। यह गतिविधि एसडीजी-4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) के साथ-साथ पर्यावरणीय जागरूकता को भी सुदृढ़ करती है। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ संसदीय प्रक्रियाओं का जीवंत प्रदर्शन किया। क्षितिज ने प्रधानमंत्री, आरव भारद्वाज ने नेता प्रतिपक्ष तथा अथर्व सोंखले ने अध्यक्ष (स्पीकर) की भूमिका निभाई। सत्ता पक्ष व विपक्ष के विद्यार्थियों ने मंत्रियों की भूमिका निभाकर संसदीय कार्यवाही को प्रभावी बनाया। वहीं अभिजय, भाग्यश्री एवं प्रियांशी वशिष्ठ ने मीडिया प्रतिनिधियों के रूप में कार्यक्रम को वास्तविक स्वरूप प्रदान किया। कुछ विद्यार्थियों ने विदेशी प्रतिनिधियों की भूमिका निभाकर कार्यक्रम को और अधिक रोचक व प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने इस नवाचार पूर्ण आयोजन की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक व शैक्षिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में मोटरसाइकिल चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सुंदरनगर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी डैहर के पास गासीनाला पुल से आगे मोड़ पर बीती रात एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फोरलेन के डिवाइडर से टकरा गई, जिससे मोटरसाइकिल चालक राजा मंडल की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए; मृतक एवं घायल तीनों बिहार राज्य के निवासी बताए गए हैं, दुर्घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सुंदरनगर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है, घटना की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### यातायात नियमों का पालन न करने वालों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा कानून व्यवस्था व यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाते हुए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 516 चालान किए गए, कोटपा एक्ट के तहत 30 चालान कर 3000 रुपये जुर्माना वसूला गया तथा माइनिंग एक्ट के अंतर्गत 1 चालान किया गया, पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बरतने की बात दोहराते हुए आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है, इस कार्रवाई की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### बेटी ने पिता की अर्थी को दी मुखाग्नि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत भरौण के ढुदर गांव में आज दूसरी बेटी ने अपने पिता की अर्थी को कांधा दिया व मुखाग्नि तथा अंतिम संस्कार की रस्में निभाई। अभी कुछ ही समय हुआ जब इसी गांव की एक अन्य बेटी ने भी कोई सगा भाई न होने पर अपने पिता की अर्थी को कांधा देकर अंतिम संस्कार की रस्में निभाई थीं। दुखद पहलू यह है कि ढुदर गांव के कमलकांत पटयाल उर्फ सिद्धू की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। अभी आठ नौ माह पूर्व ही उसके नौजवान बेटे ने घर में ही बंदूक दुर्घटना से अपनी जान गवांई थी। यही नहीं लगभग 15-18 साल पहले उसकी धर्मपत्नी भी पेड़ से गिरकर इस दुनिया को छोड़ गई थी। ऐसे में उसके पीछे एकमात्र बेटी ने अपने पिता की अर्थी को कंधा व मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्में अदा की। कमलकांत शिक्षा विभाग में बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर लंबी सेवाएं देने के बाद रिटायर हुए थे।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रचनात्मक वीडियो भेजने की अंतिम तिथि 15 फरवरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपमंडाधिकारी कल्पा अमित कलथाईक ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य परिवहन निदेशालय द्वारा सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के तहत सड़क सुरक्षा विषय पर आधारित रचनात्मक लघु फिल्म अथवा वीडियो आम नागरिकों द्वारा तैयार कर 15 फरवरी तक भेजे जा सकते हैं। तैयार किए गए वीडियो राज्य परिवहन निदेशालय शिमला के ई-मेल पते पर भेजे जा सकते हैं अथवा निदेशालय कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा कराए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। भेजी जाने वाली लघु फिल्म या वीडियो हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में होना चाहिए तथा उसका विषय पूर्ण रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित होना आवश्यक है। आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ाया जा सके।

# डिजिटल ताकत से जल शक्ति विभाग को नई दिशा देने की तैयारी

## हर घर सुरक्षित पेयजल पर फोकस, मुख्य सचिव ने कार्यशाला में तय की भविष्य की रणनीति

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने प्रत्येक घर तक साफ, सुरक्षित और निरंतर पेयजल उपलब्ध करवाने के लक्ष्य पर गंभीरता से काम कर रही है। इसी दिशा में प्रशासनिक और तकनीकी क्षमताओं को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ जमीन पर तेज़ी और पारदर्शिता के साथ पहुंचे।

इसी क्रम में मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कैपेसिटी बिल्डिंग एंड टेक्नोलॉजिकल इंटरवेंशन इन जल शक्ति विभाग' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत भारत सरकार की सभी आवश्यक शर्तों की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना से जुड़े फंड से संबंधित मामलों को जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने की बात कही।




कार्यशाला की अध्यक्षता करते मुख्य सचिव संजय गुप्ता। अनंत ज्ञान

मुख्य सचिव ने कहा कि तकनीक के इस दौर में जल शक्ति विभाग को डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। पेपरलेस और डिजिटल कार्यशैली अपनाकर सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति में पारदर्शिता लाई जानी चाहिए। उन्होंने ई-ऑफिस जैसी प्रणालियों को व्यापक स्तर पर लागू करने, सरकारी नीतियों के शीघ्र निष्पादन तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और संवेदनशील निवारण पर भी बल दिया।

सचिव जल शक्ति डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को निरंतर बढ़ाया जा रहा है। ई-ऑफिस प्रणाली को और सशक्त किया जा रहा है तथा डिजिटल कौशल विकास के लिए इनोवेशन, डिजिटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। विभागीय कर्मचारियों को आधुनिक डिजिटल तकनीकों से अवगत करवाने के लिए नियमित कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। विभाग को मजबूत बनाने के लिए रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी जारी है।

### लंबित भुगतानों और तकनीकी सत्रों पर जोर

**कार्यशाला** के अंतिम सत्र में ठेकेदारों के लंबित भुगतानों सहित विभागीय चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान डिजिटल कौशल और ई-ऑफिस प्रणाली पर विशेष सत्र आयोजित हुए तथा विभिन्न जोनल अधिकारियों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। कार्यशाला में इंजीनियर-इन-चीफ अंजू शर्मा, इंजीनियर-इन-चीफ (परियोजना) डॉ. धर्मेंद्र गिल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बारिश -बर्फबारी थमते ही छाई सर्दीली धुंध



अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** लंबे समय के बाद हुई बारिश एवं बर्फबारी के थमते ही नाचन क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में सवेरे तड़के घनी धुंध छाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं अन्य लोगों को भी यह मौसम रात के अंधेरे का आभास करवा रहा है। धुंध छाने से कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है, जबकि वाहन चालकों को समय खाते हुए गंतव्य की तरफ इसलिए भी बढ़ना पड़ रहा है क्योंकि धुंध में साफ साफ नहीं दिखाई दे रहा है ऐसे में वाहन चालकों सहित पदयात्रियों इत्यादि को बड़ी ही सावधानी बरतनी पड़ रही है।

हाथ पांव सुन्न करने वाली ठंड बढ़ गई है जबकि दिन के समय मौसम साफ रहने से तपती धूप खिल रही है जिसको सेंकने का अपना एक अलग ही आनंद मिल रहा है। जो भी हो मगर सुबह तथा शाम के समय ठंड चरम पर पहुंच जाती है।

# एचआरटीसी की वर्कशॉप के निजीकरण का किया विरोध

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की चार कार्यशालाओं (वर्कशॉप) के निजीकरण के फैसले के खिलाफ निगम के तकनीकी कर्मचारियों ने विरोध तेज कर दिया है। एचआरटीसी तकनीकी कर्मचारी संगठन ने सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए चेतावनी दी है कि यदि यह फैसला वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा।

एचआरटीसी की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में रामपुर, नालागढ़, पठानकोट और शिमला यूनिट-3 की कार्यशालाओं को निजी हाथों में देने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले के विरोध में शिमला में गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान तकनीकी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्ण चंद ने कहा कि यह निर्णय निगम और कर्मचारियों दोनों के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि एचआरटीसी में तकनीकी कर्मचारियों के 2267 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल करीब 1100 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। कर्मचारियों की भारी कमी के चलते निगम आउटसोर्स के जरिए भर्तियां कर रहा है। इससे नियमित रोजगार के अवसर और कम हो रहे हैं।

### संगठन जल्द सीएम व उपमुख्यमंत्री से करेगा मुलाकात

**पूर्ण** चंद ने कहा कि संगठन इस मुद्दे को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। उन्होंने साफ कहा कि यदि कार्यशालाओं के निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया गया तो संगठन प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। प्रदेश में एचआरटीसी बसों की बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि निगम की बसों के लिए अच्छी गुणवत्ता के स्पेयर पार्ट्स समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

◆ **नियमित भर्तियों की बजाय आउटसोर्सिंग से कमजोर हो रहा एचआरटीसी : संगठन**

उन्होंने कहा कि तकनीकी कर्मचारी निगम की रीढ़ हैं और निजीकरण के जरिए इसी रीढ़ को कमजोर किया जा रहा है।

स्पेयर पार्ट्स की कमी के कारण कई बार बसें बीच रास्ते में खराब हो जाती हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा बढ़ जाता है। तकनीकी कर्मचारी संगठन का कहना है कि यदि सरकार सच में निगम को मजबूत करना चाहती है तो निजीकरण के बजाय खाली पदों पर नियमित भर्तियां कर कार्यशालाओं को सशक्त बनाना चाहिए।

# मोदी सरकार की विकास प्रतिबद्धता उजागर : बरागटा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के युवा नेता चेतन बरागटा ने कहा कि सीआरआईएफ के अंतर्गत छैला-नेरीपुल, यशवंत नगर-ओच्छघाट सड़क के लिए 200 करोड़ रुपये की स्वीकृति हिमाचल प्रदेश, विशेषकर शिमला ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी फैसला है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भारत के सड़क परिवहन मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय पहाड़ी क्षेत्रों की बुनियादी जरूरतों को समझने का प्रमाण है और लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करता है।

◆ **बागवानों की आय, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आपदा प्रबंधन को मिलेगी रफ्तार**

उन्होंने कहा कि यह सड़क परियोजना केवल आवागमन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हिमाचल की बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगी। सेब, नाशपाती और अन्य नकदी फसलों को समय पर मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, परिवहन लागत घटेगी और बागवानों को बेहतर दाम मिलेंगे। साथ ही दुर्गम क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन को भी गति मिलेगी। चेतन बरागटा ने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा किसानों और बागवानों के हितों को प्राथमिकता दी है और यह परियोजना उसी विकासशील सोच का सशक्त उदाहरण है।

# द्रंग-एक के स्वयंसेवी शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू



प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेते स्वयंसेवी शिक्षक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शिक्षा खंड द्रंग-1 के स्वयंसेवी शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वीरवार को शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल जोगिंद्रनगर में चल रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी अंजू कश्यप ने किया।

इस दौरान अंजू कश्यप ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से अधिक असाक्षर लोगों को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पढ़ना, लिखना व संख्या त्मक ज्ञान मुहैया कर करवाया जा रहा है ताकि वे समाज में सम्मानजनक जीवनयापन कर सकें। उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों से आग्रह किया कि शिक्षार्थियों को आधारभूत ज्ञान प्रदान कर नव भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाल चंद व प्यार चंद सकलानी स्त्रोत व्यक्ति के रूप में स्वयंसेवी शिक्षकों को ज्ञान मुहैया करवा रहे हैं। प्रशिक्षण में खंड के 50 से अधिक स्वयंसेवी शिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक सहित अन्य साफ भी मौजूद रहा।

# सड़क सुरक्षा माह में स्वास्थ्य सेवा की पहल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति, जिला शिमला द्वारा 31 जनवरी 2026 को माल रोड स्थित द रिज, शिमला में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस जनहितकारी पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शिमला एवं सदस्य सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति विश्व मोहन चौहान ने निजी बस व टैक्सी ऑपरेटर यूनियनों, हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों, परिचालकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सामान्य नागरिकों और पैदल यात्रियों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। आरटीओ शिमला ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल वाहन चालकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि

◆ **31 जनवरी को शिमला के रिज मैदान पर रक्तदान और निःशुल्क नेत्र जांच शिविर**

◆ **आरटीओ ने आमजन से की सहभागिता की अपील**

यह हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवहन क्षेत्र से जुड़े चालकों के लिए नियमित नेत्र जांच जहां अनिवार्य है, वहीं आम नागरिकों के लिए भी अपनी दृष्टि क्षमता की जांच कराना स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए अहम है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के माध्यम से अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से आगे आकर रक्तदान करने और निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया, ताकि सुरक्षित, संवेदनशील और उत्तरदायी यातायात व्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके।

# मोदी सरकार की सौगातों पर कांग्रेस का क्रेडिट गेम शर्मनाक : डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर हजारों करोड़ रुपये की सहायता भेज रही है। उन्होंने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस सरकार इन विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताने के बजाय झूठा श्रेय लेने और जनता के बीच भ्रम फैलाने का अनुचित प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को इस पर वाहवाही लूटने के बजाय केंद्र सरकार का हृदय से धन्यवाद करना चाहिए।



डॉ. बिंदल ने आज शिमला में जारी एक विस्तृत प्रेस वक्तव्य में कहा कि सिरमौर, शिमला और सोलन जिले के कृषि एवं बागवानी क्षेत्रों के लिए 'छैला-ओच्छघाट' सड़क परियोजना एक बड़ी सौगात है। इस महत्वपूर्ण मार्ग को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 200 करोड़ की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की है।

◆ **श्रेय लेने की कोशिश न करे प्रदेश सरकार, 200 करोड़ की छैला-ओच्छघाट सड़क परियोजना केंद्र की देन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इस अवसर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप के प्रयासों की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सांसद कश्यप ने निरंतर इस सड़क परियोजना की मांग को दिल्ली में मजबूती के साथ उठाया और जनभावनाओं को केंद्र सरकार तक पहुँचाया। यह भाजपा की विकासशील सोच और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि आज इतनी बड़ी योजना धरातल पर उतरने जा रही है।

डॉ. बिंदल ने दो टूक शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश के सुदूर ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के लिए आ रहे हजारों करोड़ रुपये सीधे तौर पर मोदी सरकार की देन हैं।

# पंचायतीराज चुनावों में देरी जनविरोधी सोच का प्रमाण : राकेश डोगरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव समय पर न कराना और निर्वाचित प्रधानों व पंचायत प्रतिनिधियों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखना लोकतंत्र के मूल भाव के विपरीत है।

◆ **पंचायत व्यवस्था को कमजोर करने का लगाया आरोप**

◆ **शिक्षा और ग्राम विकास दोनों पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव**



उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था संविधान की आत्मा है और गांवों के समग्र विकास की आधारशिला है, लेकिन सरकार जान-बूझकर इस व्यवस्था को निष्क्रिय कर रही है। अध्यापकों को पंचायतों का प्रशासक नियुक्त कर सरकार ने गांवों की स्वशासन व्यवस्था पर सीधा आघात किया है, जिससे ग्रामीण जनता के अधिकारों का हनन हो रहा है।

राकेश डोगरा ने कहा कि अध्यापकों को प्रशासक बनाना शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्याय है, क्योंकि उनका मूल दायित्व बच्चों का शैक्षणिक भविष्य संवारना है, न कि पंचायतों के वित्तीय और विकास संबंधी निर्णय लेना। इससे विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है और पंचायतों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने मांग की कि पंचायती राज चुनाव तुरंत कराए जाएं, निर्वाचित प्रतिनिधियों को पूर्ण संवैधानिक और वित्तीय अधिकार दिए जाएं तथा अध्यापकों को प्रशासक बनाने का निर्णय तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा भाजपा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी।

**आस्था** | **पांगणा की देहरी वाली माता से जुड़ी चर्मकील निवारण की प्राचीन लोक-परंपरा आज भी जीवंत**

# देहरी वाली माता और चर्मकील निवारण की लोक-आस्था

अनंत ज्ञान

**करसोग।** शिकारी देवी, शिवा देओरा, फरास, मदन गढ़, झौरगढ़, कमरुदेव और रेश्टाधार की नयनाभिराम पर्वत शृंखलाओं से घिरा पांगणा क्षेत्र प्राचीन काल से ही पर्यटकों, इतिहासकारों और लोक-संस्कृति अध्येताओं के आकर्षण का केंद्र रहा है।

पांडवों की लोक-स्मृतियों से जुड़ा यह भूभाग सुकेत रियासत की आदि राजधानी रहा, जहां उनके पदचिन्हों पर सुकेत शासकों ने सात मंदिरों का निर्माण करवाया। लगभग 825 फुट के घेरे में, 20 से 60 फुट ऊंची प्राचीरों से घिरा तीन चरणों में निर्मित भव्य किला, छः मंजिला 'बेहड़े वाली माता रा अद्भुत मंदर' विशाल कलात्मक चौकियां, और राजसी स्थापत्य आज भी प्राचीन कला-संस्कृति की अनुपम धरोहर के रूप में खड़े हैं।पांडवों का चौसर खेल केन्द्र, राजसी काल की न्याय-पीठ, बांठड़ा का खुला मंच 'थड़ा', भूण्डा यज्ञ की साक्षी 'चेपटी जान', प्राचीन कोठरियां, कच्छप यंत्र, भैरव स्तंभ तथा बावड़ियां ये सभी विरासतें ऐसी हैं जिन्हें निहारते हुए समय का भान नहीं रहता। इन भौतिक अवशेषों के साथ-साथ पांगणा की जीवंत लोकपरंपरा में आस्था, प्रकृति और आरोग्य का आत्मिक समन्वय भी उतनी ही गहराई से रचा-बसा है।



श्रद्धालुओं द्वारा लगाई गई कीलें। अनंत ज्ञान

मंडी-सुंदरनगर के जन्मदाता पांगणा क्षेत्र में विराजमान ग्राम देवी 'देहरी वाली माता' का देवस्थल केवल शक्ति-उपासना का केंद्र नहीं, बल्कि हिमालयी अंचल में प्रचलित लोक-आरोग्य परंपराओं और जन-विश्वासों का भी सशक्त प्रतीक है।पुरातत्व चेतना संघ मण्डी द्वारा स्वर्गीय चंद्रमणी कश्यप राज्य पुरातत्व चेतना पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहन् है कि इस देवी-स्थान से जुड़ी एक पुरातन लोक-मान्यता के अनुसार मंदिर परिसर में स्थित पश्चिमाभिमुख देवदार के विशाल शहतीर से चर्मकील (कॉर्न/वार्ट) निवारण की परंपरा जुड़ी हुई है।

लोकरीति के अनुसार पीड़ित व्यक्ति मंगलवार, शुक्रवार अथवा रविवार को देवी की विधिवत पूजा-अर्चना कर चर्मकील पर कांटे, सुई या कील के नुकीले मुक से हल्का सा रक्त निकालता है और उसी कील के साथ एक सिक्का देवदार के शहतीर में गाड़ता है। मान्यता है कि यदि यह क्रिया शुद्ध भाव, अडिग विश्वास और पारंपरिक नियमों के अनुरूप की जाए, तो चर्मकील स्वतः सूखकर नष्ट हो जाता है। यह विश्वास किसी एक व्यक्ति या समय तक सीमित नहीं, बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे अनुभवजन्य ज्ञान और सामूहिक लोक-अनुभव का परिणाम है।प्रख्यात साहित्यकार और इतिहासकार डॉक्टर हिमेंद्र बाली सहित क्षेत्र के बुजुर्ग आज भी इसे देवी की अनुकंपा और लोकबुद्धि का प्रमाण मानते हैं। हिमालयी लोकसंस्कृति में देवदार वृक्ष को केवल एक वनस्पति नहीं, बल्कि देव-वृक्ष, रक्षक और जीवनदायी सत्ता के रूप में देखा जाता है। इसकी सुगंध, औषधीय गुण और दीर्घायु प्रकृति ने इसे लोक-चिकित्सा, देवी-देवताओं और आस्थाओं से गहरे रूप में जोड़ दिया है।

देहरी वाली माता से जुड़ी यह परंपरा देवी-शक्ति और प्रकृति-शक्ति के सहजीवी संबंध को स्पष्ट करती है। यह आस्था-आधारित लोक-उपचार आधुनिक चिकित्सा का प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि हिमालयी समाज की लोक-चेतना, प्रकृति-पूजा और सांस्कृतिक स्मृति का जीवंत उदाहरण है। ऐसी मान्यताएँ बताती हैं कि पारंपरिक समाज ने स्वास्थ्य, पर्यावरण और अध्यात्म को किस प्रकार एक सूत्र में पिरोकर जीवन को अर्थ दिया।

**अनंत Classifieds**

**बेदखली सूचना**

**मैं, गिरीश कुमार** (69 साल) पुत्र मायाधर पुत्र पदमनाभ निवासी मुहाल पुराना नगर, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र देवेश गौत्तम व बहू सुनंदा राणा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अतः मैं अपने पुत्र देवेश गौत्तम व बहू सुनंदा राणा को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों के साथ लेन-देन और व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी सबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, पार्वती देवी** पत्नी श्री पवन कुमार वासी गांव कंढी डाकघर पनिहार, तहसील बन्जार, जिला कुल्लू, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पवना देवी के स्थान पर मेरा सही नाम पार्वती देवी दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा**

मुकदमा - तक्सीम भूमि
पेशी 11.02.2026
सरन दास पुत्र श्री सालीग्राम (Special Power of Attorney Holder) अजय कुमार पुत्र श्री सरन दास निवासी तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र।
.....वादी

**वनाम**

हेम राज, सुरेश कुमार पुत्र श्री सालीग्राम, बाल कृष्ण पुत्र श्री अमरनाथ, श्रीमति नीलमा कुमारी, रानी देवी, बेबी देवी, इन्द्रा देवी, श्रेष्ठा देवी सभी महाल लंजोत मौजा बसनूर तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा, हि.प्र.
...प्रतिवादीगण

**विषय-** ईशतहार के माध्यम से नोटिस वावत प्रार्थना पत्र वावत तक्सीम भूमि जेर धारा 123 हि.प्र. राजस्व अधिनियम 1954 के तहत तक्सीम भूमि खाता न 8 खतोनी न. 12 खसरा किता- 5 रक्बा तदादी 00-46-63 है. स्थित महाल लंजोत मौजा बसनूर तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. मताबिक जमाबंदी वर्ष 2022-23.

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें उपरोक्त में से कुछ प्रतिवादीगण को बार-बार समन जारी किए गए परन्तु उन प्रतिवादी को सामान्य तरीके से समन की तामील नहीं हो पा रहे है न ही उनका सही पता मालूम नहीं हो पा रहा है। अतः महाल लंजोत में ईशतहार के माध्यम से एक बार पुनः प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस वादग्रस्त भूमि की तक्सीम हेतु असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 11.02.2026 को दोपहर बाद 2 बजे इस न्यायालय में हाजिर आकर अपना एतराज दर्ज करवा सकते हैं। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे ओर बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 27/01/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

> **हिंदी** भारत की राष्ट्रभाषा है और यदि मुझसे भारत के लिए एक मात्र भाषा का नाम लेने को कहा जाए तो वह निश्चित रूप से हिंदी ही है।
>
> –कामराज

## संपादकीय

# बिजली चोरी और स्मार्ट मीटर

हिमाचल प्रदेश में बिजली चोरी एक गंभीर और चुनौतीपूर्ण समस्या बन गई है। जहां एक ओर राज्य सरकार बिजली उत्पादन में लगातार वृद्धि कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली चोरी के कारण इसे पूरी तरह से सही तरीके से वितरण करना मुश्किल हो रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है- स्मार्ट मीटर लगाना। यह पहल न केवल बिजली चोरी पर काबू पाने के लिए है, बल्कि उपभोक्ताओं को सही जानकारी देने और बिलिंग प्र्ािक्रया को पारदर्शी बनाने के लिए भी आवश्यक है।

स्मार्ट मीटर लगाने का काम अब जोर-शोर से चल रहा है, और सरकार का मानना है कि इससे बिजली चोरों पर कड़ा शिकंजा कसा जा सकेगा। इन स्मार्ट मीटरों में खास बात यह है कि ये उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत के बारे में वास्तविक समय में जानकारी देंगे। इसका मतलब यह है कि हर उपभोक्ता को यह पता चलेगा कि उसकी बिजली खपत कितनी है और वह इसे कैसे नियंत्रित कर सकता है। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर में प्री-पेड प्रणाली भी होगी, जिससे उपभोक्ता अपनी जरूरत के अनुसार रिचार्ज कर सकेंगे और अपनी बिजली खपत को और अधिक नियंत्रित कर पाएंगे।

हालांकि, इस पहल को लेकर कुछ भ्रम और अफवाहें भी फैल रही हैं। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने यह दावा किया है कि स्मार्ट मीटर लगाने से उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल मिलेगा और उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान होगा। यह एक गलत धारण है, जिसे बिजली विभाग ने स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। विभाग का कहना है कि यह केवल एक भ्रम है और स्मार्ट मीटर लगाने से न तो उपभोक्ताओं को कोई अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, न ही कोई नुकसान होगा। इसके बजाय, इससे बिजली चोरी पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी और उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग मिलेगी।

विभाग लोगों को जागरूक करने के लिए कई जागरूकता शिविर भी लगा रहा है, ताकि इस फैसले को लेकर उनके मन में कोई भ्रम न हो। इसके बावजूद कुछ लोग इस फैसले की आलोचना कर रहे हैं, खासकर महिलाओं के नाम पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह एक राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह कदम राज्य के समग्र विकास और बिजली चोरी की समस्या को समाप्त करने के लिए जरूरी है।

स्मार्ट मीटर का यह सिस्टम केवल उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नहीं है, बल्कि यह राज्य के लिए भी फायदेमंद है। यदि बिजली चोरी कम होती है और उपभोक्ताओं का बिजली खपत नियंत्रण में रहता है, तो राज्य सरकार के पास अतिरिक्त बिजली उपलब्ध होगी, जिसे वह अन्य राज्यों को बेचकर आय प्राप्त कर सकेगी। इससे सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी और राज्य की वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी।

सरकार का यह स्पष्ट कहना है कि स्मार्ट मीटर का उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा को बढ़ाना है, न कि कोई अतिरिक्त बोझ डालना। जो लोग 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, उनके लिए यह बदलाव कोई नुकसान नहीं करेगा। इसके अलावा, यदि किसी उपभोक्ता को मीटर में कोई गड़बड़ी या ज्यादा बिल आने का शक हो, तो वह उस मीटर को बदलवा सकता है और पुराने मीटर के साथ नए मीटर की रीडिंग का मिलान भी कर सकता है। यह एक अहम पहल है, जिसे सरकार ने उपभोक्ताओं के हित में शुरू किया है। स्मार्ट मीटर की प्रणाली से न केवल बिजली चोरी पर काबू पाया जाएगा, बल्कि बिजली खपत में भी पारदर्शिता आएगी। यह कदम राज्य के ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस बदलाव को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखें और सरकार के साथ मिलकर इस पहल का समर्थन करें। यह एक ऐसा कदम है, जो राज्य की बिजली व्यवस्था को और अधिक सक्षम और पारदर्शी बनाएगा। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के 'राष्ट्रपिता'

**महात्मा** गांधी ( जन्म : 2 अक्तूबर 1869, पोरबंदर; मृत्यु : 30 जनवरी 1948) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता, विचारक और राष्ट्रपिता थे। उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। वे अहिंसा और सत्य पर आधारित संघर्ष के सिद्धांत के लिए विश्व विख्यात हुए। राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ वे एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे, जिनका जीवन मानवता, नैतिकता और सामाजिक न्याय को समर्पित रहा।



महात्मा गांधी
जन्म : 2 अक्तूबर, 1869
मृत्यु : 30 जनवरी, 1948

गांधीजी का जन्म एक वैष्णव परिवार में हुआ। उनके पिता करमचंद गांधी गुजरात की रियासतों में दीवान थे और माता पुतलीबाई धार्मिक, सहिष्णु और अनुशासित महिला थीं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद 1888 में गांधी इंग्लैंड गए और लंदन के इनर टेंपल से बैरिस्टर बने। दक्षिण अफ्रीका में उन्हें नस्लीय भेदभाव का सामना करना पड़ा, जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी। वहीं से सत्याग्रह का जन्म हुआ-एक ऐसा अहिंसक संघर्ष, जिसमें अन्याय का विरोध बिना हिंसा के किया जाता है। 1906 में भारतीयों के अपमानजनक पंजीकरण कानून के विरोध में सत्याग्रह ने संगठित रूप लिया। गांधीजी की धार्मिक खोज बहुआयामी थी।

उन्होंने गीता, कुरान, बाइबिल और टॉल्सटॉय के विचारों का अध्ययन किया और निष्कर्ष निकाला कि सभी धर्म सत्य की खोज करते हैं, किंतु अपूर्ण हैं। अपरिग्रह और समभाव उनके जीवन के मूल सिद्धांत बने। उनकी प्रसिद्ध आत्मकथा सत्य के प्रयोग (My Experiments with Truth) उनके जीवन-दर्शन को प्रस्तुत करती है। हिंद स्वराज में उन्होंने आधुनिक सभ्यता की आलोचना और स्वराज की अवधारणा रखी। चरखा, खादी और स्वदेशी गांधी के आर्थिक-सामाजिक दर्शन के प्रतीक थे। वे आत्मनिर्भरता, समानता और नैतिक राजनीति के पक्षधर थे। महात्मा गांधी इतिहास में केवल एक नेता नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा के शाश्वत विचार के रूप में स्थापित हैं। ■



कविता

### हम वीर सैनिक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

योगिंद्र पाल वालिया, डडौर (नेरचौक) जिला मंडी, मो. 94591-35322

**भारत** की सरहद पर बैठा हूं प्रहरी बनकर,
कहते हैं वीर सैनिक, हाथ में रहता है तिरंगा,
मां भारत धरती तुझे प्रणाम, तुझे प्रणाम।
मैं अकेला नहीं, मेरे साथ है तेरे अनेक सपूत,
हम सब तेरे आंचल में बैठे, देखते हैं लहराता तिरंगा,
मां भारत धरती तुझे प्रणाम, तुझे प्रणाम।
सरहद पर कोई जब शहीद होता, आंसू निकल आते,
अगले पल कर्तव्य याद कर उठा लेते हैं तिरंगा,
शहीद की जन्मदाती तुझे प्रणाम, तुझे प्रणाम।
सैनिकों की भूमिका पर सवाल उठते हैं,
फर्क नहीं पड़ता, हमने उठा रखा है तिरंगा,
मां जन्मदाती तुझे प्रणाम, तुझे प्रणाम।
सरहद पर आ गई है साथ देने हमारी बहनें,
नाज है बहनो पर जिन्होंने उठाया है तिरंगा,
बहनों को प्रणाम, बहनों को प्रणाम।
जब तक है दमखम मां धरती की रक्षा करेंगे,
कभी झुकने नहीं देंगे हाथ में लिया तिरंगा,
मां भारत धरती तुझे प्रणाम, तुझे प्रणाम।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गांधी आज इतिहास के पन्नों में नहीं, बल्कि हर धड़कन में हैं



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक
कृषि विवि, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

तीस जनवरी को हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, जे पीर पराई जाणे रे' गाकर और 'हे राम' का स्मरण करते हुए याद करते हैं, परंतु गांधी की यात्रा केवल स्मृति तक सीमित नहीं है। सड़कों से सेतु तक, संघर्ष से सत्य तक, उनकी यात्रा आज भी अविरल है। गांधी को किताबों में बंद नहीं किया जा सकता और न ही पत्थर की मूर्तियों में कैद। गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं-एक जीवंत चेतना।

खादी गांधी का केवल सपना नहीं थी, वह सत्य थी और आर्थिक आत्मनिर्भरता का मार्ग भी। गांधी लोगों को जोड़ते थे, और आज भारत को फिर उसी की आवश्यकता है। गांधी जी ने समाज के हर वर्ग को जोड़कर एक विशाल साम्राज्य के विरुद्ध खड़ा किया था। खादी इस जोड़ने की प्रक्रिया का सशक्त माध्यम बनी। किसान कपास उगाता था, स्त्री-पुरुष सूत कातते थे, बुनकर कपड़ा बनाता था और दर्जी उसे पहनने योग्य बनाता था। खादी भारत की आत्मा की तरह हर शरीर से जुड़ गई।

दरअसल, खादी वस्त्र नहीं, विचार थी-समानता, स्वाभिमान और स्वदेशी का विचार। नाथूराम गोडसे ने तीन गोलियों से गांधी को मारने का प्रयास किया, पर वह केवल शरीर तक सीमित रहा। विचार, सत्य और अहिंसा जीवित रहे। यह संयोग नहीं कि तीन ही गोलियां चलाई गईं। गांधी में तीन स्तर थे-शरीर, विचार और आचरण। शरीर मारा गया, पर सत्य और अहिंसा आज भी भारत की आत्मा में जीवित हैं। शरीर को मारा जा सकता है, पर विचार को नहीं। इसी कारण गांधी मरकर भी जीवित हैं।

आज यह प्रश्न उठता है कि सरकारें बार-बार गांधी को क्यों मिटाने का प्रयास करती हैं? क्या नफरत गांधी से है, या सत्य और अहिंसा से? 2005 में बना महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) केवल एक योजना नहीं, बल्कि गांधी के श्रम-सम्मान के विचार का प्रतीक था। आज जब उसके नाम से गांधी को हटाने का प्रयास हो रहा है, तो यह केवल नाम बदलने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सुनियोजित वैचारिक विलोपन है, परंतु गांधी शब्द मिटाया नहीं जा सकता।

गांधी का धर्म किसी संप्रदाय तक सीमित नहीं था। उनका धर्म सत्य और अहिंसा था। वे हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख या जैन नहीं, बल्कि मानवता के प्रतिनिधि थे। यही कारण है कि वे भारत में मारे गए, पर विश्व में अमर हो गए। आततायी उनकी आत्मा को नहीं मार सका, न ही उनके धर्म को। आज भी विश्व के अनेक देश गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाते हैं। गांधी दीवार पर टंगी तस्वीर नहीं हैं। वे हर संवेदनशील मनुष्य के हृदय में बसे महामानव हैं। आज कोई गांधी नहीं बन सकता, पर जो सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलता है, वह गांधी का अनुयायी अवश्य बन सकता है। प्रतिकृति बन सकती है, पूर्ण गांधी नहीं।



दुर्भाग्य है कि आज भारत में गांधी को उपेक्षित और आरोपित किया जा रहा है। उन्हें भारत विभाजन का दोषी ठहराया जाता है, पर यह नहीं बताया जाता कि सत्य और अहिंसा का मार्ग कितना कठिन था। उन्होंने कभी लालच नहीं चुना, कभी मार्ग से नहीं डिगे। उनका एक ही संकल्प था-एक स्वतंत्र, समान और न्यायपूर्ण भारत। वे जानते थे कि हिंसा से मिली जीत स्थायी नहीं होती, जबकि सत्य और अहिंसा से मिली विजय शाश्वत होती है। स्वतंत्र भारत की विडंबना यह है कि गांधी ही उसके पहले आतंकी हिंसा के शिकार बने। उनकी हत्या से केवल भारत नहीं, पूरा विश्व स्तब्ध रह गया। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि सत्य और अहिंसा के पुजारी को उसी के देश में हथियार से मारा जाएगा-उस हथियार से, जिसका गांधी जीवनभर विरोध करते रहे।आज भारत का कोई भी राजनेता, चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में, जब विश्व मंच पर जाता है तो उसे कहना पड़ता है-हम गांधी के देश से हैं। गांधी और बुद्ध भारत की वैश्विक पहचान हैं। इनके बिना भारत की कोई नैतिक पहचान नहीं बचती।

2014 के बाद गांधी को धीरे-धीरे मिटाने का नया प्रयास शुरू हुआ-कैलेंडरों से, योजनाओं से, प्रतीकों से। यह गोली से नहीं, विचार के क्षरण से हत्या का प्रयास है, पर इतिहास गवाह है-गांधी को मिटाया नहीं जा सकता। गांधी अकारण दक्षिण अफ्रीका से भारत नहीं आए थे। वे भारत के दर्द से द्रवित होकर लौटे थे। उन्होंने पहले भारत को समझा, फिर भारत को जोड़ा। जो गांधी के साथ चला, वह इतिहास बना। जो सत्ता से सुविधा लेता रहा, वह समय में गुम हो गया।

आज भी सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले आंदोलनों को कुचला जा रहा है-कभी कीलों से, कभी बैरियरों से, कभी गोलियों और लाठियों से। यह विडंबना है कि अंग्रेजों के समय सड़कों पर कीलें नहीं थीं, पर आज हैं। तीस जनवरी 1948 को भारत में आतंक की शुरुआत गांधी की हत्या से हुई। आज आतंक के अनेक रूप हैं-राजनीतिक, धार्मिक, न्यायिक, पुलिस और बाजार का आतंक। हर आतंक में मरती है जनता और मानवता।

आइए, इस तीस जनवरी को केवल श्रद्धांजलि न दें, बल्कि संकल्प लें-गांधी से शुरू हुए आतंक को समाप्त कर, सत्य और अहिंसा के राज्य की पुनर्स्थापना के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। यही गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 77वीं गणतंत्र दिवस परेड में आपदा मित्रों की ऐतिहासिक सहभागिता



राजन शर्मा
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ
जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

77वीं गणतंत्र दिवस परेड-2026 के अवसर पर भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल करते हुए नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर देश के सामुदायिक आपदा-तैयारी स्वयंसेवकों-युवा आपदा मित्र एवं आपदा मित्र टुकड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की। यह पहली बार था जब जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले आपदा प्रबंधन स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय मंच पर इस प्रकार सम्मानित किया गया। यह कदम भारत की सामुदायिक सशक्तिकरण और आपदा-लचीलापन (Disaster Resilience) की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

देश के सभी 350 जिलों से चयनित युवा आपदा मित्र और आपदा मित्र स्वयंसेवकों की भागीदारी गणतंत्र दिवस समारोह के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ये स्वयंसेवक भारत सरकार के आपदा जोखिम प्रबंधन ढांचे के अंतर्गत प्रशिक्षित सामुदायिक प्रति‍ि‍याकर्ताओं का अखिल भारतीय नेटवर्क हैं, जो प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रथम पंक्ति के रक्षक के रूप में कार्य करते हैं। उनकी उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि आपदा प्रबंधन केवल सरकारी एजेंसियों तक सीमित नहीं, बल्कि समुदायों की सक्रिय भागीदारी से ही प्रभावी बनता है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा आपदा मित्रों को समर्पित एक विशेष झांकी भी प्रस्तुत की गई। यह झांकी देशभर में कार्यरत उन स्वयंसेवकों को सम्मान देने का प्रतीक थी, जो बाढ़, चक्रवात, भूस्खलन और भूकंप जैसी आपदाओं में जोखिम उठाकर लोगों की जान बचाते हैं। झांकी ने एक आत्मनिर्भर और लचीले भारत के निर्माण में सामुदायिक प्रयासों की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया। आपदा मित्र पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों के स्वयंसेवकों को तत्काल आपदा प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करना है। इस योजना के तहत स्वयंसेवकों को खोज एवं बचाव, प्राथमिक उपचार, राहत समन्वय और आपातकालीन प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे आपदा के शुरुआती क्षणों में आधिकारिक बचाव बलों के पहुंचने से पहले प्रभावी भूमिका निभा सकें। वहीं, युवा आपदा मित्र योजना विशेष रूप से युवाओं की ऊर्जा, प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए तैयार करती है। गणतंत्र दिवस समारोह में आपदा मित्र स्वयंसेवकों को सरकार के विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाना अपने आप में एक सम्मानजनक और प्रेरणादायी कदम था। मेघालय जैसे राज्यों से आए आपदा मित्रों की कहानियां-जो मास्टर ट्रेनर और आपात स्थितियों में फ्रंटलाइन रिस्पॉन्डर के रूप में कार्य कर चुके हैं-इस पहल के गहरे सामाजिक प्रभाव को उजागर करती हैं। यह पहल उन व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जिनके तहत सरकार जमीनी स्तर पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले नागरिकों को सम्मानित कर रही है। जब 77वें गणतंत्र दिवस परेड में 'वंदे मातरम' और राष्ट्रीय प्रगति की थीम के साथ युवा आपदा मित्र और आपदा मित्र स्वयंसेवक सांस्कृतिक झांकियों, सैन्य टुकड़ियों और रक्षा बैंड्स के साथ मार्च कर रहे थे, तब यह राष्ट्रवाद की एक समावेशी और सहभागी अवधारणा को प्रस्तुत कर रहा था। यह दृश्य इस बात का प्रतीक था कि हर जिला, हर समुदाय और हर स्वयंसेवक भारत की सुरक्षा और तैयारी में समान भागीदार है।



अंततः, 77वें गणतंत्र दिवस पर आपदा मित्रों की सहभागिता भारत के आपदा प्रबंधन इतिहास में एक ऐतिहासिक पहल है। यह स्पष्ट करता है कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण केवल संस्थागत प्रयास नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है। प्रशिक्षित और सशक्त युवा ही आपदा-सहिष्णु भारत की रीढ़ हैं। यह पहल एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में निश्चित ही एक मील का पत्थर साबित होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मार्क टुली : भारतीय पत्रकारिता और पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए आदर्श



हेमंत नेगी
एपीआरओ, बिलासपुर
मो. 70181-48664

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सर विलियम मार्क टुली (24 अक्तूबर 1935-25 जनवरी 2026) का नाम भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में केवल एक विदेशी संवाददाता के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे संवेदनशील दृष्टा के रूप में दर्ज है, जिसने भारत को देखा ही नहीं, बल्कि उसे समझा, जिया और दुनिया के सामने उसके यथार्थ को पूरी गरिमा के साथ प्रस्तुत किया।

ऐसे समय में जब पत्रकारिता प्रायः शोर, शीघ्रता और सतहीपन से घिरी दिखाई देती है, मार्क टुली की जीवन-दृष्टि और कार्यशैली पत्रकारिता के विद्यार्थियों और पेशेवरों दोनों के लिए एक स्थायी मानक के रूप में उभरती है। वे इस बात के प्रमाण हैं कि बिना शोर, बिना प्रचार और बिना पक्षपात के भी पत्रकारिता न केवल प्रभावशाली हो सकती है, बल्कि समाज की चेतना को दिशा देने वाली शक्ति बन सकती है। मार्क टुली वर्ष 1964 में बीबीसी से जुड़े और एक भारतीय संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए 1965 में भारत आए। इसके बाद लगभग तीन दशकों तक उन्होंने भारत और पूरे दक्षिण एशिया की प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया।

उनके कार्यकाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष, भोपाल गैस त्रासदी, ऑपरेशन ब्लू स्टार, इसके पश्चात इंदिरा गांधी की हत्या और सिख विरोधी दंगे, राजीव गांधी की हत्या तथा बाबरी मस्जिद विध्वंस जैसी निर्णायक घटनाएं शामिल रहीं, जिन पर उनकी रिपोर्टिंग न तो उत्तेजक थी और न ही पूर्वाग्रह से ग्रस्त, बल्कि तथ्य, संतुलन और मानवीय दृष्टि से परिपूर्ण रही। उन्होंने सत्ता से प्रश्न किए, पर भाषा की मर्यादा और लोकतांत्रिक गरिमा को कभी आहत नहीं किया। उनका लेखन केवल पत्रकारिता नहीं, बल्कि समाज-दर्शन था। उनकी पुस्तकों में भारत किसी अखबारी शीर्षक की तरह नहीं, बल्कि एक जीवंत, जटिल और निरंतर विकसित होती सभ्यता के रूप में सामने आता है। मार्क टुली भारतीय पत्रकारिता में उस परंपरा के प्रतिनिधि थे, जो शोर नहीं, बल्कि समझ पैदा करने में विश्वास रखती है। No Full Stops in India में उन्होंने यह स्थापित किया कि भारत कोई ठहरा हुआ देश नहीं, बल्कि एक सतत प्रवाह है, जहां प्रत्येक पड़ाव एक नई शुरुआत का संकेत देता है। Amritsar: Mrs Gandhi's Last Battle में सत्ता, धर्म और राजनीति के टकराव को जिस निर्भीकता और संतुलन के साथ प्रस्तुत किया गया है, वह पत्रकारिता की नैतिक प्रतिबद्धता का उदाहरण है। वहीं The Heart of India शहरी चकाचौंध से परे उस भारत को सामने लाती है, जो खेतों, कस्बों और आम जन की पीड़ा तथा आकांक्षाओं में सांस लेता है। India in Slow Motion यह समझाती है कि भारत में परिवर्तन अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे समाज की आत्मा में उतरता है।

The BBC: A Personal View में टुली पत्रकारिता संस्थानों की स्वतंत्रता, नैतिकता और सीमाओं पर आत्मालोचनात्मक दृष्टि डालते हैं। मार्क टुली की विचारधारा किसी राजनीतिक खांचे में सीमित नहीं थी। वे मानते थे कि पत्रकार का धर्म सत्ता का विरोध करना नहीं, बल्कि सत्य को निर्भीकता और संतुलन के साथ सामने लाना है।

उनके लिए पत्रकारिता सूचना का संप्रेषण मात्र नहीं, बल्कि समाज को समझने और समझाने की प्रक्रिया थी। वे भारत को पश्चिमी चश्मे से नहीं, बल्कि उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक जटिलताओं और ऐतिहासिक अनुभवों के संदर्भ में देखने पर बल देते थे। उनका यह भी विश्वास था कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि नागरिक चेतना और संस्थागत नैतिकता से जीवित रहता है।

तेज, उत्तेजक और बाजार-प्रेरित मीडिया के वर्तमान दौर में मार्क टुली की धीमी, विचारशील और संदर्भ-आधारित पत्रकारिता एक नैतिक प्रतिरोध की तरह दिखाई देती है। पद्मश्री (1992) और पद्म भूषण (2005) से सम्मानित टुली केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि ऐसी पत्रकारिता का विचार थे, जो सत्ता या बाज़ार की नहीं, बल्कि समाज और सत्य की सेवा करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ट्रेंडिंग: सोशल मीडिया, पर्यटन, देवभूमि हिमाचल और सार्वजनिक मर्यादा



डॉ. नीतिका शर्मा
शोधार्थी, हि.प्र. केंद्रीय विवि
भोरंज, जिला हमीरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर देवभूमि हिमाचल का पर्यटन लगातार ट्रेंड कर रहा है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्मों पर हिमाचल से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रही हैं। पहली नजर में यह लोकप्रियता पर्यटन के लिए सकारात्मक प्रतीत होती है, लेकिन इसके साथ कई गंभीर सवाल और चिंताएं भी सामने आ रही हैं। हाल के दिनों में बाहरी पर्यटकों द्वारा बनाए गए कुछ आपत्तिजनक वीडियो ने देवभूमि हिमाचल की सांस्कृतिक गरिमा और शांत छवि पर गहरा आघात किया है।

सोशल मीडिया पर हिमाचल के पर्यटन की तुलना गोवा से की जा रही है, जो न केवल भ्रामक, बल्कि तर्कहीन भी है। हिमाचल की पहचान कभी पार्टी डेस्टिनेशन के रूप में नहीं रही। यह भूमि आध्यात्म, प्रकृति, संयम और सांस्कृतिक संतुलन की प्रतीक रही है। यहां की वादियां, मंदिर और गांव केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि आस्था और जीवनशैली का हिस्सा हैं। ऐसे में कुछ कंटेंट क्रिएटर्स और पर्यटक सस्ती लोकप्रियता के लिए सार्वजनिक मर्यादा की सीमाएं लांघते दिखाई दे रहे हैं। हाल के दिनों में कुल्लू-मनाली और शिमला जैसे क्षेत्रों से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें धार्मिक स्थलों पर धूम्रपान, बर्फ में अर्धनग्न होकर नृत्य, सार्वजनिक सड़कों पर शराब के नशे में हुड़दंग और तेज संगीत बजाने जैसी घटनाएं दिखाई गई हैं। मनाली का प्रसिद्ध हिडिंबा देवी मंदिर भी ऐसे कृत्यों से अछूता नहीं रहा। इन घटनाओं से स्थानीय निवासियों में भारी रोष है और वे इसे अपनी संस्कृति व आस्था का अपमान मानते हैं।

ये घटनाएं केवल सामाजिक और सांस्कृतिक समस्या नहीं हैं, बल्कि शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करती हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई न होना कानून व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है। जब नियमों का उल्लंघन खुलेआम होता है और दंड नहीं मिलता, तो ऐसे कृत्यों को बढ़ावा मिलता है।



पर्यावरणीय दृष्टि से भी स्थिति चिंताजनक है। हिमाचल प्रदेश में प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध है, इसके बावजूद पर्यटन के दबाव के कारण कचरे के ढेर, प्लास्टिक बोतलें और प्रदूषण आम दृश्य बनते जा रहे हैं। पर्यटन के नाम पर फैलाया गया कचरा और शोर न केवल हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि देवभूमि की शांति और संतुलन को भी भंग कर रहा है। आज के दौर में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि लोग बचपन में सीखी नैतिक शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों को भूलकर कुछ क्षणों की डिजिटल लोकप्रियता के लिए सार्वजनिक मर्यादा का त्याग कर रहे हैं।

सोशल मीडिया का उपयोग अभिव्यक्ति का माध्यम होना चाहिए, न कि सांस्कृतिक विघटन का औजार। इन नकारात्मक ट्रेंड्स के बीच अब स्थानीय जनता, बुद्धिजीवी और पर्यावरणविद् जिम्मेदार और शिक्षित पर्यटन की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि पर्यटन का अर्थ केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि उस स्थान की संस्कृति, पर्यावरण और परंपराओं का सम्मान करना भी है। प्रशासनिक स्तर पर भी ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार को संवेदनशील क्षेत्रों और धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त नियम, निगरानी तंत्र और दंड व्यवस्था लागू करनी होगी। तभी हिमाचल की पहचान पार्टी जोन के बजाय अध्यात्म, प्रकृति और शांति के पर्यटन स्थल के रूप में सुरक्षित रह सकेगी।

देवभूमि हिमाचल को ट्रेंड नहीं, सम्मान चाहिए-और यह जिम्मेदारी पर्यटक, समाज और शासन सभी की साझा है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### रेहड़ी-फड़ी व झूलों की निविदाओं की तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 2026 के दौरान रेहड़ी-फड़ी लगाने तथा झूलों की स्थापना के लिए आमंत्रित निविदाओं की अंतिम तिथियों को आगे बढ़ा दिया गया है। सहायक आयुक्त एवं सचिव, अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी कुलदीप सिंह पटियाल ने बताया कि अब रेहड़ी-फड़ी से संबंधित निविदाएं 7 फरवरी को दोपहर 1 बजे तक तथा झूलों की स्थापना के लिए निविदाएं 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे तक जमा की जा सकेंगी। दोनों श्रेणियों की निविदाएं संबंधित अंतिम तिथि के दिन दोपहर 3 बजे खोली जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निविदाओं की सभी शर्तें व नियम पूर्ववत रहेंगे।

### करसोग में आज रखा जाएगा 2 मिनट का मौन

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व अन्य शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को दो मिनट का मौन रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए ठीक 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया जाएगा। इस दौरान करसोग कस्बे में समस्त यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा और सभी वाहन जहां हैं, वहीं रोक दिए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों, वाहन चालकों व आम नागरिकों से अपील की है कि वे दो मिनट का मौन रखकर शहीदी दिवस को सम्मान और गरिमा के साथ मनाएं।

### हिमाचल-केरल सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान, मंडी।** निर्मला कॉलेज केरल में हिमाचल और केरल के मध्य चार दिवसीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय पनारसा के 16 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पनारसा महाविद्यालय से कार्यक्रम समन्वयक पुस्तकाध्यक्ष बिंदु सूर्यवंशी ने बताया कि परिचय सत्र, भाषा का आदान-प्रदान तथा शोध पत्रों पर चर्चा, हिमाचल और केरल के विद्यार्थियों द्वारा लोक नृत्य एवं लोक गीतों की प्रस्तुतियाँ, केरल के प्रमुख स्थलों फोर्ट कोची, कोची बीच और हिल पैलेस म्यूजियम का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान निर्मला कॉलेज केरला के प्राचार्य सहित डॉ. सूजिदा, डॉ. जूलिया, प्रोफेसर अनु, प्रोफेसर अगस्टीन एवं अन्य शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन रहा।

### पधर में आज कुछ देर के लिए थमेगा यातायात

**अनंत ज्ञान टीम, मंडी/पधर।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में 30 जनवरी को उपमंडल पधर में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। उपमंडल प्रशासन के अनुसार, सुबह 11 बजे से 11:02 बजे तक समस्त यातायात पूर्णतः बंद रहेगा और सभी वाहन वहीं रोक दिए जाएंगे। प्रशासन ने नागरिकों, विभागों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर मौन धारण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करें। गौर रहे कि जिलेभर में प्रातः 11 बजे से 11:02 बजे तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। इस दौरान समस्त गतिविधियां स्थगित रहेंगी तथा सड़कों पर भी यातायात दो मिनट के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। यह जानकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने दी।

### अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज, टांडा (डडौर) में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं के अधिकार, आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता तथा नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस दौरान 'सशक्त नारी, सशक्त भारत', महिला सशक्तिकरण, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2024 (महिला आरक्षण) तथा विकसित भारत 2047 में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। छात्राओं ने सवाल पूछे और अपने विचार साझा किए, जिससे सीखने व आगे बढ़ने की गहरी रुचि दिखाई दी। कार्यक्रम ने बच्चों में आत्मविश्वास, जागरूकता और नेतृत्व भावना को प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने कहा कि जागरूक और आत्मनिर्भर बालिका ही सशक्त भारत की नींव है तथा शिक्षा, आत्मसम्मान और अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

# जोखिम के साथ जी का जंजाल बना फोरलेन

## मंडी से झलोगी तक सफर मुश्किल, एक साल बीतने के बाद भी फ्रेंडली नहीं हो सके ब्लैक प्वॉइंट

अनंत ज्ञान



32 किलोमीटर के सफर के लिए 2 घंटे से ज्यादा का लग रहा समय। अनंत ज्ञान

**पंडोह, बालक राम।** चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राज मार्ग का मंडी से झलोगी तक 32 किलोमीटर का मार्ग जी का जंजाल बना हुआ है। इससे पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों इस 32 किलोमीटर सफर के लिए 2 घंटे से ज्यादा का समय लग रहा है। इससे नौकरी पेशा और स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चे भी समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

इसका सबसे बड़ा कारण मंडी से झलोगी तक लगभग 1 दर्जन ब्लैक प्वॉइंट है, जहां अभी भी वन-वे वाहनों योग्य ही सड़क मार्ग है। एनएचएआई ने 3 माह पूर्व ही इन ब्लैक प्वॉइंट को फ्रैंडली करने की बात की है। पहला ब्लैक पंडोह के पास नौ मील है। जहां सड़क तंग है, जबकि दूसरा और बड़ा ब्लैक प्वॉइंट पंडोह बाजार है। जहां बेतरतीब वाहनों की पार्किंग सबसे बड़ी समस्या है, जबकि यहां 24 घंटे पुलिस तैनात रहती है। फिर भी जाम कंट्रोल नहीं हो आ रहा है। तीसरा ब्लैक प्वॉइंट पंडोह डैम के ऊपर कैंची मोड़ है, जहां रोप-वे के कारण वाहनों की बड़ी भीड़ और तंग मोड़ समस्या का कारण बना हुआ है। तीसरा डयोड है, जहां लगातार पहाड़ी से लैंडस्लाइड आने से फोर-लेन को वन वे डायवर्ट किया गया है। चौथा ब्लैक प्वॉइंट हटौण लिक रोड में धंसा सड़क मार्ग है। पांचवां जोगणी मोड़ की तंग सड़क और छठा खोती नाला का क्षतिग्रस्त पुल है। जहां दो वाहनों का एक साथ न होना बड़ी मुसीबत बना हुआ है। सातवां हणोगी पुल से पहले हुआ लैंडस्लाइड है। आठवां हणोगी की एक ट्रैफिक टन का बंद होना है, जो फ्लाईओवर दो-तीन स्थानों पर बने फ्लाईओवर के कारण 6 माह से बंद पड़ी हुई है। 9वां हणोगी टनल का टूटा फ्लाईओवर हैं। इसके पुनर्निर्माण के कारण भी जाम लगा रहता है। 10 और ग्यारहवां और बारहवां ब्लैक प्वॉइंट झुले से झलोगी तक 1.5 किलोमीटर सड़क का वह हिस्सा है जो सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त हुआ है। एक तरफ पहाड़ी से हुआ लैंडस्लाइड है, तो दूसरी ओर ब्यास का बढ़ता पानी सड़क की बदहाली का कारण है। यही झलोगी में हुई भारी लैंडस्लाइड के कारण टनल का मुहाना आज भी एक वर्ष बीत जाने पर बंद पड़ा हुआ है। बता दें कि एक तरफ टूटी फुटी सड़क, जगह-जगह हुआ लैंडस्लाइड और तंग मोड़ और पुलिया इस सड़क मार्ग के सबसे बड़े बाधक है। हर रोज एक दो दुर्घटनाएं इस मार्ग में आम हो गई है। मंडी पुलिस ने 3 ब्लैक प्वॉइंट पर पुलिस जवानों जरूर तैनात किए हैं, लेकिन सड़क की हालत काफी दयनीय है।

इस संबंध में पूर्व प्रधान नागधार पंचायत दलिप ठाकुर ने बताया कि इस मार्ग के दयनीय हालत के लिए जहां एनएचएआई जिम्मेदार है। वहीं, फोर-लेन निर्माण में जुटी कंपनियों द्वारा भी सड़क मरम्मत के कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इस संबंध में कंपनी के टीम लीडर आदर्श पनंहोतर ने बताया कि हमने सभी ठेकेदारों से सड़क मरम्मत के आदेश दिए हैं। मौसम खुलते हैं सड़क मार्ग मरम्मत कार्य तेज कर दिए जाएंगे।

## छोटा भंगाल-चौहार घाटी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** दुर्गम छोटा भंगाल और चौहार घाटी के लोगों में वर्षों से विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर गहरी निराशा है। आजादी के आठ दशक बाद भी अधिकांश गांवों में सड़क सुविधा का अभाव है, और बनी सड़कें भी उबड़-खाबड़ व कच्ची हैं। प्राथमिक से लेकर जमा दो तक की पाठशालाओं में कई पद खाली हैं, जबकि स्वास्थ्य केंद्रों और वेटरनरी डिस्पेंसरी में भी स्टाफ की कमी बनी हुई है। छोटा भंगाल के समाजसेवी धर्म चंद ठाकुर ने बताया कि बरोट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन अब तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल पा रही। राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में प्राचार्य और विषय प्रवक्ताओं के पद लगभग दो वर्ष से खाली होने के कारण छात्र संख्या घटकर 59 रह गई। धर्मचंद ने प्रदेश सरकार से इन दुर्गम क्षेत्रों में समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग दोहराई है।

## सदर क्षेत्र में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर पंचायत स्तर पर बैठकें

◆ चंपा ठाकुर ने लोगों से किया आंदोलन से जुड़ने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र की धुआं देवी, धार व मंझवाड़ ग्राम पंचायतों में बैठकें जिला कांग्रेस पार्टी की अध्यक्षा चंपा ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुईं, जिनमें सदर विधानसभा चुनाव के मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रभारी राकेश कुमार जोगिंदर नगर उपस्थित रहे। सदर के पूर्व अध्यक्ष योगेश पटियाल सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने भी लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा गरीबों व बेरोजगार लोगों के जीवन जीने की रीढ़ थी, लेकिन मोदी सरकार ने इसे कमजोर कर दिया और रोजगार गारंटी समाप्त कर दी। आरोप लगाया गया कि पंचायतों में ग्राम सभा की शक्तियां छीनी गईं और विकास कार्यों की स्वीकृति की पावर हटाई गई, जिससे लैंड डेवलपमेंट, ब्रेस्ट वाल, रिटेनिंग वाल और गौशाला निर्माण कार्य प्रभावित होंगे। चंपा ने लोगों से आंदोलन से जुड़ने तथा पंचायत प्रतिनिधियों से एकमत होकर कांग्रेस के साथ चलते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर काले कानून वापस लेने का दबाव बनाने का आह्वान किया।

## एडवोकेट पाल वर्मा बने ड्रैगन बोट और ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसो. के जिला अध्यक्ष

अनंत ज्ञान



चुनाव उपरांत सामूहिक चित्र में चयनित पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले में ड्रैगन बोट जिला मंडी और ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चुनाव ऑब्जर्वर युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कोच विक्रम बिष्ट की अध्यक्षता में बीडीओ कॉन्फ्रेंस हॉल में हुए, जबकि बतौर रिटर्निंग ऑफिसर वरिष्ठ अधिवक्ता बार एसोसिएशन के महासचिव लीला प्रकाश एवं ड्रैगन बोट हिमाचल प्रदेश एंड ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार की निगरानी में संपन्न हुए।

जिले के बल्ह क्षेत्र से संबंध रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता और जिला परिषद के जिला अध्यक्ष पाल वर्मा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर चुने गए। इस नियुक्ति पर पाल वर्मा ने ड्रैगन बोट और ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार (आईएएस) का धन्यवाद किया और कहा कि प्रदेश में पारंपरिक खेलों को सुदृढ़ और उनके विस्तार के लिए जिला मंडी एसोसिएशन निरंतर प्रयत्नशील रहेगी। युवाओं और समाज को जल क्रीड़ा और अन्य पारंपरिक खेलों के साथ जोड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएंगे, ताकि इन महत्वपूर्ण और हमारी संस्कृति से जुड़े खेलों को आगे बढ़ाया जाए। ड्रैगन बोट जिला मंडी और ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पाल वर्मा ने कहा कि पारंपरिक खेल जहां एक ओर युवाओं को नशे जैसी आदतों से दूर रखता है, तो वहीं ये खेल हमारे समाज को एक रखने में भी अपनी महत्वपूर्ण रखते हैं। चुनाव ऑब्जर्वर युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कोच विक्रम बिष्ट ने बताया कि हुकम सिंह ठाकुर, नीरज शर्मा, दीक्षा शर्मा, कुलदीप ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष, संजय ठाकुर जिला महासचिव, वेदप्रकाश, विजय भाटिया, कोमल, गरिमा, योगेश ठाकुर, घनश्याम सोनी को सचिव और रमन शर्मा को जिला मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्ति दी। महेंद्र, चेतन शर्मा, धवल कीर्ति, सतीश कुमार, विक्रांत बक्शी, विशाल मडोतरा, राहुल गुमरा, पूर्णानंद, दिया और केदारनाथ को जिला एसोसिएशन का सदस्य बनाया गया। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएंगी।

## महिलाओं ने शानन डाकघर बंद होने का जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के शानन स्थित ऐतिहासिक डाकघर को बंद किए जाने के विरोध में शानन तथा आसपास के गांवों की महिलाओं का एक शिष्टमंडल स्थानीय विधायक से उनके गोलुवां स्थित निवास स्थान पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के समक्ष डाकघर बंद करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में स्थित यह डाकघर अचानक अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह डाकघर अंग्रेजों के समय वर्ष 1932 से क्षेत्र व आसपास के इलाकों की जनता को सेवाएं देता आ रहा था। शानन पावर हाउस की तरह यह डाकघर भी क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि आज भी शानन व आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोग धन जमा कराने, बचत योजनाओं तथा अन्य डाक संबंधी कार्यों के लिए इसी डाकघर पर निर्भर थे, लेकिन किन परिस्थितियों में इसे बंद कर अन्य स्थान पर ले जाया गया, यह समझ से परे है। शिष्टमंडल ने स्थानीय विधायक से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए डाकघर के ऐतिहासिक, आर्थिक और सामाजिक महत्व को देखते हुए इसे पुनः शानन में खोलने की अनुशंसा संबंधित विभाग व अधिकारियों से करने का आग्रह किया। इस पर स्थानीय विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को संबंधित विभाग के समक्ष उठाएंगे तथा सांसद कंगना रनौत से भी इस विषय में चर्चा कर समाधान का प्रयास करेंगे।

### नशा मुक्ति अभियान समिति धर्मपुर की कार्यकारिणी गठित

## भूपिंदर भूप्पी अध्यक्ष और डॉ. वीना राठौर को चुना सलाहकार



नशा मुक्ति अभियान समिति धर्मपुर ने की बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नशा मुक्ति अभियान समिति धर्मपुर की बैठक टिहरा रेस्ट हाउस में हुई। इसमें खंड कार्यकारणी का विस्तार एवं पुनर्गठन किया गया।

इसमें अंतराष्ट्रीय कोच भूपिंदर भूप्पी को अध्यक्ष सतीश कुमार को महासचिव, राजेंद्र पाल को कोषाध्यक्ष तथा भोलादत्त कश्यप को वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आईएस वर्मा, कैप्टन रमेश तपवाल, जदगीश ठाकुर, एसएन कश्यप और बिमला देवी को उपाध्यक्ष तथा राजीव आर्य, यशपाल पठानिया, कृष्ण देव गुलेरिया तथा कंचना देवी को सचिव चुना गया। वहीं, डॉ. वीना राठौर सेवानिवृत्त कॉलेज प्राचार्य और साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति के संस्थापक भूपेंद्र सिंह को सलाहकार चुना गया। कमेटी में संधोल, मंडप और बरोटी क्षेत्र से दो दो सदस्यों को आने वाले दिनों में शामिल करके विस्तारित किया जाएगा। अगले एक सप्ताह में सभी क्षेत्रीय कमेटियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी और फरवरी महीने में वार्ड व गांव स्तरीय सम्मेलन आयोजित करके कमेटियां गठित की जाएंगी। 8 मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले महिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे और 7 मार्च को धर्मपुर में मेगा महिला पैदल यात्रा आयोजित की जाएगी।

## धर्मपुर सिविल अस्पताल बना रेफरल सेंटर

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर मुख्यालय में स्थित सिविल अस्पताल जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बजाय केवल एक रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है। अस्पताल की इमारत तो मौजूद है, लेकिन सुविधाएं नाममात्र की होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय यदि कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो जाए तो अस्पताल की डिस्पेंसरी बंद रहती है। मामूली कट या चोट के लिए भी टांके लगाने की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। शाम के बाद इमरजेंसी में पहुंचे मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी बाहर के मेडिकल स्टोर से मंगवाने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की भी कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। मरीजों की देखभाल से लेकर गंदगी साफ करने तक का जिम्मा उनके साथ आए परिजनों पर ही आ जाता है। उल्टी या अन्य गंदगी को भी मरीजों के परिजनों को स्वयं साफ करना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सर्दियों के मौसम में अस्पताल की स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। इमारत इस तरह से बनी है कि चारों ओर से ठंडी हवाएं आती हैं, लेकिन मरीजों के लिए हीटर की कोई व्यवस्था नहीं है। एक मरीज को केवल एक कंबल दिया जाता है, जिससे मजबूरी में लोग अपने घर से कंबल या रजाई लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।



अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव। अनंत ज्ञान

### लोग बोले- झेलनी पड़ रही दिक्कतें

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि थोड़ी-सी भी गंभीर स्थिति होने पर मरीजों को बिना समुचित इलाज के तुरंत अन्य अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक व मानसिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है। जिला पार्षद जगदीश चंद बिट्टा, धर्मपुर पंचायत समिति अध्यक्ष राकेश कुमार, धर्मपुर पंचायत प्रधान ज्योति देवी व स्थानीय लोगों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि धर्मपुर सिविल अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए और आवश्यक दवाइयों, तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की तुरंत व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को अपने ही क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस बारे जब बीएमओ संधोल डॉ. धर्मपाल ठाकुर से बात की तो उन्होंने कहा कि आप लिखित शिकायत हमें भेजिए और उसे पर हम ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी की जवाबदेही तय करेंगे।

## जोगिंद्रनगर की बेटी आस्था ने जीता ऑलराउंड कैडेट बेस्ट खिताब

अनंत ज्ञान



**जोगिंद्रनगर।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रशिक्षण केंद्र भानू, पंचकूला में आयोजित 450 नवयुवक एवं नवयुवतियों के प्रशिक्षण समापन समारोह में जोगिंद्रनगर के एथलेटिक्स खेल केंद्र की धाविका आस्था ने ऑल राउंड कैडेट बेस्ट का खिताब जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आस्था ने वर्ष 2024 में एसएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर मेरिट के आधार पर आईटीबीपी ज्वॉइन की थी। एक वर्ष के कठिन और अनुशासित प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद पासिंग आउट परेड में न केवल देश की रक्षा की शपथ ली, बल्कि सर्वश्रेष्ठ कैडेट बनकर अपने खिलाड़ी होने के जज्बे को भी साबित किया।

पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर जनरल अशोक कुमार ने 450 कैडेट्स की सलामी ली। उन्होंने आईटीबीपी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए चीन की बढ़ती ताकत को रोकने और सीमाओं पर देश की रक्षा के संकल्प को दोहराया। उल्लेखनीय है कि आस्था अब तक पांच बार राष्ट्रीय खेलों में भाग ले चुकी हैं। प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर के मार्गदर्शन में तराशी गई आस्था ने इससे पहले भी जोगिंद्रनगर के लिए कई खिताब अपने नाम किए हैं। अब उम्मीद है कि वह खेलों के माध्यम से आईटीबीपी और देश का नाम और ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।आस्था मूल रूप से कल्पा, किन्नौर की रहने वाली हैं। वह माता सुनीता देवी और पिता देवी राम की तीन बेटियों में सबसे प्रतिभाशाली हैं।

**हालात** किसी बड़ी सड़क दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं छम्यार सड़क पर गिरे डंगे

# ककड़ई मार्ग पर सफर खतरे से खाली नहीं

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** खस्ताहाल सड़कों पर भारी यातायात गहरे गड्ढों से उछलकूद करते हुए चलने के बजाय फिसलन भरे रास्तों पर रेंगने को मजबूर हैं। मैदानी क्षेत्रों से लेकर ऊंचाई वाले इलाकों तक वाहन तय दूरी से कहीं अधिक समय ले रहे हैं, क्योंकि अधिकांश सड़कें अब केवल नाम की ही पक्की रह गई हैं। गड्ढों में तब्दील सड़कें, जगह-जगह ढहे डंगे और संकरा होता मार्ग इन्हें और भी बदसूरत व खतरनाक बना रहे हैं। मंडी जिले के बड़े हिस्से की तरह नाचन विधानसभा क्षेत्र में भी सड़कें बदहाली के आंसू बहा रही हैं।

गड्ढों से भरी सड़कों, दलदल और लगातार गिरते डंगों से यदि समय रहते छुटकारा नहीं दिलाया गया, तो इसका सीधा अर्थ यातायात को खुलेआम खतरे में डालना है। इसी क्षेत्र के तहत आने वाली ग्राम पंचायत छम्यार का लोक निर्माण विभाग के अधीन ककड़ई गांव का मार्ग इसकी भयावह मिसाल बन चुका है। यहां डंगे गिरने से सड़क इतनी संकरी हो गई है कि जरा-सी चूक किसी भी वाहन को गहरी खाई में गिरा सकती है। ऊंचाई क्षेत्र में स्थित यह मार्ग रोहांडा, करसोग सहित अन्य क्षेत्रों को जोड़ता है, लेकिन पिछले वर्ष की मानसूनी बरसात के बाद से यह मार्ग समुचित सुधार की राह देखते-देखते राम भरोसे छोड़ दिया गया है। यह स्थिति किसी दुर्भाग्य से कम नहीं कही जा सकती। कहर बरपाने वाली मानसूनी बारिश ने छम्यार क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर जो गहरे जख्म दिए हैं, वे किसी से छिपे नहीं हैं। इन्हें देखकर वाहन चालकों का भय से कांपना स्वाभाविक है, क्योंकि यहां भूमि कटाव का सिलसिला लगातार जारी है और डंगे गिरे स्थानों पर खाई का आकार दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। ढहे भू-भाग से बनी खाइयों की बड़े पैमाने पर मरम्मत के लिए लोगों ने संबंधित विभाग और प्रदेश की मौजूदा सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से कई बार गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे लोगों में नाराजगी और गुस्सा साफ देखा जा सकता है। ककड़ई मार्ग को लेकर अब स्थानीय लोगों ने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से पुरजोर मांग की है कि गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए शीघ्र डंगा निर्माण और सड़क सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि किसी अनहोनी से पहले हालात सुधर सकें।



दुर्घटना को निमंत्रण देते गिरे हुए डंगे। अनंत ज्ञान

## यूजीसी नियम बदलाव पर छोटा भंगाल-चौहार में रोष

**अनंत ज्ञान, बरोट।** केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी नियमों में किए गए बदलाव की गूंज अब दुर्गम छोटा भंगाल और चौहार घाटी तक पहुंच गई है। इस निर्णय को लेकर आम लोगों में असंतोष खुलकर सामने आया है। लोग सड़कों, रास्तों और चाय की दुकानों पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना कर रहे हैं। छोटा-बड़ा भंगाल घाटी के भाजपा चुनाव प्रभारी मोहन लाल ने भी अपने पद की परवाह किए बिना इस नियम का विरोध किया। उन्होंने कहा कि क्या देश में राजपूत समुदाय में कोई गरीब नहीं है और क्या उनका शोषण नहीं होता। मोहन लाल ने बताया कि वे बचपन से भाजपा विचारधारा से जुड़े हैं, लेकिन केंद्र सरकार के इस कड़े नियम से वे स्वयं भी हताश हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से समय रहते नियम में संशोधन या इसे वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले चुनावों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मंडी शहर को फोरलेन से जोड़ने के लिए साढ़े छह करोड़ से बनेगा डबललेन रोड: अनिल

## कहा- पड्डल से पुरानी मंडी ब्रिज और एंबुलेंस रोड़ जल्द होगा जनता को समर्पित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर में विकासात्मक कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सदर विधायक अनिल शर्मा ने मंडी शहर के नजदीक बिंद्राबानी में भविष्य में आधुनिक बस स्टैंड और खेल परिसर के लिए अधिकारियों के साथ भूमि चयन के लिए मौका का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि मंडी अब फोरलेन के कारण बाईपास हो गया है और भविष्य में बसें शहर के बाहर से जाएंगी। इसको ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक बस स्टैंड की आवश्यकता भविष्य में पड़ेगी। इसके निर्माण की संभावनाओं को तलाशने के लिए अधिकारियों के साथ आज स्कोर रोड़ की तरह उपयुक्त जगह के लिए दौरा किया। मंडी शहर को मलोरी टनल के साथ फोरलेन से जोड़ने के लिए 6.50 करोड़ की लगत से डबललेन रोड़ को सीआरआईएफ के तहत सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को राज्य सरकार के माध्यम से भेजा जा रहा है। पड्डल से पुरानी मंडी के बीच एंबुलेंस ब्रिज और रोड़ के बारे में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से बात की उनको इस बात से अवगत कराया गया कि पुल का शिलान्यास आपके स्व. पिता वीरभद्र सिंह जी के द्वारा किया गया था, लेकिन भूमि अधिग्रहण के कारण यह कार्यशील नहीं हो पाया है उन्होंने मेरी बात को समझते हुए तुरंत इसके डिमांड ड्राफ्ट को अप्रूवल दे दी। इसके तहत जिमखाना क्लब और एक अन्य प्राइवेट पार्टी को कुल मिला के आठ करोड़ के लगभग मुआवजे मिलेगा, जिससे यह पुल पूरी तरह से क्रियाशील होगा और जनता को जल्द समर्पित किया जाएगा। स्कूल बाजार से टारना सर्किट हाउस रोड़ जंक्शन के चौड़ीकरण को लेकर भी डिमांड ड्राफ्ट को अप्रूवल मिली है, जिसके तहत एक करोड़ अठारह लाख के लगभग भूमि अधिग्रण और पेड़ों के कटान को लेकर मुआवजा राशि को सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।



साइट का निरीक्षण करते हुए विधायक अनिल शर्मा। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स का मेगा मार्ट में इंटर्नशिप के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकोली के व्यावसायिक विषय रिटेल के चार विद्यार्थियों पूजा विज, कोमल रणोत, अल्पना और अरमान का चयन तीन दिवसीय व्यवसायिक इंटर्नशिप के लिए विशाल मेगा मार्ट, जीरकपुर में किया गया है। यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इन विद्यार्थियों की विशेष उपलब्धि यह रही कि इन्होंने कक्षा 11वीं में व्यावसायिक विषय रिटेल में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे। उनकी इसी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के आधार पर उनका इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह ने इस अवसर पर व्यावसायिक विषय रिटेल के अध्यापक अभिषेक संदल को इस सफलता के लिए बधाई दी तथा चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को व्यावसायिक विषयों में आगे बढ़कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

### सीएम ने पेंशनर्स को गुमराह किया : एसोसिएशन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ने पिछले तीन वर्षों में पेंशनर्स को उनके अधिकार देने के बजाय केवल घोषणाएं दोहराईं और उन्हें गुमराह किया। एसोसिएशन के जिला प्रधान चेत राम वर्मा ने कहा कि पेंशनर्स को आयु के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटना अनुचित है, जबकि सभी की देनदारियां समान हैं। प्रदेश सरकार पर पेंशनरों के लगभग दस हजार करोड़ रुपए लंबित हैं, जिनमें महंगाई भत्ते की किस्तें, एरियर व चिकित्सा बिल शामिल हैं, जिनका आज तक भुगतान नहीं हो पाया। विशेष रूप से 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों को संशोधित वेतनमान का लाभ नहीं मिला है। वर्मा ने कहा कि सीएम द्वारा चिकित्सा बिलों के जल्द भुगतान के कई बार किए गए आश्वासन भी पूरे नहीं हुए। एसोसिएशन ने सरकार से पेंशनर्स को एकजुट रखते हुए लंबित देनदारियों का जल्द समाधान निकालने की मांग की है, अन्यथा पेंशनर्स को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### कक्षा 9वीं व 11वीं की प्रवेश परीक्षा सात को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा, जिला बिलासपुर में कक्षा 9वीं व 11वीं के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। कक्षा 9वीं की परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र), बिलासपुर में तथा कक्षा 11वीं की परीक्षा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा में होगी। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र व रोल नंबर संबंधित वेबसाइट से डाउनलोड करेंगे। बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा।

### 'युवा चेंजमकेर्स' से मिलेगा सशक्त युवा नेतृत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा शुरू किए गए लीडरशिप फेलोशिप कार्यक्रम 'युवा चेंजमकेर्स' की सराहना की। उन्होंने इसे युवाओं को राजनीति, नेतृत्व व नीति निर्माण से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण पहल बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास व सामाजिक सहभागिता का अवसर प्रदान करेगा। भारत की बड़ी युवा आबादी को सही मंच देना समय की जरूरत है और 'युवा चेंजमकेर्स' इसी दिशा में ठोस कदम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हिमाचल के युवाओं को संरचित प्रशिक्षण, जमीनी प्रोजेक्ट्स व मेंटरशिप से जोड़ा जाएगा। चयन प्रक्रिया में पंजीकरण, जिला व प्रदेश स्तरीय बूटकैंप व बहु-स्तरीय स्क्रीनिंग शामिल है, जिससे योग्य नेतृत्व तैयार होगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि कार्यक्रम के तहत चयनित शीर्ष 21 युवाओं को 1.21 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो युवाओं को राष्ट्र व समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि 'युवा चेंजमकेर्स ' हिमाचल को सशक्त व जिम्मेदार युवा नेतृत्व प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा।

### कौशल आधारित शिक्षा से जुड़ने का मिला अवसर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला हमीरपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेरा के विद्यार्थियों ने एनएसक्यूएफ के तहत वोकेशनल एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत शोभित आईटीआई चलोला का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ना, तकनीकी प्रशिक्षण की जानकारी देना और करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। आईटीआई में विद्यार्थियों का चेयरमैन देशराज गौतम और प्रशिक्षकों ने स्वागत किया। छात्रों ने इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, फिटर समेत विभिन्न ट्रेड्स का गहन अवलोकन किया और आधुनिक मशीनों, उपकरणों व कंप्यूटर लैब की कार्यप्रणाली समझी। प्रशिक्षकों ने बताया कि तकनीकी प्रशिक्षण से छात्र आत्मनिर्भर बन सकते हैं और औद्योगिक विकास में योगदान दे सकते हैं। शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताया, जबकि विद्यार्थियों ने कहा कि भ्रमण प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। उन्होंने भविष्य में तकनीकी और कौशल आधारित शिक्षा अपनाने की इच्छा व्यक्त की। प से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ।

### स्टोन क्रशर लगाने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता की ग्राम पंचायत बहन ब्राह्मण के गांव बैहरन झरेडी में सीर खड्ड के पास स्टोन क्रशर लगाने को सरकार से मिली मंजूरी के बाद गांववासियों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने स्टोन क्रशर का विरोध करते हुए कहा कि इसके लगने से क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ेगा, जिससे लोगों के बीमार होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अपनी मेहनत से गांव के लिए एंबुलेंस रोड बनाई है और उसकी मरम्मत भी स्वयं करते हैं, लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही से यह सड़क क्षतिग्रस्त हो जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निजी लाभ के लिए क्रशर लगाया जा रहा है, जबकि इस संबंध में न तो पंचायत में कोई ग्राम सभा हुई और न ही अनापत्ति प्रमाण पत्र ग्रामीणों की जानकारी में जारी किया गया। उधर, उपमंडल अधिकारी अर्शिया शर्मा ने बताया कि लोगों की शिकायत प्राप्त हुई है और एक सप्ताह के भीतर सभी संबंधित विभागों के साथ स्थल का निरीक्षण किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

### विभाग साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने उपायुक्त कार्यालय परिसर में सभी विभागों को अपने कार्यालय और आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को कार्यालयों, दीवारों, छतों और शौचालयों की नियमित सफाई के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी करें। डीसी ने बताया कि कार्यालय एक सार्वजनिक स्थल है, जहां प्रतिदिन लोग आते-जाते हैं, इसलिए इसे साफ-सुथरा रखना हमारा दायित्व है और समाज को भी अच्छा संदेश मिलता है। उन्होंने कचरा प्रबंधन प्रणाली को दुरुस्त रखने और साझा गलियारों व आसपास के स्थानों की सफाई को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगले माह सभी विभागों के सहयोग से उपायुक्त कार्यालय परिसर में संयुक्त सफाई अभियान आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में अगले सप्ताह पुनः समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी। बैठक में सहायक आयुक्त राज कुमार सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### शिवबाड़ी में महाशिवरात्रि मेले का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में इस वर्ष भी महा शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। वीरवार को मंदिर ट्रस्ट की बैठक में तय किया गया कि चौदह फरवरी की रात्रि से मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे और एंट्री व एग्जिट मेला मैदान से ही संभव होगी। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि मेला क्षेत्र को तीन सेक्टर में बांटा जाएगा, प्रत्येक में सेक्टर मैजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। पुलिस, राजस्व व स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, अग्निशमन वाहन, अस्थायी शौचालय व ईवी व्हीकल जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। व्रत धारकों के लिए फलाहार और भजन गायकों के लिए मंच भी प्रदान किया जाएगा। मंदिर के चढ़ावे की गणना के अनुसार इस बार 6 लाख 12 हजार 374 रुपए प्राप्त हुए हैं। द्रोण शिव मंदिर अब दो करोड़ रुपये से अधिक नकदी, चांदी और स्वर्ण आभूषणों का मालिक बन चुका है।

### सड़क सुरक्षा नियमों पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला आईटीआई ऊना द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को डीसी ऊना जतिन लाल ने महिला आईटीआई परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महिला आईटीआई ऊना से शुरू होकर रोटरी चौक होते हुए पुनः आईटीआई परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति सचेत करना व उन्हें दैनिक जीवन में इन नियमों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और इसे लापरवाही के कारण व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर न केवल हम अपने जीवन की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे यातायात नियमों के प्रति स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी इसके महत्व का संदेश फैलाएं।

# उपेक्षा के चलते अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे गोंदपुर बनेहड़ा के तालाब के अच्छे दिन शुरू

## प्रबुद्ध आम जनमानस ने तालाब के प्रति फैली हर अफवाह का किया खंडन

अनंत ज्ञान

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा में स्तिथ ऐतिहासिक तालाब अपने इतिहास के लिए बेहद खास है। क्षेत्र के जानकार लोगों ने बताया कि इस तालाब का इतिहास पांडवों के साथ जुड़ा हुआ है। लोगों ने बताया कि पांडवों द्वारा इस तालाब का निर्माण किया गया था। उस समय क्षेत्र में पानी की भारी समस्या हुआ करती थी और इस तालाब के पानी पर ही क्षेत्र के आस पास के गांव निर्भर थे।

इस तालाब की यह मान्यता है कि अगर कोई बच्चा मिट्टी खाता हो और एक बार वह इस तालाब की मिट्टी का सेवन कर ले, तब वह बच्चा मिट्टी खाना छोड़ देता है। लोगों ने बताया कि तालाब को मुख्य रूप से आकार गोंदपुर बनेहड़ा में निवास कर रहे बाबा समालगिरी ने दिया था। उन्होंने एक-एक ईंट जोड़कर इस तालाब को एक भव्य आकार दिया। लोगों ने बताया कि क्षेत्र के कुछ शरारती तत्वों और कलयुग



पंचायत द्वारा किया गया तालाब का सौंदर्यीकरण, चित्र में तालाब के आस पास लगी भव्य रेलिंग। अनंत ज्ञान

के प्रभाव के कारण तालाब के साथ छेड़ छाड़ की गई एवं तालाब का दुरुपयोग भी किया गया, जिसका नतीजा यह हुआ कि सन 2005-06 में तालाब पूर्ण रूप से सूख गया। तालाब की हालत दयनीय होती गई। वर्षों तक तालाब में हरे भरे पौधे जंगली घास व कचरे का साम्राज्य व्याप्त रहा। स्तिथि ऐसे हुई कि तालाब का पूरा स्वरूप खत्म होने की कगार पर आ गया। वहीं, तालाब की हालत को देख क्षेत्र के कुछ समाजसेवी संस्थाओं ने 2017 में इस तालाब में साफ-सफाई करना शुरू किया। समाजसेवियों द्वारा इस तलाब में निस्वार्थ भावना से ट्रैक्टर की मदद से तालाब में सफाई की गई। परिणाम स्वरूप तालाब में सन 2019 धीरे- धीरे पानी ठहरने लगा। उनके द्वारा इस तालाब के उत्थान के लिए जिला प्रशासन तक इसकी आवाज उठाई गई। प्रशासन ने भी अपनी भूमिका निभाते हुए तालाब का औचक निरीक्षण किया और तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए सरकार से बजट मंजूर करने के लिए भी आश्वासन दिया गया। उन समाजसेवियों की मेहनत नतीजा यह हुआ कि तालाब के सौंदर्यकरण के लिए 22 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। उधर, पंचायत ने भी अपनी भूमिका निभाई और इस तालाब का सौंदर्यकरण शुरू करवाया। आमजनता ने ग्राम पंचायत की सराहना करते हुए कहा कि इससे पहले भी कई पंचायत आई और गई, लेकिन किसी ने भी तालाब की सुध तक नही ली। कुछ शरारती तत्वों ने पंचायत और प्रशासन द्वारा करवाए जा रहे इस काम को रुकवाने की कोई कसर नही छोड़ी गई। यह तालाब क्षेत्र की धरोहर है और इसका काम काफी बढ़िया हो रहा है। लोगो ने तालाब के प्रति समाज मे फैली हर अफवाह का खंडन किया है।

> **तालाब** क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर है। तालाब का काम सरकारी नक्शे के हिसाब से ही किया गया है। अधिकत्तर काम हो चुका है और शेष काम बजट आने पर जल्द करवाया जाएगा।
> **सुरिंदर कुमार, बीडीओ, गगरेट।**

# प्रियांशु को 'मिस्टर व्यास' और आंचल को 'मिस व्यास' का खिताब

अनंत ज्ञान



**बिलासपुर।** अखिल हिमालय महोत्सव व्यास उत्सव मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या रंगारंग प्रस्तुतियों और प्रतिभा के उत्सव के साथ संपन्न हुई।

इस अवसर पर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। इस संध्या का मुख्य आकर्षण 'मिस्टर व्यास' और 'मिस व्यास' प्रतियोगिता रही, जो 28 जनवरी को व्यास उत्सव के अंतर्गत आयोजित की गई। प्रतियोगिता में युवाओं ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मंचीय कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रियांशु को 'मिस्टर व्यास' जबकि आंचल को 'मिस व्यास' का खिताब प्रदान किया गया। 'मिस्टर व्यास' वर्ग में शिवेश हांडा फर्स्ट रनर-अप तथा कार्तिक सेकंड रनर-अप रहे। वहीं 'मिस व्यास' वर्ग में राधिका शर्मा को फर्स्ट रनर-अप और श्रेयांशी को सेकंड रनर-अप घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न उपश्रेणियों में भी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अंबिका को 'मिस कॉन्फिडेंट', स्मृति चंदेल को 'मिस ग्रेसफुल', अनमोल को 'मिस्टर स्टाइलिश', इस्माईल को 'मिस्टर कॉन्फिडेंट', अक्षय को 'मिस्टर डायनामिक' तथा सौरभ को 'मिस्टर डेयरिंग' के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष विजयराज उपाध्याय एवं व्यास नगर समिति के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि विकास नगर समिति द्वारा वर्षों से संचालित यह आयोजन अत्यंत सराहनीय है। बच्चों और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी इस महोत्सव को विशेष बनाती है और यह मंच युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देता है।

# ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पर लगेंगे कोच डिस्प्ले बोर्ड, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उत्तर रेलवे के अंतर्गत आने वाले ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साकार होने जा रही है।

स्टेशन पर कोच डिस्प्ले बोर्ड (कोच इंडिकेटर बोर्ड) स्थापित करने का रास्ता साफ हो गया है। इस आधुनिक सुविधा के शुरू होने से यात्रियों को ट्रेन के विभिन्न कोचों की स्थिति, कोच नंबर, प्लेटफॉर्म पर कोचों के ठहराव और आगमन-प्रस्थान की सटीक जानकारी डिजिटल स्क्रीन पर रियल टाइम में उपलब्ध होगी। वर्तमान में ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन से जनशताब्दी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन हो रहा है। रोजाना हजारों यात्री इस स्टेशन से यात्रा करते हैं, लेकिन अब तक कोच संबंधी स्पष्ट जानकारी के अभाव में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और पहली बार यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो जाती थी। ट्रेन के पहुंचते ही प्लेटफॉर्म पर अफरातफरी मच जाती थी। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे प्रशासन ने कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाने की योजना तैयार की थी, जिसे अब औपचारिक मंजूरी मिल गई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, इसके लिए बजट जारी कर दिया गया है और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद आने वाले कुछ महीनों में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उत्तर रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना और यात्री सुविधा विस्तार कार्यक्रम के तहत ऊना हिमाचल स्टेशन को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने बीते वर्ष रेलवे प्रशासन के समक्ष दो बार इस मुद्दे को रखा था। उनके प्रयासों के बाद रेलवे ने पहले टेंडर प्रक्रिया और अब बजट जारी कर इस दिशा में ठोस कदम उठाया है। स्थानीय यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कोच डिस्प्ले बोर्ड से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी।

# उपमुख्यमंत्री ने सामुदायिक केंद्र का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बढ़ेड़ा में नवनिर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस केंद्र के निर्माण के लिए कुल 1.14 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई थी। प्रथम चरण में 50 लाख रुपए से भवन निर्माण पूरा किया गया है, जबकि दूसरे तल का निर्माण अगले चरण में किया जाएगा।



उपमुख्यमंत्री सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते हुए। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर सुदृढ़ अधोसंरचना को ग्रामीण विकास की रीढ़ बताते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सामूहिक सहभागिता की सराहना की। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था सुधार के लिए 300 से अधिक ट्यूबवेल्स स्थापित किए जाने और विभोर साहिब जल योजना की रिमॉडलिंग के लिए 135 करोड़ रुपये खर्च करने की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन, शिक्षा और खेल क्षेत्र में नई परियोजनाओं की भी घोषणा की। पंडोगा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपए की लागत से रोप-वे परियोजना और एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, बाथू में 18 करोड़ रुपए की लागत से टूल रूम, और टाहलीवाल में बिजली आपूर्ति ढांचे का सुधार शामिल है। हरोली को देश का पहला पूर्ण सीसीटीवी निगरानी वाला विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये की लागत से कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जल क्षेत्र में पोलियां, दुलैहड़ और अमराली में बड़े जल भंडारण टैंक तैयार किए गए हैं, और 75 करोड़ रुपए की लागत से बीत एरिया फेज-2 उठाऊ पेयजल योजना पर कार्य जारी है। शिक्षा के क्षेत्र में लॉ, नर्सिंग और आयुर्वेद कॉलेज की स्थापना से नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। खेल क्षेत्र में खड्डु गांव के आउटडोर स्टेडियम में हाई-मास्ट फ्लड लाइट्स का लोकार्पण किया गया।

# नयना देवी जी को जल्द मिलेगी आईसीयू सुविधाः रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** नयना देवी जी के विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नयना देवी जी के लिए इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) की अधिसूचना जारी कर दी गई है और इसके लिए बजट का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने यह जानकारी नयना देवी जी से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए दी। शर्मा ने इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया और कहा कि जल्द ही यह सुविधा क्षेत्र की जनता को उपलब्ध होगी। रणधीर शर्मा ने कहा कि नयना देवी जी का सिविल अस्पताल भाजपा की देन है। अस्पताल भवन निर्माण के लिए पहले सरकार द्वारा साढ़े नौ करोड़ और मंदिर न्यास द्वारा दस करोड़ रुपये दिए गए, जबकि वर्तमान सरकार ने कोई योगदान नहीं दिया है। भवन पूर्ण करने के लिए अभी भी लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए की आवश्यकता है।

# भजन गायक मनी ने चिंतपूर्णी में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पंजाब के अमृतसर निवासी प्रख्यात भजन गायक मनी लाडला ने बुधवार देर शाम अपने परिवार के साथ उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी देवी के दरबार में हाजिरी भरी। मंदिर के पुजारी सचिन कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर उन्हें माता रानी का आशीर्वाद दिया। मनी लाडला माता रानी के प्रति गहरी आस्था रखते हैं और अक्सर दर्शन के लिए आते रहते हैं। यह धाम 51 शक्तिपीठों में से एक है, जहां भक्तों का मानना है कि सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी होती है। दर्शन के उपरांत, मनी लाडला ने मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच अपने लोकप्रिय भजनों का गुणगान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर सुनील खन्ना और भीमसेन फैमिली अमृतसर वाले भी मौजूद रहे।

# एम्स बिलासपुर के वार्षिक छात्र महोत्सव 'इकोज 3.0' में प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्सव

अनंत ज्ञान



**बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर का वार्षिक छात्र महोत्सव 'इकोज 3.0' उत्साह और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल और सामाजिक गतिविधियों का समन्वित उत्सव रहा, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

महोत्सव के दौरान नृत्य, संगीत, नाटक, फैशन शो, क्विज़, वाद-विवाद, शोध प्रस्तुतियां, कला प्रतियोगिताएं एवं खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आपसी सहयोग व रचनात्मकता को बढ़ावा देने का अवसर मिला। इकोज 3.0 के अंतर्गत आयोजित फैशन शो कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान दो अलग-अलग फैशन शो आयोजित किए गए। इनमें एक फैशन शो एम्स के विद्यार्थियों द्वारा तथा दूसरा फैशन शो फैकल्टी सदस्यों, विशेष रूप से चिकित्सकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। फैशन शो की ब्रांड एंबेसडर 'मैसेज इंडिया' की संगीता सोनी रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में न केवल ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभाई, बल्कि जज पैनल में भी शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। संपूर्ण महोत्सव ने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मकता, आत्मविश्वास व टीम भावना विकसित करने का सशक्त मंच प्रदान किया तथा 'इकोज 3.0' को एक यादगार आयोजन बना दिया।

# पेंशनर्स को बांटने का प्रयास कर रही कांग्रेस सरकार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार के पेंशन संबंधी फैसले पर भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के पूर्व नेताओं ने गंभीर आपत्ति जताई है। राजीव वशिष्ट, यशपाल रायजादा, अजय पराशर, शिव मैहन, हरगोविंद, ठाकुर प्रकाश चंद और ठाकुर किशन चंद ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को लंबित पेंशन एरियर के शेष 30 प्रतिशत का भुगतान केवल राजनीतिक सोच से प्रेरित है और इससे पेंशनर्स के बीच भेदभाव हो रहा है। पूर्व नेताओं ने बताया कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा, जिससे हजारों पेंशनर्स वित्तीय रूप से वंचित रह जाएंगे। इसके अलावा लंबित महंगाई भत्ता, मैडिकल बिल और समय पर पेंशन भुगतान न होना कर्मचारियों के लिए चिंता का कारण है। उन्होंने सरकार से सभी पेंशनर्स को समान रूप से लाभ शीघ्र जारी करने की मांग की।

# डैमेज रिपोर्ट बनाकर छोड़े जा रहे खैर माफियाः भुट्टो

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में खैर के अवैध कटान को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने वन विभाग, प्रशासन और सत्तासीन सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

भुट्टो ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में खुलेआम खैर की तस्करी हो रही है, लेकिन प्रभावशाली लोगों के दबाव में आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि कई मामलों में वन विभाग के कर्मचारी रात के अंधेरे में छोटे वन काटुओं को पकड़ते हैं और पुलिस थानों में मामले दर्ज होते हैं, लेकिन बाद में केवल डैमेज रिपोर्ट बनाकर आरोपियों को छोड़ दिया जाता है। भुट्टो ने बीबीएमबी क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां दर्जनों खैर के पेड़ काटे गए और शिकायत दर्ज होने के बावजूद आरोपियों को छोड़ दिया गया। पूर्व विधायक ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, अभय सिंह राणा, सुदर्शन शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**लाभ** राजेश धर्माणी के प्रयासों से 14 किलोमीटर सड़कों पर व्यय हुए हैं 11.52 करोड़ रुपए

# घुमारवीं में एफडीआर तकनीक से बनी दो सड़कें

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फुल डेप्थ रीकलेमेशन (एफडीआर) तकनीक के माध्यम से 2 सड़कों के उन्नयन का कार्य किया गया है। इनमें पहली सड़क लगभग 7 किलोमीटर लंबी तरघेल-लदरौर तथा दूसरी सड़क लगभग 7 किलोमीटर लंबी गाहर-केट शामिल है।

तरघेल-लदरौर सड़क के उन्नयन कार्य पर लगभग साढ़े 6 करोड़ रुपए, जबकि गाहर-केट संपर्क सड़क के उन्नयन कार्य पर लगभग 5.16 करोड़ रुपए की राशि व्यय की गई है। एफडीआर की आधुनिक तकनीक के माध्यम से इन दोनों सड़कों के उन्नयन कार्य के पूर्ण हो जाने से जहां गाहर-केट सड़क के माध्यम से लगभग आठ गांवों जिनमें गाहर, मुहाणा, देहलवीं, पध्याण, केट, नसवाल तथा सेऊ शामिल हैं लाभान्वित हुए हैं, तो वहीं तरघेल-लदरौर सड़क से भी लगभग एक दर्जन गांवों को लाभ हुआ है। इन सड़कों का आधुनिक एफडीआर तकनीक के माध्यम से उन्नयन होने से जहां यातायात आवागमन सुगम व सुरक्षित हुआ है। वहीं, इन सड़कों के रख-रखाव एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए आगामी पांच वर्षों तक धनराशि का भी प्रावधान किया गया है। फुल डेप्थ रीकलेमेशन (एफडीआर) तकनीक के माध्यम से निर्मित इन सड़कों के उन्नयन कार्यों में जहां पुलियों व कॉजवे का निर्माण किया गया है। वहीं, जरूरत अनुसार पेवर ब्लॉक का कार्य भी हुआ है। इन सड़कों के उन्नयन कार्य में जहां एफडीआर का कार्य हुआ है। वहीं, प्राईम कोट (एसएस-एक) तथा टैक कोट (वीजी-10) का कार्य भी किया गया है। इसके अतिरिक्त सामी लेयर, बिटुमिन कंक्रीट तथा मिटटी का कार्य भी शामिल है।

अनंत ज्ञान स्पैशल



एफडीआर तकनीक से बनी गाहर-केट सड़क। अनंत ज्ञान

### क्या कहते हैं तकनीकी शिक्षा मंत्री

**स्थानीय** विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का कहना है कि एफडीआर तकनीक के माध्यम से घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की गाहर-केट तथा तरघेल-लदरौर सड़कों का उन्नयन कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। इन सड़कों के निर्मित होने से एक बड़ी आबादी को बेहतर आवागमन की सुविधा सुनिश्चित हुई है। एफडीआर तकनीक के माध्यम से सड़कों के उन्नयन कार्य में पुराने मैटिरियल को ही पुनः इस्तेमाल में लाया जाता है, ऐसा करने से जहां सड़क निर्माण कार्य के लिए अलग से अतिरिक्त मैटिरियल की बहुत कम आवश्यकता रहती है। वहीं, पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को भी कम किया जाता है। सड़क निर्माण में एफडीआर तकनीक अच्छी साबित हो रही है, बावजूद अभी कुछ प्रयोग लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में एफडीआर तकनीक के माध्यम से सड़क निर्माण की होने वाली तकनीकी खामियों को भी दूर किया जा सके।

### एफडीआर?

**सड़क** में फुल डेप्थ रीकलेमेशन (एफडीआर) एक ऐसी तकनीक है। इसमें पुरानी सड़कों की अवसर्दीकृत सामग्री को पुनः उपयोग करके नई सड़क बनाई जाती है। इसमें पुरानी सड़कों की माटी, ग्रेवेल और बालु को मिलाकर नई अवस्था में प्रयोग किया जाता है। इसमें सीमेंट व रासायनिक योजकों का उपयोग होता है, जो सामग्री की मजबूती, सामार्थ्यवर्धन व टिकाऊता में सुधार करते हैं। इस तकनीक में विशेष मशीनरी जैसे स्टैबलाइजर, पुल्वराइजर, ग्रेडर व रोलर का इस्तेमाल होता है।

### 4.80 करोड़ की वार्षिक कार्य योजना स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बचत भवन में डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में उद्यान विभाग की बैठक में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत वर्ष 2026-27 के लिए 4 करोड़ 80 लाख रुपए की वार्षिक कार्य योजना को मंजूरी दी गई। योजना के तहत कीवी व ड्रैगन फ्रूट उत्पादन, कृषि विविधीकरण, फार्म पोंड, जैविक खेती, आधुनिक उपकरणों व हाइब्रिड सब्जियों पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही लगभग 150 किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### बिलासपुर की ऋण क्षमता 1625.83 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने नाबार्ड द्वारा तैयार वर्ष 2026-27 की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना का विमोचन किया। योजना के तहत जिले के लिए कुल 1625.83 करोड़ रुपए की ऋण क्षमता निर्धारित की गई है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिए 714.74 करोड़, एमएसएमई के लिए 771.35 करोड़ तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों के लिए 139.74 करोड़ रुपए शामिल हैं। डीसी ने बैंकों से ऋण प्रवाह बढ़ाने व जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

### 354 करोड़ रुपए का एक्शन प्लान स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत वर्ष 2031 तक लगभग 354 करोड़ रुपए का एक्शन प्लान स्वीकृत किया गया है। डीसी ने क्लस्टर आधारित अप्रोच अपनाने, समय पर प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने व विभागीय समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए।

### बच्चों ने ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रशिक्षण प्राप्त किया

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घंडीर में व्यवसायिक शिक्षा के तहत सिक्योरिटी विषय में 10वीं व 11वीं कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे विधार्थियों के लिए स्कूल प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा के दिशा-निर्देश पर तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग करवाई गई। इस ऑन जॉब ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य विधार्थियों को सुदृढ़ व अपने व्यवसायिक विषय के प्रति परिपक्व बनाना होता है। इस तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए बच्चों को उप अग्निशमन केंद्र झंडुता में अग्निशमन उपकेंद्र अधिकारी राजेश कुमार रघु की अध्यक्षता में आगजनी की घटना में कैसे सुरक्षित तकनीक से आग पर काबू पाना, अप्रिय घटना की स्थिति में कैसे रैस्क्यू करना व आग पर काबू पाने वाले यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### सैंज में शरारती तत्वों ने उद्घाटन पट्टिका तोड़ी




**अनंत ज्ञान, सैंज।** कुल्लू जिले के सैंज में शरारती तत्वों ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की उद्घाटन पट्टिका को तोड़ दिया है। 9 दिसंबर 2023 को लोक निर्माण मंत्री ने सैंज में पुल का उद्घाटन किया था। मंत्री की उद्घाटन पट्टिका तोड़ने के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष है। लोगों ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### अवैध शराब के कारोबार का किया भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ब्यासा मोड़ में अवैध शराब के कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। अखाड़ा बाजार चौकी की टीम ने एक गुप्त सूचना को सटीक कार्रवाई में बदलते हुए, ब्यासा मोड़ स्थित एलआईसी भवन की ग्राउंड फ्लोर पर चल रही एक दुकान में दबिश दी। पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि इस व्यस्त व्यापारिक क्षेत्र की आड़ में नशा परोसा जा रहा है, जब टीम ने दुकान की तलाशी ली, तो वहां भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा बरामद हुआ। अंग्रेजी शराब 24 बोतलें, देसी शराब 24 बोतलें, बियर 12 बोतलें बरामद हुईं। इस अवैध स्टॉक के साथ पुलिस ने राजन ककड़ को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी ब्यासा मोड़, ढालपुर का ही निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। वर्तमान में पुलिस इस बात की तफ्तीश कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और क्या इसमें कोई बड़ा गिरोह शामिल है। मामले की आगामी जांच सरगर्मी से जारी है।

### डेंजर जोन घोषित करने को किया संयुक्त निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आपदा से खतरे में पड़े जिला कुल्लू की सैंज घाटी के बकशाल गांव व टापू को डेंजर जोन घोषित करने के मामले को लेकर संयुक्त निरीक्षण किया गया। तहसीलदार सैंज नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस निरीक्षण में राजस्व विभाग के साथ, लोक निर्माण, जलशक्ति, वन विभाग के साथ एनएचपीसी के अधिकारी व सैंज वैली विकास समिति के अध्यक्ष बुधवराम व पदाधिकारीभी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों की मौजूदगी में क्षेत्र का निरीक्षण किया और इस क्षेत्र को डेंजर जोन घोषित करने की संभावनाओं को जांचा। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से बातचीत की और रिपोर्ट तैयार की। इस दौरान प्रभावित 33 लोगों के हस्ताक्षरयुक्त एक मांगपत्र संयुक्त निरीक्षण समिति को सौंपा गया।

### अनियंत्रित होकर नदी के ऊपर अटकी बस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी के छन्नीखोड़ क्षेत्र में पर्यटकों से भरी एक निजी बस बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गई। भुंतर-मणिकर्ण मार्ग पर यह बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पैराफिट से टकराकर रुक गई। बताया जा रहा है कि सड़क पर भारी कीचड़ जमा होने के कारण बस के टायर फिसल गए यदि बस पैराफिट से न टकराती, तो सीधे उफनती पार्वती नदी में जा गिरती। बस में सवार पर्यटकों में चीख-पुकार मच गई। इसके बाद स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे। एसपी कुल्लू मदनलाल कौशल ने बताया कि सड़क पर कीचड़ व खराब स्थिति हादसे का कारण हो सकती है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है और बस को सुरक्षित बाहर निकाला जा रहा है। लगातार हो रहे सड़क हादसे प्रशासन व परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### विपणन मार्गदर्शन से किया गया सशक्तिकरण

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला उद्योग केंद्र, कुल्लू द्वारा खंड विकास कार्यालय, बंजार में निटकॉन लिमिटेड के माध्यम से एक दिवसीय फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट तथा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लगभग 110 महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, ऋण प्रक्रिया, बीमा योजनाओं, उद्यम पंजीकरण और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। रैम्प परियोजना के घटक-7 'सोशल इंक्लूजन' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक, ग्रामीण विकास विभाग, डीटीवीटीआई स्किल्स और उद्योग विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने सीखने और अनुभव साझा करने में सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिससे महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई।

### 4 फरवरी को उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सेवा में गुणवत्ता एवं साइबर स्वच्छता विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष जोगेंद्र कवर के अनुसार यह कार्यक्रम 4 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे जिला कुल्लू के बाजार स्थित मां अंबिका औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिदवान में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सेवा की गुणवत्ता, साइबर सुरक्षा और स्मार्टफोन के सुरक्षित उपयोग के प्रति शिक्षित करना है। इसमें प्रतिभागियों को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के नियमों व टेलीफोन उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी दी जाएगी। सेवानिवृत्त जिला नियंत्रक जीत राम शर्मा एवं सुरेंद्र शर्मा भी उपस्थित रहेंगे और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम तथा रोजमर्रा की खरीदारी में सतर्क रहने के सुझाव साझा करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश की सभी टेलीफोन कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और प्रतिभागियों की शिकायतों का मौके पर निवारण किया जाएगा।

### स्केटर खिलाड़ियों का घर लौटने पर भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश को शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स में कांस्य पदक दिलाने वाले खिलाड़ियों दिव्यांश ठाकुर, कौशल ठाकुर और आशुतोष ठाकुर का पलचान पंचायत में जोरदार स्वागत किया गया। देव आदेश के कारण उझीघाटी में ढोल-धमाके नहीं किए गए, लेकिन पंचायत प्रधान कौशल्या देवी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पंचायत प्रधान कौशल्या देवी और बीडीसी सदस्य रेशमा ठाकुर ने कहा कि तीनों खिलाड़ियों ने न केवल पलचान, बल्कि कुल्लू, मनाली और पूरे हिमाचल का नाम रोशन किया है। पूर्व बीडीसी सदस्य फतेह चंद ने भी उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दीं। हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन लाल ठाकुर ने बताया कि एसोसिएशन आइस स्केटिंग के विकास के लिए दीर्घकालिक योजना बनाएगा और सरकार से एथलीटों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध करेगा।

# खतरे की जद में इनर अखाड़ा बाजार

## 4 सितंबर को यहां भूस्खलन के कारण हो चुकी है 10 लोगों की मौत, खौफ के साये में जीने को मजबूर स्थानीय लोग

अनंत ज्ञान


पहाड़ी से हो रहा रिसाव व गिर रहे पत्थर। अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** पांच माह पूर्व इनर अखाड़ा बाजार में जिस जगह पर पहाड़ी से हुए भूस्खलन के कारण 10 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। वहां पर अभी भी खतरा मंडरा रहा है। पहले जहां मठ की पहाड़ी से पानी का रिसाव हो रहा था। वहीं, अब वहां से एक बार फिर पत्थर भी नीचे गिरने लगे हैं, जिससे इनर अखाड़ा बाजार के लोगों की नींद उड़ गई है।

आलम यह है कि 10 लोगों की जान भी चली गई और अब करीब 200 मकानों और वहां रहने वाले लोगों पर एक बार फिर से खतरा मंडराने लगा है, लेकिन जिला प्रशासन इस समस्या के हल को लेकर अभी तक गंभीर नहीं दिख रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन व नगर परिषद कुल्लू गहरी निद्रा में है और शायद एक बार फिर किसी हादसे के इंतजार में है। लिहाजा, इनर अखाड़ा बाजार के बाशिंदों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। इनर अखाड़ा बाजार के पीछे स्थित पहाड़ी से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। वर्षों से उपेक्षित यह समस्या उस बस्ती के लिए गंभीर खतरे का रूप ले चुकी है, जो पांच महीने पहले दो जगह भूस्खलन की चपेट में आई थी। हादसे में दस लोगों की जान चली गई थी। क्षेत्र को रेड जोन घोषित कर दिया गया था। करीब 200 मकान अब भी खतरे की जद में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन सहित संबंधित किसी भी विभाग ने क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ऐसे में इनर अखाड़ा बाजार के लोग एक बार फिर चिंता में हैं, क्योंकि खनेड पहाड़ी से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

यह रिसाव ऊपर स्थित मठ क्षेत्र से निकलने वाले सीवरेज व नाली के पानी के कारण हो रहा है। वर्षों से उपेक्षित यह समस्या अब गंभीर खतरे का रूप ले चुकी है। जिला प्रशासन ने हादसे के बाद इस क्षेत्र को रेड जोन तो घोषित कर दिया गया, लेकिन अभी तक इस समस्या के हल को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय निवासी नेहा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार अपील करने के बावजूद नगर परिषद, जल शक्ति और अन्य विभाग पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। यदि इस रिसाव और पत्थर गिरने के सिलसिले को तुरंत नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह क्षेत्र कोटरुपी या जोशीमठ जैसी आपदा का सामना कर सकता है। वहीं, अंजु ने बताया कि रिसाव के साथ साथ पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण यहां के लोगों में दहशत फैल गई है।

त्रासदी को पांच महीने बीत चुके हैं, लेकिन न तो कोई स्थायी उपाय किए गए और न ही कमजोर ढलानों को मजबूत करने की कोशिश हुई। क्षेत्र अब भी असुरक्षित और खुला पड़ा है। हालात इतिहास दोहराने जैसे लग रहे हैं। 2014 के पहले बड़े भूस्खलन से ही लोग इस मुद्दे को उठा रहे हैं, लेकिन कभी भी कोई तात्कालिक समाधान लागू नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि बारिशों का दौर शुरू हो गया है और यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो सरकार को आगे होने वाले जन और संपत्ति के नुकसान की जिम्मेदारी लेनी होगी।

लोग अब और इंतजार नहीं कर सकते, क्योंकि वे रोजाना पहाड़ी को कमजोर होते देख रहे हैं व उनकी जिंदगियां व घर दांव पर लगे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को कई बार इस समस्या बारे अवगत भी करवाया गया, लेकिन कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों को डर है कि यदि तुरंत हस्तक्षेप नहीं किया गया तो इनर अखाड़ा बाजार एक और टाली जा सकने वाली त्रासदी का सामना कर सकता है। लिहाजा, इनर अखाड़ा बाजार के लोग एक बार फिर खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं और जिला प्रशासन, नगर परिषद कुल्लू व संबंधित विभागों से मदद की गुहार लगातार लगा रहे हैं ताकि समस्या फिर से विकराल न हो और फिर से भूस्खलन के कारण उन्हें नुकसान न हो।

### हैपेंद्र का विद्यालय पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, आनी।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुंगश के होनहार छात्र हैपेंद्र कुमार ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह परेड शिमला के ऐतिहासिक माल रोड पर आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। हैपेंद्र कुमार कुंगश विद्यालय में जमा दो कक्षा का छात्र है और बागी गांव का निवासी है। सीमित संसाधनों के बावजूद हैपेंद्र की मेहनत, अनुशासन व लगन ने उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाया। परेड में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की अधिकारियों व दर्शकों ने सराहना की। राज्य स्तरीय परेड में भाग लेकर विद्यालय लौटने पर छात्र का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर शिक्षक, छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे। इस सफलता में एनएसएस प्रभारी प्राध्यापक डालमिया ठाकुर व महिला प्रभारी बिपा वर्मा का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवोध व शिक्षक संजीव ने छात्र सहित समस्त स्टाफ को बधाई दी।

# फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल हुआ मनाली-केलांग मार्ग

## बीआरओ ने 24 घंटे के भीतर बहाल की एकतरफा सड़क, बहाली का कार्य जारी


सोलंगनाला में बर्फ के बीच मस्ती करते पर्यटक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**केलांग।** फोर बाई फोर वाहनों के लिए मनाली-केलांग मार्ग बहाल हो गया है। बीआरओ ने 24 घंटे के भीतर सड़क को एक तरफा वाहनों के लिए बहाल कर दिया है।

आपात स्थिति में फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही सुचारु है। बीआरओ अब सड़क को दो तरफा वाहनों के लिए सड़क बहाल करने में जुट गया है। पर्यटकों को अभी हालांकि नेहरू कुंड व सोलंगनाला तक ही आने की अनुमति है, लेकिन हालात सामान्य होते ही पर्यटक अटल टनल का रुख करेंगे। हालांकि, लाहौल के पर्यटन स्थल सिस्सु व कोकसर में देव आदेश के चलते पर्यटक फरवरी के अन्तिम सप्ताह तक चहलकदमी नहीं कर सकते, लेकिन अटल टनल के दोनों छोर में पर्यटक चहल कदमी कर सकेंगे। कुछ स्थान बाद लाहौल घाटी का यांगला पर्यटन स्थल सिस्सु व कोकसर का विकल्प बनेगा।

### बर्फबारी के बाद निखरा मनाली का सौंदर्य

**अनंत ज्ञान, मनाली।** बर्फबारी के बाद मनाली का सौंदर्य निखर गया है। मनाली से सोलंगनाला तक के 14 किलोमीटर के दायरे में पर्यटक बर्फ का लुत्फ़ ले रहे है। जगह जगह बने स्नो प्वाइंट में स्कीइंग जैसी शीतकालीन खेलों का भी पर्यटक जमकर मजा ले रहे है।

वीरवार को पर्यटकों ने फोर बाई फोर वाहनों में सोलंगनाला में भी दस्तक दी। यहां पर जमी बर्फ की परत में शीतकालीन खेलों ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया। पर्यटक झूम उठे। हिमाचल के मनाली स्थित सोलंगनाला में बर्फ से लदी वादियों के दीदार के लिए सैलानी उमड़े पड़े हैं। वीरवार को सैलानियों ने सोलंगनाला में बर्फ के बीच जमकर मस्ती की। इस दौरान सैलानियों ने स्कीइंग, पैराग्लाइडिंग, स्नो स्कूटर व माउंटेन बाइक का भी आनंद लिया। सोलंगनाला की स्की ढलान सैलानियों के लिए स्नो प्वाइंट बनी है। इसके अलावा नेहरूकुंड, पलचान, वशिष्ट चौक, हिडिम्बा मंदिर में भी खूब बर्फ है। बर्फ के बीच पर्यटक खेलने और गहने का मजा ले रहे है। शाम होते ही मनाली के मालरोड में पर्यटकों की भीड़ जुट रही है। पर्यटन कारोबारी जय चंद, राजू, बबलू, देवराज ने बताया कि इन दिनों पर्यटकों की ठीक ठाक भीड़ जुट रही है। अच्छी संख्या में पर्यटक बर्फ का लुत्फ लेने के लिए पहुंच रहे है।

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि बीआरओ ने मनाली केलंग सड़क को बहाल कर दिया है जबकि केलंग उदयपुर सड़क भी जल्द ही बहाल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि लाहुल घाटी में हालात सामान्य होते ही घाटी पर्यटकों से चहक उठेगी।

### मनाली वासियों को मिली स्नो ग्रूमर मशीन

## सोलंग की ढलानों में अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण ले सकेंगे खिलाड़ी

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** पर्यटन नगरी मनाली में लंबे समय बाद शीतकालीन खेलों को बढ़ावा मिलने जा रहा है।

मनाली के लोगों को स्नो ग्रूमर मशीन मिल गई है। खेल प्रेमी व स्की हिमालय के निदेशक अमिताभ शर्मा की पहल रंग लाई है। उनकी पहल से घाटी के खिलाड़ियों का पुराना सपना पूरा हुआ है। जिस प्रशिक्षण के लिए घाटी के खिलाड़ियों को विदेश जाना पड़ता था। वह अब अमिताभ शर्मा की पहल से यहीं संभव हो गया है। लंबे समय से खिलाड़ी इस मशीन की सरकार से मांग कर रहे थे। महंगी होने के कारण किसी को हिम्मत नहीं हो रही थी लेकिन अमिताभ शर्मा ने हिम्मत दिखाकर लगभग साढ़े तीन करोड़ खर्च कर यह नेक कार्य कर डाला है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने सहित हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने स्की हिमालय के निदेशक अमिताभ शर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अमिताभ शर्मा ने शीतकालीन खेलों, चाहे वह स्कीइंग हो या आइस स्केटिंग हो सभी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गौर हो कि वर्तमान में अमिताभ शर्मा आईएसएआई (आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस पद को हासिल करने के लिए उन्होंने अथक परिश्रम किया है। उनके प्रयासों के फलस्वरूप, भारत भर के बच्चे अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। रोशन ठाकुर व लुदर ठाकुर सहित समस्त घाटी वासियों ने अमिताभ शर्मा का आभार जताया है।

### सिपेट संस्थान में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 28 मई तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** संयुक्त निदेशक केन्द्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), बद्दी ने जानकारी दी कि संस्थान द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की गई है।

भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश शासन के संयुक्त प्रयास से संचालित यह संस्थान प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें बेहतरीन रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। संस्थान द्वारा मुख्य रूप से तीन पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 10वीं पास छात्रों के लिए 'डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी' व 'डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी' और विज्ञान स्नातक युवाओं के लिए 'पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग' शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 12वीं विज्ञान या दो वर्षीय ITI उत्तीर्ण छात्र 'लैटरल एंट्री' के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं उन्होंने बताया कि यहां के 100 प्रतिशत छात्रों को औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त होता है। वर्तमान में यहां के विद्यार्थी डाबर, टीवीएस, ल्यूमैक्स और सबरोस जैसी देश की नामी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के दौरान छात्रों को 18,000 से लेकर 35,000 रुपए तक का मासिक वेतन व स्टाइपेंड प्राप्त हो रहा है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 'सिपेट प्रवेश परीक्षा' का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 28 मई 2026 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 7 जून 2026 को आयोजित की जाएगी और सफल उम्मीदवारों के लिए नया शैक्षणिक सत्र 13 जुलाई 2026 से शुरू होगा। प्रवेश और पाठ्यक्रम से संबंधित किसी भी विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक छात्र या अभिभावक मोबाइल नंबर 9199554078 पर संपर्क कर सकते हैं।

# गड़सा में सजेगा 'सरकार गांव के द्वार'

## कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान


कार्यक्रम को लेकर जनता की समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए एसडीएम व अन्य अधिकारी। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गड़सा में (शुक्रवार), 30 जनवरी को 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की इस जनकल्याणकारी पहल का उद्देश्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना तथा लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर-द्वार पर सुनिश्चित करना है।

यह कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम बंजार विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गड़सा में में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे। 'सरकार गांव के द्वार' में ग्राम पंचायत गड़सा, भलान-1, हुरला, ज्येष्ठा, पारली एवं दियार के लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

डीसी तोरुल रवीश ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर सभी जिला स्तर के अधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं। कार्यक्रम से पूर्व इन पंचायतों से संबंधित विभिन्न विभागीय समस्याओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से समस्याओं का समयबद्ध व प्रभावी समाधान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। डीसी ने बताया कि 'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता के बीच ले जाकर उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

### परमजीत के लिए फरिश्ता बनी स्वास्थ्य विभाग की टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिदंगी की जंग लड़ रहे लाहौल की पट्टन घाटी के लिंडुर गांव के परमजीत के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम फरिश्ता बनी है।

57 वर्षीय परमजीत के सिर पर चोट लगी थी। उसे उपचार के लिए पीएचसी फूडा लाया गया। हालत खराब होती देख डॉक्टर पुजारा ने उन्हें कुल्लू के लिए रैफर कर दिया। सड़क में पड़ी बर्फ सभी के लिए चुनौती बन गई थी, लेकिन 108 के पायलट सुरेश कुमार ने हिम्मत दिखाते हुए इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन लक्ष्मी चंद की सहायता से मरीज को एंबुलेंस में बैठकर कुल्लू की ओर रवाना हो गए। डॉक्टर पुजारा ने बताया कि मरीज की हालत बिगड़ती जा रही थी, जिसे देखते हुए उन्हें उपचार के लिए कुल्लू पहुंचाना जरूरी था। 108 के पायलट सुरेश कुमार हिम्मत रंग लाई और परमजीत समय पर कुल्लू अस्पताल पहुंच गए। परमजीत का उपचार शुरू हो गया है।

**उत्सव** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में सदियों से चल रही परंपरा का आज भी बखूबी हो रहा निर्वहन

# ...यहां मनाया जाता है मुखौटों का पर्व, अश्लील गलियों का चलता है दौर

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** देवभूमि हिमाचल के हर क्षेत्र के अपने-अपने त्योहार और परंपराएं हैं। इन त्योहारों और परंपराओं की रीत सदियों से चलती आ रही है। ऐसा ही एक उत्सव है फागली जो कि बहुत ही अनूठा है।

यह उत्सव कुल्लू जिला सहित लाहौल-स्पीति में मनाया जाता है। फागली उत्सव को दोनों जिले के लोग अपने तौर तरीके से मनाते हैं। यूं कहें तो त्योहार एक है, लेकिन उसको मनाने का सभी का अपना अपना तरीका है। कुल्लू में इस उत्सव का आयोजन फाल्गुन संक्रांति से शुरू हो जाता है और लगभग एक माह तक चलता है। फाल्गुन माह से ही इसका नाम फागली पड़ा है।

लोगों का मानना है कि माघ माह में देवता स्वर्ग प्रवास पर जाते हैं। फाल्गुन माह की सक्रांति के बाद देवता स्वर्ग प्रवास से लौटना शुरू करते हैं। स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद देवता आने वाले साल के लिए भविष्यवाणी करते हैं, जिसे बरसोआ कहा जाता है यानि वार्षिक फल। बरसोआ के दौरान होने वाला मुखौटा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहता है। इस दौरान कुछ चयनित लोग मुंह पर मुखौटा (मंडयाले) और शरीर पर शरूली नाम की घास पहनकर नृत्य करते हैं। नृत्य देखने के लिए पूरे गांव के महिला, पुरुष व बच्चे सभी एक साथ इकट्ठे होते हैं। इस दौरान अश्लील गालियां भी दी जाती हैं, कई स्थानों पर महिलाएं भी अश्लील गालियां गीतों के माध्यम से गाती हैं, जिसका कोई बुरा नहीं मानता। जनजातीय जिला लाहुल स्पीति के अलावा कुल्लू जिला के बंजार के थाटीबीड, गुशैणी व तीर्थन घाटी के विभिन्न गांवों में हर वर्ष सक्रांति के बाद फागली उत्सव मनाया जाता है।

अनंत ज्ञान स्पैशल


मुखौटे पहने स्थानीय ग्रामीण ( फाइल फोटो)। अनंत ज्ञान

### क्या है बीठ का महत्व

**इस** दौरान नरगिस और ब्रांस के फूलों से तैयार करवाए गए बीठ को एक बड़ी टोकरी में सजाया जाता है, जिसे भगवान का अवतार माना जाता है। दिन भर देवता के रथ के इसे नचाया जाता है बाद दोपहर को हारियानों के झुंड के बीच इसे कारकूनों द्वारा फेंका जाता है, जिसे प्राप्त करने के लिए सभी व्यक्ति पूरी कोशिश करते है। बीठ को सुख समृद्धि ओर देवता का वरदान माना जाता है।

### क्या होते हैं मंडयाले

**पर्व** को मनाने के लिए विशेष लोग मुंह में मुखौटे लगाकर तथा सरूली नामक घास के कपड़े पहनकर इस पुरातन परंपरा का निर्वहन करते हैं। इन्हें मंडयाले कहा जाता है। घास से बने हुए चोलू और हाथ में लकड़ी का डंडा उठा कर एक गांव से दूसरे गांव तक नृत्य करते हुए बड़े प्रांगण में एकत्रित हो जाते हैं।

### फागली?

**घाटी** के लोगों का मानना है कि देवताओं के दो माह तक स्वर्ग प्रवास के दौरान आसुरी शक्तियां बढ़ जाती हैं, जिसे भगाने के लिए फाल्गुन संक्रांति के दिन से ही फागली उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान हारियानों के साथ देवता भी परिक्रमा में शरीक होते है व बुरी शक्तियों को भगाने के लिए अश्लील गालियां निकाली जाती हैं।

### क्या है मान्यता

**फागली** के पीछे एक और कहानी प्रचलित है। कहा जाता है कि जब देवता व राक्षसों के बीच एक समय युद्ध हुआ था। युद्ध में हारे हुए राक्षसों के मुखोटे पहनकर नृत्य किया था है और अश्लील गालियां दी थी, तब से क्षेत्र की रक्षा के लिए मान्यता व परंपरानुसार हर साल फागली उत्सव मनाते हैं और कुछ चयनित किए हुए लोग मुखौटा नृत्य करके गांव से अश्लील गालियां देकर आसुरी शक्तियों को भगाते हैं। घाटी में अश्लील गालियों को फागली उत्सव का एक अंग माना जाता है इसलिए इसका बुरा नहीं माना जाता है, ऐसी मान्यता है कि इससे पूरे साल भर गांव में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### छात्राओं को प्रशिक्षण दिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कार्यक्रम अधिकारी समेकित बाल विकास परियोजना कुंदन लाल ने जानकारी दी कि, महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरगा में आयोजित पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर वीरवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए व्यावहारिक गुर सिखाए गए। सेल्फ डिफेंस अकादमी कुल्लू के मुख्य प्रशिक्षक कमलकांत ने छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। छात्राओं को शारीरिक हमले से बचने, 'अनसेफ टच' को पहचानने और मानसिक रूप से मजबूत रहने के तरीके सिखाए गए। भागीदारी विद्यालय की अनेक छात्राओं ने इस पांच दिवसीय शिविर में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रक्षा के लिए विभिन्न ब्लॉकिंग, पंचिंग और किकिंग तकनीकों का अभ्यास किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के भीतर आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें समाज में निडर होकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# ट्राउट पालन की तकनीकी और वैज्ञानिक जानकारी दी

अनंत ज्ञान




**पतलीकूहल।** ट्राउट फार्म, पतलीकूहल में अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत एकदिवसीय ट्राउट पालन प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, भीमताल के सौजन्य से मत्स्य विभाग, द्वारा आयोजित किया गया।

निदेशक मत्स्य, विवेक चंदेल, ने बताया कि मत्स्य विभाग राज्य के मत्स्य किसानों के लिए समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने प्रतिभागी किसानों को 10,000 मूल्य की निशुल्क ट्राउट पालन किट वितरित की गई, जिसमें हैंड नेट, ट्राउट मत्स्य आहार, दवाइयाँ, आइस बॉक्स आदि आवश्यक सामग्री शामिल थी। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला कुल्लू के 25 ट्राउट मत्स्य पालकों ने भाग लिया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, भीमताल से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रेणु जेठी एवं डॉ. कुणाल किशोर द्वारा ट्राउट पालन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं वैज्ञानिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के आरंभ में ट्राउट फार्म के उपनिदेशक अरुण कांत ने स्वागत भाषण के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागी किसानों का अभिनंदन किया तथा जिला कुल्लू के ट्राउट पालकों के लिए इस उपयोगी प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। डॉ. रेणु जेठी एवं डॉ. कुणाल किशोर द्वारा ट्राउट मत्स्य पालन में मत्स्य आहार प्रबंधन एवं रोगों की रोकथाम विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए। इस अवसर पर डी.सी. आर्य, वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी (हामनी, बंजार) द्वारा ट्राउट हैचरी प्रबंधन पर किसानों को जानकारी दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### बधोरली के टिक्करी में सांस्कृतिक युवा उत्सव आज

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ शहर से सटी ग्राम पंचायत टिक्कर के गांव टिक्करी में 30 जनवरी को शिर्गुल युवा क्लब बधोरली के सौजन्य से सांस्कृतिक युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के पदाधिकारी पवन शर्मा और राहुल ठाकुर ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने व नशामुक्त हिमाचल बनाने के उदद्देश्य से हर वर्ष सांस्कृतिक युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होने बताया कि कार्यक्रम के समापन अवसर पर सेवानिवृत्ति बीपीईओ चेतराम शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेगें, जबकि सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी स्नेह शर्मा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेम पाल आर्य द्वारा किया जाएगा। वहीं, जीवन सिंह राणा कार्यक्रम में विशिष्ट सहयोगी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ धालटा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। युवाओं द्वारा लोकगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति को दर्शाया जाएगा। शिरगुल युवा क्लब बधोरली के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सांस्कृतिक युवा उत्सव में भाग लेने की अपील की है।

### छैला-नेरीपुल-यशवंत नगर सड़क मार्ग को मिलेगी रफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश संयोजक (रेहड़ी-फड़ी प्रकोष्ठ) एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एससी मोर्चा) तरसेम भारती ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप द्वारा उठाए गए छैला-नेरीपुल-यशवंत नगर-कुमारहट्टी सड़क के निर्माण और सुधार के प्रस्ताव पर सकारात्मक कदम उठाए हैं। इसको लेकर सांसद सुरेश कश्यप ने मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर राज्य सरकार को विचारार्थ भेजा जाए ताकि विकास कार्यों में तीव्रता आ सके। भारती ने कहा कि यह हिमाचल की कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें न केवल सफर को आसान बनाएंगी, अपितु आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देंगी।



### यूजीसी के नए नियमों पर 'सुप्रीम' रोक का स्वागत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ज़िला सोलन की पूर्व सदस्या डॉ. सुधा गुप्ता ने यूजीसी के नए भेदभाव विरोधी नियमों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक का पुरजोर स्वागत किया है। उन्होंने इसे संविधान के समानता के अधिकार की जीत और शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। जारी एक बयान में डॉ. सुधा गुप्ता ने कहा कि यूजीसी द्वारा लाए गए नए नियमों में भारी विसंगतियां थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिरों में सभी छात्र समान होते हैं, परंतु यूजीसी के ये नियम केवल एक विशेष वर्ग को सुरक्षा प्रदान कर रहे थे, जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों को पूरी तरह से अनदेखा किया गया था। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अत्यंत सटीक है कि आज़ादी के इतने वर्षों बाद हमें समाज को बांटने वाले नहीं, अपितु जोड़ने वाले कानूनों की जरूरत है।

### राजगढ़ में सफाई मित्रों को कूड़ा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत नगर पंचायत राजगढ़ के सभागार में सफाई मित्रों एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए कूड़ा-कचरा प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करना तथा सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मियों को आधुनिक तकनीकों और व्यवहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान राज्य पर्यवेक्षक, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (हाईफिल) प्रकाश दत्त भाटिया ने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न जिलों में चरणबद्ध तरीके से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत कचरे के स्रोत पर पृथक्करण, गीले-सूखे कचरे के उचित प्रबंधन और स्वच्छता व्यवहार में सुधार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कंसल्टेंट शक्ति वर्धन ने प्रतिभागियों को कचरे के प्रकार, स्रोत पर कचरा अलग करने की प्रक्रिया, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्वच्छता सर्वेक्षण तथा बीसीसी से संबंधित व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही तरीके से कचरे का पृथक्करण करने से कूड़ा प्रबंधन अधिक प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल बन सकता है।

# 6 महीने की देरी के बाद 7 फरवरी को होगा नगर निगम सोलन का जनरल हाउस

## हंगामेदार होगा कार्यकाल का अंतिम हाउस, विपक्ष ने की घेरने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** छह महीने की देरी के बाद आखिरकार 7 फरवरी को नगर निगम सोलन का जनरल हाउस आयोजित होगा। इसके लिए नगर निगम में उप-समितियों की बैठक आयोजित कर हाउस की रूप रेखा तय की गई। आगामी जनरल हाउस निगम के संभवतया इस कार्यकाल का अंतिम जनरल हाऊस होगा। इसके बाद आचार संहिता लगने से पहले निगम का बजट ही पेश किया जाएगा।

कार्यकाल का अंतिम हाउस होने के चलते इसके हंगामेदार रहने की भी संभावना है और विपक्ष सत्ता पक्ष हर एक मुद्दे पर घेरने की कोशिश करेगा। हाऊस को लेकर निगम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं और इसमें एजेंडे के रूप में कई योजनाओं सहित विकास को तरजीह दी जाएगी।

नियमानुसार निगम का जनरल हाऊस हर माह आयोजित किया जाना चाहिए, लेकिन सोलन नगर निगम की विडंबना रही है कि हाउस तकरीबन छह-छह माह बाद ही आयोजित किया जाता है। पिछला जनरल हाउस 26 अगस्त, 2025 को आयोजित किया गया था और अब करीब छह माह बाद 7 फरवरी को जनरल हाउस की तिथि निर्धारित की गई है। वहीं, हाउस 6 महीने लंबित होने को लेकर भाजपा पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने नगर निगम पर मनमानी का आरोप लगाकर जनता के हितों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगा चुके हैं। उनका कहना है की नगर निगम एक निजी कंपनी की तरह कार्य कर रहा है।



नगर निगम कार्यालय।

> नगर निगम का जनरल हाउस 7 फरवरी तय किया गया। संभवत यह इस कार्यकाल का अंतिम जनरल हाउस होगा। हाउस में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं सहित पार्षदों की प्राथमिकताओं पर चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे।
> -उषा शर्मा,मेयर,नगर निगम सोलन।

विपक्ष पहले ही निगम को हर माह जनरल हाऊस आयोजित न करने को लेकर घेरता रहा है, वहीं इस कार्यकाल का अंतिम हाऊस होने के चलते माना जा रहा है कि विपक्ष कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा और पूरी ताकत से सत्ता पक्ष को घेरने के लिए रणनीति बनाएगा। उधर, सत्तापक्ष भी अंतिम हाऊस में शहर से जुड़े कई विकासात्मक मुद्दों को एजेंडे में रखेगा ताकि आचार संहिता लगने से पहले उन पर हाउस की मुहर लग सके। यहां गौर करने वाले बात यह है कि अप्रैल माह में निगम का यह कार्यकाल समाप्त होने वाला है और ऐसे में फरवरी माह में होने वाला हाऊस इस कार्यकाल का अंतिम हाऊस होगा। इसके पश्चात निगम मेयर की ओर से बजट ही प्रस्तुत किया जाएगा।

### वित्तीय बजट को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

निगम की मानें तो जनरल हाउस के बाद बजट भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसको लेकर मेयर ने अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

माना जा रहा है कि फरवरी माह के अंत में या फिर मार्च माह में मेयर बजट प्रस्तुत कर सकती हैं। हालांकि, इसकी तिथि चुनाव आचार संहिता को देखते हुए तय की जाएगी। वहीं, विपक्ष की भूमिका निभा रहे भाजपा पार्षदों का आरोप है कि निगम की मनमानी के चलते नियमानुसार हाउस का आयोजन नहीं किया गया। इसे लोगों से जुड़ी शिकायतों और विकास कार्य लंबित हो गए।

वहीं, सात फरवरी को निगम के जनरल हाउस से पहले नियमानुसार फाइनेंस सहित अन्य उप-समितियों की बैठक वीरवार को आयोजित की गई। इसमें पिछले समय का लेखा-जोखा सहित अन्य समितियों के सदस्य पर चर्चा हुई। इसमें जनरल हाउस में विचाराधीन बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

## दाड़लाघाट में रोड साइड पार्किंग से बढ़ रही जाम की समस्या

अनंत ज्ञान



सड़क पर लगा लंबा जाम।

**दाड़लाघाट।** लंबे समय से दाड़लाघाट में सड़क पर वाहनों के अव्यवस्थित खड़े होने से यातायात जाम की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। पीएनबी एटीएम से लेकर सुल्ली मैन गेट तक सड़क में वाहन खड़े रहते हैं, जिससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार दाड़लाघाट बाजार क्षेत्र में लोग सुबह ही अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करके चले जाते हैं और शाम को घर लौटते समय वाहन हटाते हैं। इसके अलावा गांव तेली से लेकर सुल्ली गेट तक सड़क में खड़े ट्रक और छोटे वाहन भी जाम का कारण बनते हैं। जाम थोड़ी थोड़ी दूरी तय करते हुए एनएच 205 अंबुजा चौक तक पहुंच जाता है। इस समस्या का असर न केवल राहगीरों और बुजुर्गों पर पड़ता है, बल्कि स्कूली बच्चों और अंबुजा उद्योग में नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी सुबह ड्यूटी के लिए जाने, दिन में लंच ब्रेक पर लौटने और शाम को घर जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क किनारे वाहनों की अनुशासित पार्किंग और पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, तो दाड़लाघाट में जाम की समस्या में काफी हद तक सुधार हो सकता है।

उधर, डीएसपी दाड़लाघाट नीवन झाल्टा का कहना है कि अंबुजा कंपनी ने डिमांड ज्यादा कर दी थी, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हुई, तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा गया और जाम खुलवा दिया गया। जनता से अपील है कि सड़क पर वाहन खड़ा करते समय नियमों का पालन करें ताकि यातायात सुचारु रहे।

## नौणी में जलवायु व सीबीआरएन जोखिमों पर कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं तथा रासायनिक, जैविक, विकिरणीय एवं परमाणु (सीबीआरएन) जोखिमों के न्यूनीकरण हेतु बहु-क्षेत्रीय कार्रवाई को प्रभावी रूप से लागू करने पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में हुआ। कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), सोलन के सहयोग से किया जा रहा है।

कार्यशाला का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से जुड़ी आपदाओं एवं उभरते सीबीआरएन जोखिमों से निपटने के लिए संस्थागत तैयारियों को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में नीति-निर्माता, प्रशासक, विषय विशेषज्ञ, स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवर, शिक्षाविद तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

**◆ आपदा तैयारी और बहु-क्षेत्रीय समन्वय पर विशेषज्ञों का मंथन**

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त एवं डीडीएमए सोलन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जैन ने कहा कि सोलन जिला बीते वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित रहा है और यहां एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र भी स्थित है, जिससे यह जिला विभिन्न प्रकार के जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनता है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के दौरान किए गए विमर्श के आधार पर एक श्वेत पत्र तैयार किया जाएगा, जो प्रभावी एवं संरचित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करने में सहायक होगा।

अनुसंधान निदेशक डॉ. देविना वैद्य ने नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों की वहन क्षमता के अध्ययन पर बल देते हुए विकास और आपदा जोखिम प्रबंधन के बीच संतुलित एवं सतत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता बताई। वहीं पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके भारद्वाज ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के विचार-विमर्श से भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए शमन और तैयारी उपायों को और मजबूती मिलेगी।

कार्यशाला में तकनीकी सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चाएं एवं हितधारकों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनसे जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यावहारिक सिफारिशें सामने आने की उम्मीद है।

## सांसद के प्रयासों से सोलन-शिमला-सिरमौर के 9 विधानसभा क्षेत्रों को मिलेगा बड़ा लाभ : अभिषेक

अनंत ज्ञान



**सोलन।** भाजपा प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने जारी बयान में कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पत्राचार के फलस्वरूप केंद्र सरकार द्वारा छैला-नेरीपुल-यशवंतनगर-कुमारहट्टी सड़क परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीआरआईएफ के अंतर्गत 203.52 करोड़ रुपए का अनुदान स्वीकृत किया गया है। इसके लिए सांसद सुरेश कश्यप का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया जाता है तथा उनके माध्यम से केंद्र सरकार का भी आभार प्रकट किया जाता है।

ठाकुर ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना से सोलन, शिमला एवं सिरमौर जिलों के अंतर्गत आने वाले लगभग नौ विधानसभा क्षेत्रों के सेब उत्पादकों, फूड उत्पादकों, बागवानों, किसानों, व्यापारियों एवं आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होने से कृषि एवं बागवानी उत्पादों को देश की प्रमुख मंडियों तक बेहतर और समयबद्ध पहुंच मिलेगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी।

इस संबंध में अभिषेक ठाकुर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही जनहित के मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उचित मंचों पर उठाती रही है और यह स्वीकृति उसी सतत प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच स्पष्ट है कि विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। केंद्र सरकार द्वारा दिया गया यह अनुदान क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा और आने वाले समय में सोलन, शिमला व सिरमौर के लोगों के लिए नई विकास संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

## दाड़लाघाट में जेंडर हिंसा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

# महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया शिक्षित

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं। अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत बैरल में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सामाजिक स्तर पर समानता और सुरक्षा का संदेश देना रहा। इस अवसर पर महिला मंडल प्रधान चंद्रा कुमारी ने कहा कि आदर्श महिला ग्राम संगठन से आठ स्वयं सहायता समूह जुड़े हुए हैं, जिनसे लगभग 80 से 100 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

उन्होंने बताया कि एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं ग्रामीणों को जेंडर आधारित हिंसा के विभिन्न स्वरूपों घरेलू हिंसा, मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न, भेदभाव, बाल विवाह और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि जेंडर आधारित हिंसा केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करती है।

पूर्व जिला परिषद सदस्य दाड़ला वार्ड एडवोकेट रामकृष्ण शर्मा ने जेंडर जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जेंडर आधारित हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसे केवल कानून से नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण या हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ी हो सकें। बागा थाना से आए कर्मचारी हिमांशु शर्मा ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला हेल्पलाइन नंबर, तथा आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं से किसी भी प्रकार की हिंसा या अन्याय को चुपचाप सहन न करने और समय पर शिकायत दर्ज कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा प्राप्त करने और स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत होने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान श्यामलाल शांडिल, पूर्व जिला परिषद सदस्य दाड़ला वार्ड एडवोकेट रामकृष्ण शर्मा, बागा थाना से कर्मचारी हिमांशु शर्मा, वन विभाग से रोशन लाल ठाकुर, पंकज कुमार, शिक्षा विभाग से देवराज, जितेंद्र कुमार, प्राइमरी स्कूल से दीप राम आदि उपस्थित रहे।

# एनएचआरसी विशेष मॉनिटर ने सोलन में मानवाधिकार संस्थानों का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर बालकृष्ण निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर (बाल अधिकार एवं वरिष्ठ नागरिक) बालकृष्ण गोयल ने सोलन जिला में मानवाधिकारों की स्थिति की समीक्षा के उद्देश्य से विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। वे बाल अधिकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मामलों की जांच के लिए सोलन के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कोठों, शांति निकेतन चिल्ड्रन होम सुबाथू, जिला कारागार सोलन तथा उचित मूल्य की दुकान का दौरा किया। आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने व्यवस्थाओं, बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका की जानकारी ली। शांति निकेतन चिल्ड्रन होम में उन्होंने बच्चों से संवाद कर संस्थान की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार संचालित हों।

उन्होंने बेसहारा बच्चों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा एक महिला वार्डन की तैनाती के निर्देश भी दिए।इसके पश्चात जिला कारागार सोलन में उन्होंने कैदियों, पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत कर भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत बालकृष्ण गोयल ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# पेंशनर्स के 7वें वेतन आयोग के लंबित भत्ते जल्द जारी करे सरकार : संघ

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ सिरमौर की नाहन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशेष कर कर्मचारियों के अनुबंध सेवाकाल को पेंशन का लाभ देने के लिए जोड़े जाने की मांग उठाई गई, ताकि लंबे समय तक अनुबंध पर कार्य करने वाले कर्मचारी इससे वंचित न रहे।

संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, परंतु कुछ कर्मचारी ऐसे हैं जो पहले अनुबंध पर थे जिसके चलते उनका स्थाई सेवा काल कम होने के कारण उन्हें पेंशन से वंचित रखा जा रहा है जो कि उन कर्मचारियों के साथ धोखा है। इसको लेकर संघ ने आपत्ति दर्ज की है।

उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इन कर्मचारियों का अनुबंध सेवाकाल को पेंशन योजना के लिए जोड़ा जाए, ताकि इन कर्मचारियों को भी पेंशन का लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कीबोर्ड और निगम के कर्मचारियों को 3 वर्ष के बाद भी ओपीएस का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर भी संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल से पुरानी पेंशन पर स्थायी अधिनियम लाने का आग्रह किया है, ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके।

इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि आठवां वेतन आयोग लागू होने जा रहा है, परंतु हिमाचल में कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के लाभ भी लंबित पड़े हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि जनवरी 2016 से लंबित कर्मचारियों के लाभ जल्द जारी किया जाए। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का वर्ष 2023 के बाद करीब 13% महंगाई भत्ता भी सरकार के पास लंबित पड़ा है।

उन्होंने सरकार से इन भत्तों को जल्द जारी करने की भी मांग की है। इसके साथ-साथ उन्होंने जेसीसी की बैठक बुलाने का भी आग्रह किया है ताकि सभी विभागों के कर्मचारी की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की जा सके।

# नशा विरोधी कवि सम्मेलन, चिट्टा मुक्त हिमाचल का दिया संदेश

अनंत ज्ञान



कवि सम्मेलन में उपस्थित कवि एवं साहित्यकार। अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोलन द्वारा वीरवार को साई संजीवनी नर्सिंग कॉलेज एवं अस्पताल में एंटी चिट्टा अभियान के तहत एक दिवसीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य नशे, विशेषकर चिट्टे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन देना था।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि चिट्टा आज युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है और समाज के सभी वर्गों को इसके खिलाफ कदम उठाना होगा। उन्होंने कहा कि कविता जैसी सृजनात्मक विधा जनमानस को जागरूक करने का प्रभावी माध्यम है। वरिष्ठ कवि एवं लेखक मदन हिमाचली ने कहा कि साहित्य हमेशा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाता रहा है और इस अभियान में कवियों की सहभागिता इसे और मजबूत बनाती है।

साई संजीवनी अस्पताल के एमडी डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। जोनल अस्पताल सोलन की क्लीनिकल साइकॉलॉजिस्ट डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि नशा करने वाले युवकों में सबसे पहले व्यवहार में बदलाव आता है और किसी भी समस्या के लिए वे नई दिशा केंद्र का सहारा ले सकते हैं। कवियों ने नशे के विनाशकारी प्रभाव, युवाओं की बर्बादी और समाज पर इसके असर को मार्मिक और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कवि संजीव अरोड़ा, यशपाल कपूर, पद्मनी नेगी, जयप्रकाश शर्मा, कुमार शानू, राधा चौहान और हेमंत अत्रि ने कविता पाठ किया। उपस्थित लोगों ने चिट्टा मुक्त हिमाचल के संकल्प को दोहराया और नशे के खिलाफ निरंतर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## एचपी फूड एंड सप्लाई एनजीओ एसो. की नई कार्यकारिणी का गठन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत कार्यरत एचपी फूड एंड सप्लाई एनजीओ एसोसिएशन (निदेशालय इकाई) की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। चुनाव प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष मंजू ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से संदीप कौंडल को एसोसिएशन का अध्यक्ष तथा मोहित शर्मा को महासचिव चुना गया। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी में अन्य पदाधिकारियों का चयन भी किया गया, जिसमें उषा को वरिष्ठ उप-प्रधान, अश्वनी पाल, राजेश ठाकुर और चुन्नी लाल को उप-प्रधान, सुनील राणा, अमन ठाकुर और दीपक शर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया। वहीं, सोम कृष्ण और हरि सिंह को संगठन सचिव, रवि प्रकाश को कोषाध्यक्ष, प्रवीण शर्मा को मुख्य सलाहकार तथा जितेंद्र कुमार को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया।

**कार्यक्रम**

## बनेठी में 'सरकार गांव के द्वार', मौके पर निपटीं 92 जनसमस्याएं

# जनता की चौखट पर समाधान सरकार की प्राथमिकता : चौहान

अनंत ज्ञान



लोगों की समस्याएं सुनते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान। अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में नाहन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बनेठी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान करना है। इसी उद्देश्य से प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने हेतु यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया है। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद प्रदेश में विकास की गति निरंतर बनी हुई है। जिला सिरमौर में पीएमजीएसवाई के चौथे चरण के तहत 11 सड़कों के लिए 90 करोड़ रुपए तथा नेरी पुल-यशवंत नगर-ओच्छघाट सड़क के लिए 200 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे क्षेत्र में आवागमन और कृषि विपणन को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जिला में 959 ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

विधायक नाहन अजय सोलंकी ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से विभागीय अधिकारी मौके पर ही समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में सड़क निर्माण, पेयजल योजनाओं, पर्यटन विकास तथा मूलभूत सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से सुदृढ़ करने की बात कही।

कार्यक्रम में 92 जनसमस्याएं व मांगें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रमाण पत्र, इंतकाल, रजिस्ट्री, एचआरटीसी कार्ड बनाए गए तथा स्वास्थ्य और आधार सेवाएं भी प्रदान की गईं।

इस अवसर पर उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, उपमंडलाधिकारी नाहन राजीव सांख्यान सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अजित पवार का अंतिम संस्कार; पत्नी ने गंगाजल चढ़ाया, उमड़ा जनसैलाब

## बेटों ने दी मुखाग्नि, अमित शाह और शरद पवार मौजूद रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बारामती** के काटेवाड़ी स्थित विद्या प्रतिष्ठान मैदान में वीरवार को महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार का अंतिम संस्कार हो गया। उनके दोनों बेटों पार्थ और जय पवार ने मुखाग्नि दी। पत्नी सुनेत्रा पवार ने पति के पार्थिव शरीर पर गंगाजल चढ़ाकर अंतिम विदाई दी।

इस मौके पर चाचा शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले, गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। अजित पवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन और एकनाथ शिंदे व शरद पवार ने पुष्पचक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी. अंतिम संस्कार में महाराष्ट्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंचे। बारामती में देर रात से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह के वक्त कई इलाकों में जाम की स्थिति बन गई। समर्थक बाइक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बस से पहुंचे। अंतिम यात्रा में एक से दो किमी तक तक लोग ही लोग नजर आ रहे थे। पवार का चार्टर्ड प्लेन बुधवार सुबह बारामती एयरपोर्ट के पास सुबह 8.45 बजे क्रैश हुआ था। वे 66 साल के थे। बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू समेत 5 लोगों की मौत हुई। पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए 4 रैलियां को संबोधित करने वाले थे। पवार के निधन पर महाराष्ट्र में 3 दिन का राजकीय शोक रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 2 उग्रवादी किए गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के घाटी जिलों में सुरक्षाबलों ने एक प्रतिबंधित संगठन के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के थांगमीबंद इलाके से प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (सिटी मेइती) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इसी संगठन के एक अन्य सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के कोंगबा से भी गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में इस संगठन के कई कार्यकर्ताओं को लोगों को डराने-धमकाने और उनसे वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबल अशांत मणिपुर के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में तलाश अभियान चला रहे हैं तथा क्षेत्र में तैनात हैं। मणिपुर में 2023 मई से मेइती और कुकी-जो समुदायों के बीच जारी जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# अल्बानिया : भ्रष्टाचार रोकने के लिए बनीं एआई मंत्री पर शक

◆ **एजेंसी के दो अफसर हाउस अरेस्ट, सरकारी ठेकों के बदले रिश्वत लेने का आरोप**

**एजेंसी, तिराना।** अल्बानिया ने साल 2025 में दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मंत्री 'डिएला' बनाया था, जिसका मकसद देश में फैली भ्रष्टाचार को कम करना था। हालांकि, अब एक बड़ा विवाद सामने आया है, डिएला को बनाने वाली नेशनल इंफॉर्मेशन एजेंसी के दो प्रमुख अधिकारी खुद भ्रष्टाचार के आरोप में फंस गए हैं। नेशनल इंफॉर्मेशन एजेंसी की डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर को हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्हें ठेकों में धमकी देकर हेरफेर करने, रिश्वत लेने और क्रिमिनल संगठन से जुड़े होने का आरोप है। यह वही एजेंसी है जो सरकार की डिजिटल व्यवस्था संभालती है। इस पूरे घटनाक्रम ने सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तक इन अधिकारियों पर औपचारिक रूप से कोई आरोप तय नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री रामा ने कहा कि वे जांच पूरी होने तक कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। अल्बानिया यूरोपीय यूनियन में शामिल होने की कोशिश कर रहा है और इसके लिए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी शर्त है। भ्रष्टाचार के आरोप के बाद सवाल उठने लगे है कि क्या डू को कुछ सबूत छिपाने या हेरफेर करने के लिए डिएला को प्रोग्राम किया जा सकता है। अल्बानिया की एआई मंत्री, डिएला एक कॉन्फ्रेंस में सरकार और एआई के भविष्य पर अपनी बात रखती हुई। पिछले साल से डिएला कई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में बोल चुकी है और दुनियाभर में एआई को सरकारी कामों में इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स में 221 और निफ्टी में 73 अंक का आया उछाल



**एजेंसी, मुंबई** शेयर बाजार में वीरवार को तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स 221 अंक की तेजी के साथ 82,566 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी में भी करीब 73 अंक की तेजी रही, ये 25,416 के स्तर पर बंद हुआ है। आज के कारोबार में ऑटो, फार्मा और आईटी शेयर्स में गिरावट रही। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.98% बढ़कर 5,221 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.032% चढ़कर 53,375 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.51% चढ़कर 27,968 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.16% चढ़कर 4,157 पर बंद हुआ। 28 जनवरी को अमेरिकी बाजार डाउ जोन्स 0.02% चढ़कर 49,015 पर बंद हुआ। नैस्डेक इंडेक्स 0.17% ऊपर और S&P 500 0.08% गिरकर बंद हुआ। इससे पहले 28 जनवरी को शेयर बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 487 अंक चढ़कर 82,344 के स्तर पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)




# भारत और बांग्लादेश ने एक-दूसरे की कैद से 151 मछुआरे किए रिहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के कारण हिरासत में लिए गए 151 मछुआरों को मानवीय दृष्टिकोण से आज रिहा किया। विदेश मंत्रालय की वीरवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बांग्लादेश ने भारत के 23 मछुआरों और भारत ने बांग्लादेश के 128 को स्वदेश भेजा है। इससे पहले जनवरी और दिसंबर 2025 में भारत ने अपने 142 मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित की थी। साथ ही मानवीय दृष्टि से 128 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा किया था। मंत्रालय का कहना है कि मछुआरों और उनके जहाजों का यह पारस्परिक आदान-प्रदान दोनों पक्षों के मछली पकड़ने वाले समुदायों की मानवीय और आजीविका संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार भारतीय मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च महत्व देती है। (अनंत ज्ञान)

# शेख हसीना समेत आठ लोगों के खिलाफ जहाजबाड़ी हत्याकांड में आरोप पत्र दाखिल

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में बहुचर्चित जहाजबाड़ी हत्याकांड में वीरवार को औपचारिक आरोप पत्र दाखिल किया गया। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित आठ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप पत्र में कहा गया है कि कानून लागू करने वालों के कथित तौर पर एक फर्जी छापे में नौ लोग मारे गए थे। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार आईसीटी के अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने कहा कि आरोप पत्र में शेख हसीना के अलावा पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एकेएम शाहिदुल हक, पूर्व ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस कमिश्नर असदुज्जमां मियां और पुलिस की स्पेशल ब्रांच के पूर्व प्रमुख मोनिरुल इस्लाम शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# चीन की पोल खोलने वाले नागरिक को अमेरिका में शरण

◆ **मुसलमानों के हिरासत कैंप की वीडियो बनाई थी, जज बोले- वापस भेजने पर जान का खतरा**

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**चीन** में उइगर मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार की पोल खोलने चीनी वाले नागरिक को अमेरिका में शरण मिल गई है। जज ने कहा कि अगर गुआन को चीन वापस भेजा गया तो उन्हें जान का खतरा हो सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, गुआन हेंग ने शिनजियांग इलाके में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन को उजागर किया था। उसने 2020 में हिरासत केंद्रों की छुपकर फिल्म बनाई थी।

गुआन 2021 में गैरकानूनी तरीके से अमेरिका पहुंचा था। अगस्त 2025 में उसे हिरासत में ले लिया गया। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि शिनजियांग में दस लाख से ज्यादा उइगर मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के जबरदस्ती बंदी बनाकर रखा गया है। चीन में उइगर मुसलमान अपने अस्तित्व के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। चीनी सरकार ने 2014 से सरकारी नौकरी करने वाले उइगर मुसलमानों के सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने और दाढ़ी रखने पर पाबंदी लगाई हुई है। गुआन ने शिनजियांग इलाके के हिरासत केंद्रों की वीडियो फुटेज ली और पब्लिश करने के लिए चीन छोड़ दिया। गुआन ने अमेरिका पहुंचने से कुछ दिन पहले वीडियो जारी किया था। उन्होंने ज्यादातर वीडियो यूट्यूब पर जारी किए, जिसके बाद चीन में पुलिस ने उनके पिता से तीन बार पूछताछ की और उनके बारे में जानकारी मांगी। गुआन 2021 में हांगकांग, इक्वाडोर, बहामास होते हुए अवैध तरीके ले नाव से फ्लोरिडा पहुंचे थे। उन्होंने कोर्ट में कहा कि वे जानते थे कि चीन में रहते हुए ये फुटेज जारी करना सुरक्षित नहीं होगा। बुधवार की सुनवाई में जज ने पूछा कि 'क्या उसने शरण पाने के लिए हिरासत केंद्रों की फिल्म बनाई और अमेरिका पहुंचने से पहले वीडियो उसे जारी किया' गुआन अमेरिका के सुधार केंद्र से वीडियों लिंक के जरिए सुनवाई में शामिल हुआ था। जज के सवाल पर उसने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। (अनंत ज्ञान)

# 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' पर समीर वानखेड़े की मानहानि याचिका हाई कोर्ट में खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अधिकारी समीर वानखेड़े की ओर से आर्यन खान ड्रग्स मामले से जुड़े वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में अपने चित्रण को लेकर नेटफ्लिक्स, शाहरुख खान और सीरीज के निर्माताओं के खिलाफ दायर मानहानि याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस पुष्पेंद्र कौरव की बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि ये कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई करने के लिए उचित फोरम नहीं है। कोर्ट ने समीर वानखेड़े को उचित फोरम पर अपनी बात रखने की अनुमति दी। समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान, उनकी पत्नी गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और अन्य पक्षों से 2 करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा था। समीर वानखेड़े ने कहा था कि वेब सीरीज में उनकी छवि गलत तरीके से पेश की गई है। इस वेब सीरीज के जरिए न केवल समीर वानखेड़े बल्कि जांच एजेंसी की छवि को खराब करने की कोशिश की गई है। याचिका में कहा था कि समीर वानखेड़े और आर्यन खान का मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए वेब सीरीज का निर्माण करना कोर्ट के काम में हस्तक्षेप करने के बराबर है। समीर वानखेड़े की छवि को हुए नुकसान की एवज में कोर्ट जो हर्जाना तय करे, उसे टाटा मेमोरियल अस्पताल को दे दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जेके सीमेंट की क्षमता 31 एमटीपीए पार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में से एक, जेके सीमेंट लिमिटेड ने बिहार के बक्सर में अपने अत्याधुनिक ग्रे-सीमेंट प्लांट के शुभारंभ की घोषणा की। यह कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस नए प्लांट के जुड़ने से जेके सीमेंट की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 31.26 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) हो गई है और कंपनी ने 30 एमटीपीए का आंकड़ा पार कर लिया है। इस विस्तार के साथ जेके सीमेंट अब भारत की शीर्ष पांच ग्रे सीमेंट उत्पादक कंपनियों में शामिल हो गई है, जिससे उसकी राष्ट्रीय मौजूदगी और दीर्घकालिक विकास रणनीति और मजबूत हुई है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, जेके सीमेंट के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने कहा, '31 एमटीपीए की क्षमता हासिल जो कि है यह जेके सीमेंट के विस्तार में एक अहम मोड़ है और यह हमारी कंपनी के आकार, मजबूती व महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है। बक्सर प्लांट का शुरू होना न केवल बिहार के विकास दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देगा, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय उपस्थिति को और विस्तार देने की दिशा में एक रणनीतिक कदम भी है। हम उच्च गुणवत्ता वाली विनिर्माण क्षमताओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो भारत के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के लिए दीर्घकालिक लाभ पैदा करें।' 3 एमटीपीए क्षमता वाला बक्सर प्लांट 100 एकड़ में फैला है और पटना-बक्सर हाईवे पर रणनीतिक रूप से स्थित है, जिससे राज्य व आसपास के क्षेत्रों में तेज व अधिक कुशल वितरण संभव होगा।

### 30 लाख से अधिक लेन-देन पर पैन अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि राज्यभर में 30 लाख रुपए से अधिक मूल्य वाली संपत्ति रजिस्ट्री में पेंडिंग पर्मानेन्ट अकाउंट नंबर (पैन) विवरण तुरंत जमा कराए जाएं। एफसीआर तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा है कि आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक हाई-वैल्यू डीड रजिस्ट्रेशन में शामिल सभी खरीदार और विक्रेताओं के पैन विवरण मांगे हैं। विभाग ने बताया कि वेब-हैलरिस पोर्टल से संकलित डेटा पहले ही उपलब्ध है, और तहसीलदारों को अपने सीआरओ लॉगिन से उन मामलों की पहचान करने के लिए कहा गया है, जिनमें पैन विवरण दर्ज नहीं है जबकि लेन-देन की राशि तय सीमा पार कर चुकी है। सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे तहसीलदारों को कहें कि वे उपलब्ध डेटा की तुरंत जांच करें और सभी पेंडिंग पैन विवरण आयकर विभाग को प्राथमिकता के साथ जमा कराएं। पत्र में विशेष रूप से बताया गया है कि बल्लबगढ़, तिगांव दयालपुर, पलवल, खरखौदा, वजीराबाद, मानेसर और फरुर्खनगर तहसीलों में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए पेंडिंग विवरण अधिक हैं। संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे निगरानी रखें और सुनिश्चित करें कि जरूरी जानकारी बिना विलंब के प्रस्तुत हो।

### हरियाणा में चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव खत्म करें तथा उनकी गरिमा सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर उनको नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी को कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के प्रति गहरा प्यार और करुणा थी। उनका मानना था कि कुष्ठ रोग न तो कोई अभिशाप है और न ही कोई पाप, बल्कि यह एक आम बीमारी है। आरती सिंह राव ने गुरुवार को बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' वर्ष 2017 से हर साल राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है। हर साल, भारत सरकार इस अभियान के लिए एक खास थीम तय करती है।

### करोड़ों की हेरोइन, हथगोले और गोला-बारूद बरामद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने 42 किलोग्राम हेरोइन, गोला-बारूद और चार हथगोले बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इस संबंध में अमृतसर के दो निवासियों को गिरफ्तार किया गया है। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी) की मदद से एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मादक पदार्थ और हथियारों की बड़ी खेप जब्त की है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में 42.983 किलो हेरोइन, चार हथगोले, एक पिस्तौल, .30 बोर के 46 कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। यादव ने बताया कि मामले की जांच के बाद अमृतसर निवासी दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश और किसी बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी है।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माउंटेनियर मोहित ने माउंट अकोंकागुआ फतह की

**अनंत ज्ञान**




**चंडीगढ़।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माउंटेनियर मोहित मलिक ने साउथ अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी और एशिया के बाहर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी, अर्जेंटीना के माउंट अकोंकागुआ (22,840 फुट) को फतह कर बैंक का झंडा तिरंगे के साथ फहराया।

उन्होंने इस सफलता के संदेश में अपने सभी स्टाफ मेंबर्स को बधाई और प्रेरणा दी। मोहित ने उत्तरकाशी से बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स और दार्जिलिंग से एडवांस्ड माउंटेनियरिंग कोर्स पूरा किया है। वह वर्तमान में स्टेट बैंक लर्निंग एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, सेक्टर 14, पंचकूला में कार्यरत हैं। मोहित का लक्ष्य सातों कॉन्टिनेंट्स की सात सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगे के साथ एसबीआई का झंडा फहराना है। इस लक्ष्य के तहत उन्होंने पहले अफ्रीकी कॉन्टिनेंट की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो और यूरोप की माउंट एल्ब्रस को फतह किया था। इसके अलावा, उन्होंने माउंट कांग्यात्से-2 (लेह), माउंट युनम (हिमाचल प्रदेश) और माउंट लोबुचे ईस्ट (नेपाल) पर भी तिरंगा फहराया है। मोहित ने बताया कि उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारियों का हमेशा समर्थन मिला है। वह नियमित रूप से एसबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेकिंग और माउंटेनियरिंग के महत्व के बारे में जागरूक करते हैं, जिससे उनकी मेंटल और फिजिकल फिटनेस बनी रहती है।

# टीटीई मनप्रीत हत्याकांड के पांच दोषियों को उम्रकैद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत के जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप सिंह की अदालत ने करीब तीन साल पहले सनौली रोड पर हुए चर्चित रेलवे टीटीई मनप्रीत मलिक हत्याकांड मामले में वीरवार को अपना अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने मुख्य आरोपी नीतीश सहित पांचों दोषी जय किरण, कार्तिक, सचिन, कपिल को हत्या और जानलेवा हमले का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस रिकॉर्ड और गवाहों के बयानों के अनुसार, यह घटना पांच अक्तूबर 2022 की रात की है। गांव उग्राखेड़ी निवासी हिम्मत सिंह ने पुलिस को बताया था कि जब वह गोयल मार्बल के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि छह सात लड़के उनके भतीजे मनप्रीत और गांव के ही एक अन्य युवक मनीष पर चाकुओं और डंडों से हमला कर रहे थे। हमलावरों ने मनप्रीत के हाथ, कमर व छाती के पीछे के हिस्से में चाकुओं से कई वार किए थे, गंभीर रूप से लहूलुहान मनप्रीत व मनीष को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

# मेयर चुनाव में भाजपा का क्लीन स्वीप

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए तीनों प्रमुख पदों पर विजय हासिल की है।

मेयर पद पर सौरभ जोशी, सीनियर डिप्टी मेयर पद पर जसमनप्रीत सिंह तथा डिप्टी मेयर पद पर सुमन शर्मा की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चंडीगढ़ की जनता ने भाजपा के विकास, पारदर्शिता व सुशासन के मॉडल पर एक बार फिर अपना अटूट भरोसा जताया है। इस ऐतिहासिक विजय के पश्चात भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, जो इस पूरे मेयर चुनाव के प्रभारी रहे, उन्होंने प्रदेश कार्यालय सेक्टर 33 कमलम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि चंडीगढ़ के उज्ज्वल भविष्य, विकास और जनहित के लिए जनता की स्पष्ट मुहर है। विनोद तावड़े ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की पिछली मेयर हरप्रीत कौर बबला ने अपने कार्यकाल के दौरान पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए उत्कृष्ट कार्य किए। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नए मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत के साथ चंडीगढ़ के विकास कार्यों को नई गति देंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि चंडीगढ़ के योजनाबद्ध, समन्वित और तेज विकास के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कमेटी में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर, भारतीय जनता पार्टी के तीन अन्य पार्षद शामिल होंगे तथा यह कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में कार्य करेगी। कमेटी का उद्देश्य चंडीगढ़ के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करना और शहर के हित में प्राप्त होने वाले सभी सकारात्मक सुझावों को धरातल पर उतारना होगा। इस ऐतिहासिक जीत के अवसर पर प्रदेश कार्यालय सेक्टर 33 कमलम में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार जश्न मनाया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी साझा की। पूरे पार्टी कार्यालय में उत्साह, जोश और विजय का माहौल देखने को मिला। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है। भाजपा की पूरी टीम एकजुट होकर चंडीगढ़ को स्वच्छ, सुरक्षित, स्मार्ट और विकासशील शहर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

**आयोजन** एशिया लैबेक्स बद्दी ने उत्तर भारत में लेबोरेटरी और फार्मा इनोवेशन के लिए नए रास्ते खोले

# फार्मा हब बद्दी को मिला टेक्नोलॉजी से जुड़ने का अवसर

**अनंत ज्ञान**




**चंडीगढ़।** एशिया लैबेक्स बद्दी 2026 द लेबोरेटरी शो, जिसका आयोजन फेंजा एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, निमंत्रण रिजॉर्ट, बद्दी में सफलतापूर्वक शुरू हुआ। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी लेबोरेटरी उपकरणों, एनालिटिकल टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, रिसर्च सॉल्यूशंस, केमिकल्स व कंज्यूमेबल्स पर केंद्रित है।

29 से 31 जनवरी तक आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रमुख निर्माताओं, टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स, वैज्ञानिकों व फार्मास्युटिकल प्रोफेशनल्स को एक साझा मंच पर लाया गया है। यह विशेष रूप से क्वालिटी कंट्रोल और रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी की जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित है। प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत के तेजी से विकसित हो रहे लेबोरेटरी व फार्मास्युटिकल इकोसिस्टम में नवाचार को बढ़ावा देना, ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना व बिजनेस ग्रोथ को सपोर्ट करना है। उद्घाटन समारोह में हिमाचल प्रदेश के स्टेट ड्रग कंट्रोलर डॉ. मनीष कपूर मुख्यातिथि रहे। समारोह में उद्योग जगत के कई प्रतिष्ठित नेता भी शामिल हुए, जिनमें केएस तोशनीवाल, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. योगेंद्र सिंह तोमर, अमित चड्ढा, डॉ. पीरथी पाल सिंह, संजय कुमार और जावेद इमाम शामिल थे, जो कार्यक्रम के लिए मजबूत उद्योग समर्थन को दर्शाता है। फेंजा एग्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जसपाल सिंह ने कहा, 'एशिया लैबेक्स बद्दी 2026 को इनोवेशन को उद्योग की वास्तविक जरूरतों से जोड़कर लेबोरेटरी व फार्मास्युटिकल इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। बद्दी भारत में एक प्रमुख फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग हब है और यह प्रदर्शनी नवीनतम लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी तक सीधी पहुंच प्रदान करती है, जिससे कंपनियां गुणवत्ता, दक्षता और नियामक अनुपालन बढ़ा सकती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'एशिया लैबेक्स एक ज्ञान-संचालित प्लेटफॉर्म है, जहां पेशेवर उन्नत समाधानों का पता लगा सकते हैं, रणनीतिक साझेदारी बना सकते हैं, और भारत में अनुसंधान और गुणवत्ता आश्वासन के भविष्य को मजबूत कर सकते हैं।

प्रदर्शनी में उन्नत लेबोरेटरी और एनालिटिकल उपकरण, क्वालिटी कंट्रोल और रिसर्च एवं डेवलपमेंट, माइक्रोबायोलॉजी और परीक्षण समाधान, रसायन, उपभोग्य वस्तुएं, लेबोरेटरी सुरक्षा उत्पाद, लाइव उत्पाद प्रदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर शामिल हैं। एशिया लैबेक्स बद्दी 2026 में जबरदस्त भागीदारी देखने को मिल रही है और उम्मीद है कि यह उत्तरी भारत में फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, टेस्टिंग लैब्स, रिसर्च संस्थानों व संबंधित औद्योगिक क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विजिटर्स को आकर्षित करेगा, जिससे लैबोरेटरी व फार्मा इनोवेशन के लिए यह प्रमुख प्लेटफॉर्म और मजबूत बनेगा।

# पुलिस जांच अधिकारियों को मिलेंगे टैब, ड्रोन मैपिंग से लेकर नेटग्रिड तक की होगी सुविधा

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस अब अनुसंधान प्रणाली को पारंपरिक दायरे से बाहर निकालकर पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने की तैयारी में है।

जांच अधिकारियों (आईओ) को जल्द ही टैब उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे फील्ड से ही केस डायरी, साक्ष्य, रिसर्च और डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट कर सकेंगे। यह ऐलान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) नवदीप सिंह विर्क ने वीरवार को पंचकूला में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के दौरान किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में 619 पुलिस कर्मियों, 243 अनुसंधान अधिकारियों, 6 पुलिस अधीक्षकों और 22 थाना प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। एडीजीपी नवदीप विर्क ने कहा कि साइबर युग में अनुसंधान कार्यों में तकनीक का प्रयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। कम से कम समय में कानून सम्मत जांच और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना इस प्रशिक्षण शिविर का मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी थानों में पहले ही कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है और अब सभी आईओ को टैब देने का प्रस्ताव प्रक्रिया में है। टैब के माध्यम से जांच अधिकारी मौके पर ही साक्ष्य अपलोड कर सकेंगे, डिजिटल मैपिंग, फोटो-वीडियो रिकॉर्डिंग और दस्तावेजीकरण संभव होगा। इससे न केवल जांच की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि अदालतों में मजबूत और तकनीकी रूप से सशक्त केस पेश किए जा सकेंगे। एडीजीपी विर्क ने कहा कि हरियाणा ढाई करोड़ से अधिक आबादी वाला राज्य है, जो कृषि के साथ-साथ बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर चुका है। बीपीआरएंडडी से आए विशेषज्ञ गुरशरण ने कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों और अवैध गतिविधियों की निगरानी के लिए ड्रोन मैपिंग, गूगल मैपिंग और डिजिटल साक्ष्यों का उपयोग अनिवार्य होगा। उप-निदेशक अभियोजन दीपक बूरा ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने में प्रवर्तन ब्यूरो की भूमिका बेहद अहम है और होलमार्किंग सिस्टम इसके लिए प्रभावी हथियार साबित हो सकता है। वहीं उप जिला न्यायवादी विक्रम सिंह ने खनिज संसाधनों के अवैध दोहन को भविष्य की बड़ी आपदाओं का कारण बताते हुए सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बेनवन सेंथिलकुमार व वीर चोटरानी फायर ओपन के अगले दौर में पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन बेलवन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने वाशिंगटन में चल रही स्क्वाश



ऑन फायर ओपन की पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। विश्व में 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने इंग्लैंड के टॉम वॉल्श को 12-14, 11-8, 11-8, 11-6 से हराया। अगले दौर में उनका मुकाबला मैक्सिको के विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी लियोनेल कार्डेनास से होगा। विश्व में 49वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने हंगरी के बालाज फार्कस को 6-11, 9-11, 11-5, 11-9, 11-3 से हराया और अब उनका मुकाबला फ्रांस के चौथे वरीयता प्राप्त बैपटिस्ट मासोटी से होगा। (अनंत ज्ञान)

### गुकेश ने एर्दोगमस को हराया, अर्जुन एरिगैसी जर्मनी के विन्सेंट से हारे

**एजेंसी, विज्क आन जी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी महत्वपूर्ण क्षणों में जर्मनी के विन्सेंट कीमर के कौशल का मुकाबला नहीं कर सके और उन्हें टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एक और हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हालांकि युवा खिलाड़ी यागिज कान एर्दोगमस के खिलाफ जीत हासिल करके प्रतियोगिता में वापसी की। काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने बाजी जीती। उनके अब 10 में से पांच अंक हो गए हैं। एरिगैसी कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में थे, लेकिन इस टूर्नामेंट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और वह अंक तालिका में निचले पायदान पर हैं। उनके 10 मैचों में सिर्फ चार अंक हैं। टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने हैंस मोके नीमन के साथ अपनी बाजी ड्रॉ खेली। पिछले दौर में गुकेश को हराने वाले जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम ने अनीश गिरी को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। (अनंत ज्ञान)

### भारत में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप खेलने आएंगे बांग्लादेश के खिलाड़ी

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने अगले महीने होने वाली एशियन राइफल और पिस्टल चैंपियनशिप के लिए अपने निशानेबाजों को भारत जाने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब कुछ समय पहले बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपनी क्रिकेट टीम को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत भेजने से इनकार कर दिया था। इसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलने बांग्लादेश को बाहर कर दिया था। एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2 से 14 फरवरी के बीच नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेली जाएगी, जिसमें 17 देशों के 300 से अधिक निशानेबाज हिस्सा लेंगे। बांग्लादेश सरकार का कहना है कि प्रतियोगिता इंडोर होने के कारण इसमें कोई सुरक्षा जोखिम नहीं है। बांग्लादेश के यूथ एंड स्पोर्ट्स सेक्रेटरी महबूब उल आलम ने कहा है कि शूटिंग मुकाबला इनडोर और सीमित दर्शकों के बीच होगा और आयोजकों ने सुरक्षा की पूरी गारंटी दी है, इसलिए इसमें कोई जोखिम नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉल की हॉट क्वीन 'अलीशा'

फुटबॉल की दुनिया की सबसे हॉट स्टार अलीशा लेहमन, अब फिर से इंग्लैंड में जर्सी पहनने आ गई हैं। 27 साल की स्विट्जरलैंड की यह स्टार, जिन्हें अक्सर दुनिया की सबसे सेक्सी फुटबॉलर कहा जाता है, ने लेस्टर सिटी विमेन के साथ दो साल छह महीने का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है।




# प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने को मुंबई और गुजरात में भिड़ंत आज

## मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले सभी आठ मुकाबले हार चुकी है गुजरात जायंट्स

**एजेंसी, वडोदरा**



मौजूदा चैंपियन और दो बार की विजेता मुंबई इंडियंस की टीम महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में शुक्रवार को जब गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी, तो दोनों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा, जिससे वह प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेंगी। गुजरात जायंट्स इस मैच में जीत दर्ज करके लगातार दूसरी बार महिला प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह पक्की करना चाहेगा।

गुजरात जायंट्स फिलहाल आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट -0.271 है। वह मुंबई इंडियंस (छह अंक, नेट रन रेट +0.146) और दिल्ली कैपिटल्स (छह अंक, नेट रन रेट -0.164) से दो अंक आगे है। गुजरात जायंट्स का भाग्य अब उसके अपने हाथों में है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस पर जीत उसे डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ में जगह दिला देगी, जबकि रिकॉर्ड अंतर से जीत उसे सीधे फाइनल में पहुंचा सकती है। हालांकि मामूली अंतर से मिली हार भी जायंट्स के अभियान को समाप्त कर सकती है। अगर गुजरात जायंट्स शुक्रवार को मुंबई इंडियंस से हार भी जाती है, तब भी उसके प्लेऑफ में पहुंचने की थोड़ी संभावना बनी रहेगी।

गुजरात जायंट्स की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पिछले सभी आठ मुकाबलों में हार चुकी है, जिससे कप्तान एशले गार्डनर का काम और भी मुश्किल हो गया है। उसकी टीम हार के इस सिलसिले को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध होगी लेकिन मुंबई इंडियंस भी अपना रिकॉर्ड और बेहतर करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। गुजरात जायंट्स की टीम फिलहाल लय में है। दिग्गज सोफी डिवाइन के शानदार प्रदर्शन से उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को तीन रन से हराया था। मुंबई इंडियंस ने भी पिछले मैच में आरसीबी को 15 रन से पराजित किया था जिससे निश्चित तौर पर उसका मनोबल बढ़ा हुआ होगा। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**गुजरात जायंट्सः** एशले गार्डनर (कप्तान), डैनी व्याट-हॉज, बेथ मूनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, शिवानी सिंह (विकेटकीपर), कनिका आहूजा, सोफी डिवाइन, किम गार्थ, अनुष्का शर्मा, आयुषी सोनी, काशवी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड़, जिन्तिमणि कलिता, तनुजा कंवर, रेणुका सिंह ठाकुर, जॉर्जिया वेयरहम।

**मुंबई इंडियंसः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), पूनम खेमनार, हेली मैथ्यूज, राहिला फिरदौस (विकेटकीपर), मिल्ली इलिंगवर्थ, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, नैट साइवर-ब्रंट, सजीवन सजना, निकोला कैरी, संस्कृति गुप्ता, सैका इशाक, शबनीम इस्माइल, क्रांति रेड्डी, वैष्णवी शर्मा, त्रिवेणी वशिष्ठ।

**मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

## सम्मान न मिलने पर लिया था संन्यास: युवराज सिंह

### मानसिक-शारीरिक रूप से थक चुका था

**एनेंसी, नई दिल्ली**

क्रिकेटर युवराज सिंह ने जून 2019 में क्रिकेट से संन्यास लेने के पीछे की असली वजह बताई है। युवराज ने सानिया मिर्जा के साथ एक पॉडकास्ट में कहा कि उन्हें उस समय न खेल में खुशी मिल रही थी, न ही टीम मैनेजमेंट और माहौल से वह सम्मान, जिसके वे हकदार थे। 44 साल के युवराज ने कहा, 'मैं अपने खेल का आनंद नहीं ले पा रहा था। जब मजा ही नहीं आ रहा था, तो खुद से सवाल करने लगा कि आखिर क्रिकेट क्यों खेल रहा हूं। सपोर्ट और सम्मान की कमी भी महसूस हो रही थी।' युवराज ने आखिरी इंटरनेशनल मैच 30 जून 2017 को एंटीगुआ में खेला था। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ इस वनडे मैच में 39 रन बनाए थे। युवराज को 2019 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। उन्हें टीम में नंबर-4 स्लॉट के लिए चुने जाने की चर्चा थी। लेकिन, उन्हें खुद इसकी उम्मीद नहीं थी। चयन न होने के बाद युवराज ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इंटरनेशनल क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास का ऐलान कर दिया था। आईपीएल में उनका आखिरी सीजन 2019 रहा। (अनंत ज्ञान)



◆ खुद से सवाल करने लगा था, क्रिकेट क्यों खेल रहा हूं

**युवराज** सिंह ने साफ किया कि संन्यास लेने के बाद उन्हें मानसिक शांति मिली। उन्होंने माना कि क्रिकेट ने उन्हें बहुत कुछ दिया, लेकिन सही समय पर रुकना भी जरूरी होता है। युवराज ने कहा, 'मैं मानसिक और शारीरिक रूप से थक चुका था। यह सोचकर परेशान था कि मैं क्या साबित करने के लिए खेल रहा हूं। जिस दिन मैंने क्रिकेट छोड़ा, उसी दिन मुझे लगा कि मैंने फिर से खुद को पा लिया है।'

## ऑलराउंडर सोफी मोलिनी ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान

**एजेंसी, सिडनी**

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर सोफी मोलिनी को वीरवार को अगले महीने वनडे विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ होने वाली टी20 शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम का कप्तान नियुक्त किया गया और इस घरेलू शृंखला के बाद वह एलिसा हीली की जगह सभी प्रारूपों में कप्तानी संभालेंगी।



हीली ने घोषणा की थी कि भारत के खिलाफ खेलने के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। भारत के खिलाफ वह तीन वनडे और एक टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगी। भारत के खिलाफ होने वाली शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की सभी प्रारूपों के लिए टीमों की घोषणा वीरवार को की गई। भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 15 फरवरी को सिडनी में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला से शुरू होगा। बाकी दो मैच 19 और 21 फरवरी को क्रमशः कैनबरा और एडिलेड में खेले जाएंगे। तीन मैचों की वनडे सीरीज 24, 27 फरवरी और एक मार्च को खेली जाएगी।

पहला मैच ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में जबकि अगले दो मैच होबार्ट के बेलेरिव ओवल में खेले जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच पर्थ के प्रतिष्ठित वाका ग्राउंड में छह से नौ मार्च तक खेला जाएगा। इसके बाद मार्च में वेस्टइंडीज के दौरे में मोलिनी सभी प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान होगी। (अनंत ज्ञान)

## अबू धाबी ग्रां प्री ने जीता प्रमोटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

### लंदन में आयोजित वार्षिक फॉर्मूला 1 प्रमोटर अवॉर्ड्स-2025 में मिला सम्मान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लंदन में आयोजित वार्षिक फॉर्मूला 1 प्रमोटर अवॉर्ड्स 2025 में अबू धाबी ग्रां प्री को प्रमोटर ऑफ द ईयर चुना गया। यास मरीना सर्किट पर हुए शानदार सीजन फिनाले और बेहतरीन आयोजन के चलते यह प्रतिष्ठित सम्मान अबू धाबी ग्रां प्री के नाम रहा। एथारा के सीईओ सैफ राशिद अल-नोइमी ने यह ट्रॉफी ग्रहण की।

यह अवॉर्ड उस प्रमोटर को दिया जाता है, जिसने पूरे सीजन में ग्रां प्री के स्तर को लगातार ऊंचा उठाया हो और उसे एक वैश्विक खेल गंतव्य के रूप में स्थापित किया हो। इस साल अबू धाबी ग्रां प्री के दौरान नई हॉस्पिटैलिटी सुविधाएं, इनोवेटिव ऑन-साइट एक्टिवेशन,



सस्टेनेबिलिटी पहल और अंतरराष्ट्रीय संगीत कलाकारों की प्रस्तुतियां देखने को मिलीं।

इस आयोजन में कैटी पेरी, पोस्ट मेलोन और बेंसन बून जैसे वैश्विक सितारों ने परफॉर्म किया। वहीं, यास मरीना सर्किट ने एक ऐतिहासिक तीन-तरफा टाइटल डिसाइडर की मेजबानी की और पूरे वीकेंड में रिकॉर्ड 3.39 लाख दर्शकों की मौजूदगी दर्ज की गई। अवॉर्ड समारोह में फॉर्मूला 1 कैलेंडर की सभी 24 ग्रां प्री के प्रतिनिधि शामिल हुए। कुल पांच श्रेणियों में अवॉर्ड दिए गए, जो सस्टेनेबिलिटी, फैन एक्सपीरियंस, इवेंट स्पेक्टेकल और सांस्कृतिक पहचान जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देते हैं। (अनंत ज्ञान)

### ये हैं सभी विजेता

**प्रमोटर ऑफ द ईयरः** अबू धाबी ग्रां प्री।
**इवेंट स्पेक्टेकलः** सऊदी अरब ग्रां प्री।
**फैन एक्सपीरियंस (हाइनेकेन द्वारा प्रस्तुत):** हंगेरियन ग्रां प्री।
**ईएसजी चेंजमेकर (ऑलविन द्वारा प्रस्तुत):** जापानी ग्रां प्री।

## नियमित रूप से खेलने का मौका मिलने से बना बेहतर क्रिकेटर: दुबे

**एजेंसी, विशाखापत्तनम।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने विशाखापत्तनम की सुहावनी रात में न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंदों में 65 रन की तूफानी पारी खेलकर तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक सहज होकर खेलने का शानदार नमूना पेश किया और इसका श्रेय



अपनी बेहतर 'मानसिकता' को दिया जिसने उन्हें 'अधिक समझदार' क्रिकेटर बनाया। दुबे ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह सब मेरी कड़ी मेहनत का नतीजा है। लगातार मैच खेलने और ऐसी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने से मेरी मानसिकता बेहतर हो रही है। इसलिए मैं यहां समझने लग गया हूं कि आगे क्या होगा और गेंदबाज क्या सोच कर मेरे लिए गेंदबाजी करेगा।' दुबे ने इस शृंखला में नियमित तौर पर गेंदबाजी भी की है, लेकिन इस मैच में उन्हें गेंद नहीं सौंपी गई, क्योंकि भारत पांच प्रमुख गेंदबाजों के साथ उतरा था और यहां तक की ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी गेंदबाजी का मौका नहीं मिला।

दुबे ने कहा, 'यही मेरे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए अहम बात है। मैं गौती भाई (गौतम गंभीर) और सूर्या भाई (सूर्यकुमार यादव) की बदौलत गेंदबाजी कर पा रहा हूं। उन्होंने मुझे गेंदबाजी का मौका दिया है। इसलिए, जब आप गेंदबाजी करते हैं, तो आप थोड़े स्मार्ट (समझदार) हो जाते हैं। मैं इस पर भी काम कर रहा हूं और कुछ और कौशल विकसित करने की कोशिश कर रहा हूं।' दुबे ने स्वीकार किया कि नियमित रूप से खेलने का मौका मिलने से पिछले कुछ महीनों में वह एक क्रिकेटर के रूप में काफी समझदार हो गए हैं। दुबे का मानना है कि तेज गेंदबाजों के खिलाफ अधिक सहज होकर खेलने से उन्हें विपक्षी टीम पर अधिक दबाव डालने में मदद करती है।

## एमबापे के दो गोलों के बावजूद बेनफिका से हारा रियल मैड्रिड

**एजेंसी, लंदन**

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे के दो गोलों के बावजूद रियल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बेनफिका से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले रियल मैड्रिड 36 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर था, लेकिन अब वह नौवें स्थान पर खिसक गया जो अंतिम 16 में सीधे प्रवेश पाने से एक स्थान नीचे है।




◆ चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में 4-2 से मिली शिकस्त

बेनफिका की तरफ से यूक्रेन के गोलकीपर अनातोली ट्रूबिन ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में गोल किया। इससे बेनफिका गोल अंतर के आधार पर 24वें स्थान पर पहुंच गया और उसने प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर ली। अनातोली ने जब गोल किया तब रियल मैड्रिड नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे कुछ मिनट पहले ही राउल असेंसियो और रोड्रिगो को लाल कार्ड दिखाए गए थे। स्पोर्टिंग लिस्बन ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की, जिससे रियल मैड्रिड शीर्ष आठ से बाहर हो गया।

स्पोर्टिंग ने अप्रत्याशित रूप से लिवरपूल, टॉटेनहम, बार्सिलोना, चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के साथ शीर्ष आठ में जगह पक्की कर ली। वहीं, दूसरी ओर तालिका में शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने कैरात अल्माटी को 3-2 से हराकर लगातार आठवीं जीत दर्ज कीं। वह और दूसरे स्थान पर काबिज बायर्न म्यूनिख पहले ही मार्च में शुरू होने वाले राउंड ऑफ 16 में पहुंच गए थे। (अनंत ज्ञान)

## रक्षात्मक गेंदबाजी करना और विकेट लेना मेरी भूमिका: सैंटनर

**एजेंसी, विशाखापत्तनम।** न्यूजीलैंड के कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सैंटनर ने कहा कि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनकी भूमिका रक्षात्मक गेंदबाजी करना, दबाव बनाना और विकेट लेना है तथा भारत के खिलाफ यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इस रणनीति का शानदार परिणाम देखना संतोषजनक रहा। सैंटनर ने इस मैच में 26 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने संजू सैमसन को बोल्ड करके उनकी परेशानियां बढ़ा दी और फिर हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह के विकेट भी लिए। न्यूजीलैंड ने यह मैच 50 रन से जीता।



सैंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरा काम थोड़ा रक्षात्मक होकर गेंदबाजी करना और इस तरह से विकेट लेना है। कई बार समझदारी से काम लेना पड़ता है। छह सिंगल रन देना अच्छा विकल्प है। हमने काफी पावर हिटिंग और बड़े स्कोर देखे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में स्पिनर की भूमिका दबाव बनाना और विकेट लेना है।' उन्होंने कहा, 'अगर आप बड़े स्कोर का बचाव कर रहे हैं तो रन रेट को बढ़ने दें। अगर स्कोर कम है तो इन बल्लेबाजों को रोकने का एकमात्र तरीका विकेट लेना है। इसलिए मुझे लगता है कि यह सब परिस्थितियों के अनुसार ढलने और स्थिति को समझने से जुड़ा है।' सैंटनर ने अपने तर्क को और स्पष्ट करते हुए पंड्या को आउट करने का उदाहरण दिया, जिन्हें उन्होंने फ्लाइट लेती गेंद पर चकमा देकर कैच आउट कराया। उन्होंने कहा कि मैंने मुंबई इंडियंस के नेट सत्र में हार्दिक को काफी गेंदबाजी की है और वह मुझे जानता है, मैं उसे जानता हूं। इसलिए मुझे लगता है कि उस स्थिति में रक्षात्मक रहना ही एकमात्र तरीका था जिससे हम वह मैच जीत सकते थे। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया ओपन टेनिस के फाइनल में पहुंचीं बेलारूस की आर्यना सबालेंका

### यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से दी करारी मात

**एजेंसी, मेलबर्न**

टॉप सीड आर्यना सबालेंका ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन की विमेंस सिंगल कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। यह मैच एक घंटा 16 मिनट चला। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न की रॉड लेवर एरिना में खेले गए इस मुकाबले में बेलारूस और यूक्रेन के प्लेयर में राइवलरी भी देखने को मिली। मैच समाप्त होने के बाद दोनों खिलाड़ियों ने आपस में हाथ नहीं मिलाया। न ही पारंपरिक प्री-मैच फोटो सेशन में हिस्सा लिया।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से यूक्रेनी खिलाड़ी रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों से दूरी बनाए हुए हैं। स्वितोलिना पहले भी कई मुकाबलों में ऐसा रुख अपना चुकी हैं। हालांकि, कोर्ट पर मुकाबला खेल



भावना के साथ खेला गया, लेकिन मैच से पहले का यह दृश्य एक बार फिर खेल और राजनीति के टकराव को उजागर करता है। सेमीफाइनल मैच के पहले सेट में बेलारूस की सबालेंका ने 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में स्वितोलिना ने शुरुआती दो गेम जीत लिए थे। फिर सबालेंका ने 9वां गेम जीतकर इस मैच को 6-2, 6-3 से अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### पहले सेमीफाइनल की विनर से होगा मुकाबला

**अब** आर्यना सबालेंका का फाइनल में सामना जेशिगा पेगुला और एलिना रायबकिना के सेमीफाइनल की विनर से होगा। यह मैच रॉड लेवर एरिना में खेला जा रहा है। फाइनल मैच 31 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस** | सेमीफाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दिखाई प्रतिबद्धता

## इतिहास रचना चाहते हैं सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच

**एजेंसी, मेलबर्न**

पुरुष टेनिस के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह खुद का इतिहास रचने पर ध्यान दे रहे हैं। अब तक रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले जोकोविच जब सिनर के खिलाफ मुकाबले के संदर्भ में सवालों का जवाब दे रहे थे तब एक सवाल पर उन्हें अपमान महसूस हुआ।

सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज़ ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है। जोकोविच ने सवालिया अंदाज में कहा, 'मैं यानिक और कार्लोस का पीछा कर रहा हूं। किस अर्थ में। मैं हमेशा पीछा करने वाला खिलाड़ी ही रहा हूं। मेरा कभी पीछा नहीं किया जाता।'

उन्होंने कहा, 'मुझे यह थोड़ा अपमानजनक लगता है कि आप उस दौर के बीच की घटनाओं को नजरअंदाज कर रहे हैं जब मैंने आपके अनुसार राफा और रोजर का पीछा करना शुरू किया था और अब मैं कार्लोस और यानिक का पीछा कर रहा हूं। शायद बीच में लगभग 15 साल का ऐसा समय था जब मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए हुए था।' जोकोविच ने कहा, 'इसे सही परिप्रेक्ष्य में देखना महत्वपूर्ण है। सच कहूं तो मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं किसी का पीछा कर रहा हूं। मैं अपना खुद का इतिहास रच रहा हूं।' जोकोविच से उस दौर से तुलना करने के लिए कहा गया जब उन्होंने टेनिस जगत में कदम रखा था तथा उस समय रोजर फेडरर और राफेल नडाल शीर्ष पर थे और अब जबकि सिनर और कार्लोस अल्काराज ने पिछले दो सत्र से उन्हें कोई भी ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से रोक रखा है। जोकोविच ने सवालिया अंदाज में कहा, 'मैं यानिक और कार्लोस का पीछा कर रहा हूं। किस अर्थ में। मैं हमेशा पीछा करने वाला खिलाड़ी ही रहा हूं। मेरा कभी पीछा नहीं किया जाता।' ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष वर्ग में शीर्ष चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। पहला सेमीफाइनल दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर और जोकोविच के बीच खेला जाएगा जबकि नंबर एक कार्लोस अल्काराज़ और नंबर तीन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। इन दोनों मैच के विजेता रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगे। (अनंत ज्ञान)



◆ अब तक जीत चुके हैं रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम

### 25वें ग्रैंडस्लैम से सिर्फ दो जीत दूर हैं जोकोविच

**इसमें** कोई शक नहीं कि 38 वर्षीय जोकोविच मेलबर्न में एक ही लक्ष्य के साथ आए हैं। वह है अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतना। इससे वह सर्वकालिक सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। पिछले साल वह चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे थे।